सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

मंगलवार, 25 अगस्त, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 22, अंक 48, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## सेंसेक्स में 172 अंकों की गिरावट

वैश्विक स्तर पर तनाव बढ़ने और कच्चे तेल की ऊंची कीमत से घरेलू शेयर बाजार में गिरावट आई और सेंसेक्स 172 अंक टूटा। } 10

## सीमा मुद्दे पर वार्ता के लिए बीजिंग पहुंचे डोभाल

एनएसए अजित डोभाल दो दिवसीय दौरे पर बीजिंग पहुंचे, जहां वह अपने चीनी समकक्ष और विदेश मंत्री वांग यी के साथ भारत-चीन सीमा मुद्दे पर विशेष प्रतिनिधियों की वार्ता में हिस्सा लेंगे। } 12



## सावन के आखिरी सोमवार पर उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब



वाराणसी/मथुरा/बाराबंकी। सावन के आखिरी सोमवार को उत्तर प्रदेश के प्रमुख शिव मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर, मथुरा-वृंदावन के प्रमुख शिवालयों और बाराबंकी के लोधेश्वर महादेव मंदिर में भक्तों ने जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की। वाराणसी में मंगला आरती के बाद काशी विश्वनाथ मंदिर के कपाट खुलते ही कांवड़ियों और अन्य श्रद्धालुओं ने बाबा विश्वनाथ का जलाभिषेक शुरू कर दिया। मंदिर प्रशासन के अनुसार, सुबह सात बजे तक करीब ...शेष पृष्ठ 10 पर

## यूपी-जापान के बीच संवाद से बना सकारात्मक माहौल : योगी

**विशेष संवाददाता**

लखनऊ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जापानी कंपनियों के निवेश और पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सोमवार को इन्वेस्ट यूपी व अन्य विभागों के अधिकारियों की बैठक ली। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहली बार 240 लोगों के प्रतिनिधिमंडल का प्रदेश में आगमन हुआ। इस यात्रा में जापान व उत्तर प्रदेश के बीच सकारात्मक माहौल का सृजन हुआ। जापान से आए अतिथियों ने उत्तर प्रदेश में आए सकारात्मक बदलावों की सराहना की। ऐसे में जापान व उत्तर प्रदेश के बीच निरंतर संवाद कर निवेश के माध्यम से युवाओं को रोजगार से जोड़ा जाए।

बैठक में मुख्यमंत्री को जापान के प्रतिनिधिमंडल की ओर से किए गए सभी एमओयू के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। बताया गया कि इस दौरे का मुख्य फोकस निवेश, मैन्युफैक्चरिंग, ग्रीन एनर्जी, तकनीक, कौशल विकास, शिक्षा और पर्यटन में सहयोग बढ़ाने पर रहा। मुख्यमंत्री ने यीडा के अंतर्गत जापानी सिटी के लिए भूमि





अधिग्रहण के संबंध में जानकारी ली। अधिकारियों ने अवगत कराया कि 500 एकड़ में से 350 एकड़ से अधिक भूमि का अधिग्रहण पूरा किया जा चुका है। मुख्यमंत्री ने इस कार्य को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जापान में सितंबर, अक्टूबर व दिसंबर में होने वाले विभिन्न वैश्विक आयोजन में उत्तर प्रदेश के प्रतिनिधिमंडल को भी भेजा जाए। इसमें मंत्रियों, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, उद्योगपतियों के साथ ही संबंधित क्षेत्र के विशेषज्ञों को भी शामिल किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जापानी भाषा के प्रशिक्षण तथा स्किल डेवलपमेंट के कार्यक्रमों को तेजी से आगे बढ़ाया जाए। यामानाशी प्रांत सहित जापान के विभिन्न क्षेत्रों में प्रदेश के युवाओं के लिए रोजगार की संभावनाओं को सुदृढ़ किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन्वेस्ट यूपी में अलग से यामानाशी जापान डेस्क बनाई जाए। इसके जरिए निरंतर संवाद होता रहे। उन्होंने हर तीसरे महीने इसकी प्रोग्रेस रिपोर्ट भी लेने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जापानी पर्यटकों को उत्तर प्रदेश के बौद्ध स्थलों पर जाने के लिए अच्छी सुविधाएं दी जाएं। एक ऐसा रूट विकसित किया जाए, जिससे वे एक साथ सारनाथ, कुशीनगर, श्रावस्ती, कपिलवस्तु समेत अधिक से अधिक बौद्ध स्थलों का दर्शन कर सकें। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि आगामी ट्रेड शो में जापानी विशेषज्ञों के साथ विशेष सत्र आयोजित किए जाएं, जिससे युवाओं को उनके अनुभवों का लाभ प्राप्त हो सके। मुख्यमंत्री ने कहाकि यूनेस्को ने सारनाथ की भांति जापान के नारा को विश्व धरोहर सूची में शामिल किया है। दोनों को परस्पर सांस्कृतिक रूप से जोड़ने के लिए कदम उठाए जाएं। मुख्यमंत्री ने द्विपक्षीय पर्यटन को प्रोत्साहित करने के लिए उत्तर प्रदेश एवं यामानाशी प्रांत के टूर ऑपरेटरों के मध्य ...शेष पृष्ठ 10 पर

### संक्षेप

## रक्षा मंत्रालय की अधिकारी की मौत, जांच की मांग

नयी दिल्ली। रक्षा मंत्रालय में सहायक अनुभाग अधिकारी (एएसओ) की मौत को लेकर उनके परिवार ने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से जांच कराने की मांग की है। बिहार के ट्रक चालक अब्दुल तवाब खान के लिए साधारण पारिवारिक पृष्ठभूमि से निकलकर उनकी बेटी का रक्षा मंत्रालय में सहायक अनुभाग अधिकारी (एएसओ) बनना गर्व की बात थी। दिल्ली के द्वारका में उनकी तीन महीने की गर्भवती बेटी की मौत ने उन्हें इस मामले की गहन जांच की मांग करने पर मजबूर कर दिया है। तीस वर्षीय नाजिया खानम ने एसएससी सीजीएल परीक्षा उत्तीर्ण की थी और इसके बाद वह रक्षा मंत्रालय में एएसओ के पद पर तैनात हुई थीं। उन्होंने इस साल अप्रैल में मोहम्मद आजम अली खान से शादी की थी। नाजिया ने इससे पहले दो साल तक पश्चिम बंगाल में आयकर विभाग में काम किया था। उनके परिवार का आरोप है कि द्वारका स्थित अपने ससुराल में उन्हें अक्सर झगड़ों और उत्पीड़न का सामना करना पड़ रहा था।

## पति की हत्या के जुर्म में महिला व प्रेमी को उम्रकैद

बहराइच (उप्र)। बहराइच जिले की एक अदालत ने अपने पति की हत्या की आरोपी एक महिला और उसके प्रेमी को सोमवार को दोषी करार देते हुए सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनायी। जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) गिरीशचन्द्र शुक्ला ने बताया कि 29 अप्रैल 2021 को दरगाह शरीफ थानाक्षेत्र के सासापारा गांव में असलम का शव अपने घर में पाया गया था। उन्होंने बताया कि इस मामले में दर्ज मुकदमे में असलम की पत्नी आशिया उर्फ जरीना और गांव के ही सोनू उर्फ मुनव्वर को आरोपी बनाया गया था। अभियोजन पक्ष के अनुसार आशिया के सोनू के साथ प्रेम संबंध थे और पति असलम इसका विरोध करता था।

# वर्तमान पीढ़ी का भविष्य खराब कर रहे राहुल : योगी

❍ सीएम योगी ने रायबरेली को दी 879 करोड़ की सौगात ❍ मुख्यमंत्री ने राना बेनी माधव बख्श सिंह स्मृति सभागार का किया लोकार्पण

**हरीशानंद मिश्र**

रायबरेली। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के मनु स्मृति वाले बयान की तीखी आलोचना करते हुए उनसे सवाल किया कि वह क्यों अर्बन नक्सलियों के हाथों भारत की वर्तमान पीढ़ी के भविष्य को खराब करना चाहते हैं?

इससे पूर्व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 1857 के अमर नायक राणा बेनी माधव भगत सिंह सभागार के लोकार्पण के साथ विभिन्न परियोजनाओं के माध्यम से 19 करोड़ का अंतरण, 879 करोड़ रुपए की 346 परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। 60 सपेरा समुदाय एवं अन्य आवासीय विहीन परिवारों को आवास का आवंटन समेत अनेक योजनाओं को हरी झंडी दी। रायबरेली के सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के गढ़ में मनुस्मृति को लेकर उनके पुणे में दिये गये कथित बयान का जिक्र करते हुए योगी





आदित्यनाथ ने यह भी कहा कि भारत को राहुल गांधी से व्यक्तिगत तौर पर कोई उम्मीद नहीं है लेकिन लोकसभा में उनके पास जो नेता प्रतिपक्ष का पद है उससे जरूर उम्मीद है। अपने सवालों को विस्तार देते हुए आदित्यनाथ ने कहा कि राहुल भारत की विरासत को क्यों बर्बाद करना चाहते हैं, क्यों भारत के भविष्य के साथ खिलवाड़ करना चाहते हैं? राहुल गांधी से एक जिम्मेदार नेता प्रतिपक्ष के रूप में सकारात्मक भूमिका की अपेक्षा यह देश रखता था, लेकिन उन्होंने उन भूमिकाओं को बर्बाद कर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने उन जिम्मेदारियों से अपने आपको पूरी तरह अलग कर दिया। अमेठी और रायबरेली इस परिवार को ढोता तो रहा, लेकिन इस क्षेत्र के सामने इस परिवार ने हमेशा पहचान का संकट खड़ा किया। सीएम योगी ने आरोप लगाया कि यहां के संस्थानों के नाम, यहां के स्मारकों के नाम, एक परिवार के नाम पर हो जाएं, इनको अच्छा लगता था, लेकिन राना बेनी माधव बख्श सिंह या वीरा पासी के नाम पर आपने या आपके लोगों ने सोचा भी नहीं। वे 1857 के प्रथम स्वाधीनता संग्राम के अमर नायक, अवध केसरी राना बेनी माधव बख्श सिंह की 222 वीं जयंती पर रायबरेली में आयोजित भाव समर्पण ...शेष पृष्ठ 10 पर

## मुख्यमंत्री ने सुनी जनता की फरियाद

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को उनके समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। इस दौरान सीतापुर निवासी पूनम देवी ने गोपालन के जरिए आत्मनिर्भर बनने की इच्छा जताई। मुख्यमंत्री ने तत्काल अपर मुख्य सचिव पशुधन को निर्देश दिया कि उन्हें निराश्रित गाय उपलब्ध कराई जाए और नियमानुसार सरकारी योजनाओं का लाभ भी दिलाया जाए।

पूनम देवी सीतापुर के गुरुदेव नगर, हरगांव की रहने वाली हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि वह गोपालन के माध्यम से परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत करना चाहती हैं। उनके पास पहले से पांच गाय हैं और अतिरिक्त गोवंश रखने के लिए पर्याप्त स्थान भी उपलब्ध है। उन्होंने और गाय उपलब्ध कराने का अनुरोध किया, ताकि दूध आदि की बिक्री से आय बढ़ा सकें। मुख्यमंत्री ने उनकी बात सुनने के बाद अधिकारियों को निर्देश दिया कि उन्हें निराश्रित गाय उपलब्ध कराने के साथ मुख्यमंत्री सहभागिता योजना के तहत गोवंश की देखभाल के लिए नियमानुसार आर्थिक सहायता भी दिलाई जाए। जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने पूनम देवी का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि सरकार ...शेष पृष्ठ 10 पर

## लखनऊ में चैंबर तोड़ने के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंचे अधिवक्ता

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को इलाहाबाद उच्च न्यायालय के उस आदेश को चुनौती देने वाली एक याचिका को सूचीबद्ध करने पर विचार करने पर सहमति जताई, जिसमें लखनऊजिला अदालत परिसर के पास कथित तौर पर सार्वजनिक भूमि पर अतिक्रमण करके बनाए गए वकीलों के चैंबरों को तोड़ने का निर्देश दिया गया था।

प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची एवं न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ को एक वकील ने बताया कि तोड़फोड़ के नोटिस जारी किए जा चुके हैं और 30 अगस्त को कार्रवाई प्रस्तावित है। प्रधान न्यायाधीश ने शुरू में अधिवक्ता से पूछा कि उच्च न्यायालय का रुख क्यों नहीं किया जा सकता। इस पर वकील ने कहा कि तोड़फोड़ का निर्देश स्वयं उच्च न्यायालय ने दिया है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, वे अनधिकृत चैंबर होंगे। हालांकि, वकील ने दलील दी कि ये चैंबर करीब 40 वर्षों से अस्तित्व में हैं। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, हम देखेंगे। उन्होंने सुनवाई के लिए कोई तारीख तय नहीं की। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि ...शेष पृष्ठ 10 पर

## स्वाइन फ्लू, वायरल फीवर को लेकर यूपी में अलर्ट

डिप्टी सीएम ने अपर मुख्य सचिव व स्वास्थ्य महानिदेशक को दिये निगरानी के निर्देश

**वरिष्ठ संवाददाता**

लखनऊ। दिल्ली में स्वाइन फ्लू के मरीजों के मिलने के बाद प्रदेश में स्वाइन फ्लू के मामलों को देखते हुए उत्तर प्रदेश का स्वास्थ्य महकमा पूरी तरह अलर्ट मोड पर आ गया है। इसके साथ ही वायरल फीवर के मरीजों को लेकर अलर्ट किया गया है।

अस्पताल आने वाले प्रत्येक बुखार के मरीज की तत्काल सभी आवश्यक जांच कराई जाए और उपचार में पूरी सतर्कता बरती जाए। उन्होंने अधिकारियों को अपने अधीनस्थ चिकित्सालयों का लगातार भ्रमण कर मरीजों की स्थिति की निगरानी करने तथा सभी मरीजों के समुचित उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित करना है। उपमुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि प्रदेश के सभी जिलों में स्वाइन फ्लू से संबंधित मामलों पर पैनी नजर रखी जाए। साथ ही अस्पतालों में आने वाले संदिग्ध एवं संक्रमित मरीजों की स्थिति की नियमित





निगरानी और आवश्यकता के अनुसार तत्काल उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देश दिए कि अस्पतालों में उपलब्ध संसाधनों, जांच एवं उपचार संबंधी व्यवस्थाओं की भी लगातार समीक्षा की ...शेष पृष्ठ 10 पर

### साफ-सफाई का रखें विशेष ध्यान

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने अस्पतालों में साफ-सफाई की व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने तथा संक्रमण से बचाव के लिए सभी आवश्यक उपाय सुनिश्चित करने को कहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मौसमी बुखार और वायरल फीवर के बढ़ते मामलों को देखते हुए अस्पतालों में मरीजों की सतत निगरानी और उपचार व्यवस्था में किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो। साथ ही, निदेशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए कहा है। उन्होंने कहा है कि मौसमी बुखार को ...शेष पृष्ठ 10 पर

## रूसी राष्ट्रपति पुतिन से मिले जयशंकर

मॉस्को। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को मॉस्को में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की और दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों तथा वैश्विक घटनाक्रमों पर विचार-विमर्श किया।

जयशंकर रूस की दो दिवसीय यात्रा के तहत रविवार को मॉस्को पहुंचे। यह यात्रा 12-13 सितंबर को ब्रिक्स नेताओं के शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के नयी दिल्ली दौरे से पहले हो रही है। जयशंकर और पुतिन की बैठक को इसलिए अहम माना जा रहा है, क्योंकि भारत और रूस कई क्षेत्रों में द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों को मजबूत करने और सहयोग बढ़ाने की दिशा में काम कर रहे हैं। इससे पहले जयशंकर ने रूस के उप-प्रधानमंत्री डेनिस मंतुरोव के साथ द्विपक्षीय व्यापार ...शेष पृष्ठ 10 पर

## महिलाओं के हुनर से पैदा होंगे नये रोजगार

महिलाओं की आर्थिक मजबूती से गांवों में बढ़ेगी खुशहाली : धामी

**प्रमुख संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि महिला जब आर्थिक रूप से मजबूत होती है तो उसका लाभ परिवार के साथ-साथ पूरे गांव को मिलता है। महिलाओं के हुनर को कारोबार से जोड़कर ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार और आय के नए अवसर पैदा किए जा सकते हैं।

मुख्यमंत्री सचिवालय में उत्तराखंड राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़े स्वयं सहायता समूहों की ओर से लगाए गए सशक्त बहना उत्सव के स्टॉलों का शुभारंभ करने के बाद संबोधित कर रहे थे। उन्होंने विभिन्न स्टॉलों का निरीक्षण किया और महिलाओं द्वारा तैयार किए गए स्थानीय उत्पादों, राखियों तथा अन्य सामग्री के



बारे में जानकारी ली। महिला समूहों के उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने के लिए आयोजन की अवधि बढ़ाने की घोषणा करते हुए उन्होंने कहा कि वर्ष 2027 से सशक्त बहना उत्सव रक्षाबंधन से 15 दिन पहले शुरू होगा और पखवाड़ेभर आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लंबे समय तक चलने वाले आयोजन से महिलाओं को अधिक ग्राहकों तक पहुंचने, उत्पाद प्रदर्शित करने और बिक्री बढ़ाने ...शेष पृष्ठ 10 पर



### आज का मौसम

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 32.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 26.04 डिसे. |

### भीतर पढ़ें

❍ योगी सरकार को मिला एआई का साथ (पृष्ठ-02)
❍ यूपी में 4,104 करोड़ के निवेश को मंजूरी (पृष्ठ-02)
❍ 31 अगस्त से पहले आईटीआर करें दाखिल (पृष्ठ-10)
❍ बैंक यूनियंस ने 11 को हड़ताल की दी धमकी (पृष्ठ-10)
❍ हवाईयात्री सेवाओं की मुद्रास्फीति 32 प्रतिशत बढ़ी (पृष्ठ-10)

**विशेष खबर** नकली दवाओं की पूरी सप्लाई चेन खंगालेगा एफएसडीए, बैंक रिकॉर्ड की भी होगी जांच

# दवा कारोबार में फर्जीवाड़े को लेकर योगी सरकार सख्त

**विशेष संवाददाता**

लखनऊ। प्रदेश में नकली, अधोमानक, मिलावटी और नशीली दवाओं के अवैध कारोबार पर योगी सरकार ने शिकंजा और कस दिया है। अब औषधि लाइसेंस जारी करने से लेकर दवाओं के भंडारण, बिलिंग और पूरी सप्लाई चेन

❍ डमी लाइसेंस से फर्जी बिलिंग तक जांच, स्टॉक से डिजिटल रिकॉर्ड तक निगरानी
❍ कोडीन सिरप से काउंटरफीट दवाओं तक सख्ती, संगठित नेटवर्क पर होगी कार्रवाई

तक निगरानी की जाएगी। डमी व्यक्ति के नाम पर लाइसेंस, फर्जी बिलिंग, स्टॉक में हेराफेरी और काउंटरफीट दवाओं के नेटवर्क की जांच के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) ने विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं। एफएसडीए की आयुक्त डॉ. रोशन जैकब की ओर से जारी



एसओपी के तहत औषधि निरीक्षकों और अनुज्ञापन प्राधिकारियों की जिम्मेदारी तय की गई है। कोडीन सिरप, पेन किलर, फास्ट मूविंग व हाई वैल्यू दवाओं के साथ एनडीपीएस श्रेणी की दवाओं पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। संदिग्ध दवाओं के मामले में खरीद-बिक्री की पूरी कड़ी के साथ बैंक ट्रांजेक्शन और डिजिटल रिकॉर्ड की भी जांच होगी। नए थोक औषधि लाइसेंस के लिए आवेदक और फर्म की पृष्ठभूमि का गहन सत्यापन किया जाएगा। पूर्व में अवैध दवा कारोबार में शामिल रहे व्यक्ति यदि रिश्तेदारों या डमी व्यक्ति के नाम पर नया लाइसेंस लेने का प्रयास करते हैं तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

गंभीर उल्लंघनकर्ताओं को लाइसेंस हासिल करने से डिबार करने के साथ उनके कारोबारी साझेदारों और सहयोगियों की भूमिका भी जांची जाएगी। आवासीय क्षेत्रों में संचालित प्रतिष्ठानों को औषधि विक्रय लाइसेंस जारी करने से पहले भौतिक सत्यापन किया जाएगा। यह भी देखा जाएगा कि लाइसेंस वाले परिसर का वास्तविक उपयोग व्यावसायिक गतिविधियों के लिए हो रहा है या नहीं। जांच में यह ...शेष पृष्ठ 10 पर

## न्यूनतम वेतनमान पर हों अस्थायी नियुक्तियां

**विधि संवाददाता**

लखनऊ। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने एक अहम निर्णय में कहा है कि सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में जब शिक्षकों के स्वीकृत पद रिक्त हैं तो मानदेय के आधार पर नियुक्ति का सवाल ही नहीं उठता है। कहा कि राज्य सरकार को ऐसे रिक्त पदों पर नियमित चयनित शिक्षक के उपलब्ध होने तक अस्थायी नियुक्ति की नई नीति बनानी चाहिए। ऐसी नियुक्ति संबंधित नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा आयोग की संस्तुति पर की जाए और शिक्षक को संबंधित स्वीकृत पद के न्यूनतम वेतनमान के साथ अनुमन्य भत्तों का भुगतान किया जाए। न्यायमूर्ति राजीव सिंह ने यह आदेश मनोज कुमार सिंह व अन्य समेत करीब 190 याचिकाओं के एक साथ निस्तारण के दौरान दिया।

❍ सहायता प्राप्त माध्यमिक स्कूलों में रिक्त पदों पर भर्ती को लेकर हाईकोर्ट के निर्देश

कोर्ट ने 9 नवंबर 2023 और आठ जुलाई 2024 के राज्य सरकार के उन दोनों शासनादेशों को निरस्त कर दिया, जिनके जरिए एक ओर लंबे समय से कार्यरत तदर्थ शिक्षकों को हटाया गया था और दूसरी ओर शिक्षकों की भारी कमी के कारण उन्हें फिर से महज 25 हजार और 30 हजार रुपये के मानदेय पर मानदेय शिक्षक के रूप में रखने की नीति बनाई ...शेष पृष्ठ 10 पर

# विदेशी पैसे से सामाजिक एकता खंडित करना चाहती है कांग्रेस

विशेष संवाददाता (vol)

**रायबरेली।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को रायबरेली में कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने देश और समाज को बांटने के बाद तुष्टिकरण की राजनीति की और अब विदेशी पैसे के बल पर भारत की सामाजिक एकता को खंडित करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने लोगों से ऐसी ताकतों से सतर्क रहने और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकास एवं विरासत के अभियान को आगे बढ़ाने की अपील की।

मुख्यमंत्री ने फिरोज गांधी डिग्री कॉलेज मैदान में आयोजित कार्यक्रम में रायबरेली, बछरावां और हरचंदपुर विधानसभा क्षेत्रों के लिए 879 करोड़ रुपये की 346 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि रायबरेली अब विकास की नई पहचान बना रहा है। मुख्यमंत्री ने ऐतिहासिक स्वतंत्रता सेनानी वीरा पासी की स्मृति में भव्य स्मारक और प्रतिमा स्थापित किए जाने की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री ने रायबरेली की मॉडर्न कोच फैक्ट्री का जिक्र करते हुए कहा कि पिछले वर्ष फैक्ट्री ने रिकॉर्ड 2,156 कोच का निर्माण किया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2012 में स्थापित यह फैक्ट्री पहले अपेक्षित गति से आगे नहीं बढ़ सकी, लेकिन अब रायबरेली की पहचान बन चुकी है। मई 2026 में पहली बार यहां वंदे भारत के ट्रेनशेड का रोलआउट हुआ है। योगी ने कहा कि विकास का उद्देश्य केवल निर्माण कार्य नहीं, बल्कि युवाओं की आकांक्षाओं को पूरा करना, किसानों के चेहरे पर खुशहाली लाना और कारीगरों व हस्तशिल्पियों को सम्मान दिलाना है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि रायबरेली को लंबे समय तक वीआईपी संसदीय क्षेत्र कहा गया, लेकिन इसके बावजूद यहां बदहाली और अभाव रहा। गरीबों को सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ नहीं मिलता था। मुख्यमंत्री ने रायबरेली के सांसद और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर भी निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस युवाओं को भ्रमित करने के साथ देश की विरासत का अपमान कर रही है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के अयोध्या दौरे का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने उन पर भी टिप्पणी की और कहा कि कुछ लोग एक तरफ राम का नाम लेते हैं और दूसरी तरफ उनके आचरण में विरोधाभास दिखाई देता है। योगी ने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर बनने के बाद उसे स्वीकार नहीं कर पा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने मनुस्मृति को लेकर राहुल गांधी की टिप्पणियों



पर भी प्रतिक्रिया दी। योगी ने कहा कि सनातन परंपरा में प्रचलित कालगणना की अपनी विस्तृत व्यवस्था है और इसमें निमेष, काष्ठा, कला, मुहूर्त, अहोरात्र, पक्ष, माह, अयन और वर्ष जैसी इकाइयों का उल्लेख मिलता है। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी के लिए रायबरेली और अमेठी केवल वोटबैंक का माध्यम रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने स्वतंत्रता संग्राम में योगदान देने वाले वीरा पासी को सम्मान देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि रायबरेली में वीरा पासी का भव्य स्मारक और प्रतिमा स्थापित की जाएगी। उन्होंने राणा बेनी माधव बख्श सिंह के नाम पर बनाए गए स्मारक और पूर्व विधायक दल बहादुर कोरी के नाम पर राजकीय पॉलीटेक्निक के नामकरण का भी उल्लेख किया।

**हनुमानगढ़ी में दर्शन के बाद मछली की दावत :** मुख्यमंत्री ने कांग्रेस नेताओं के कथित दोहरे आचरण पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के लोग विरासत का अपमान करने के साथ धार्मिक आस्था को लेकर भी दिखावा करते हैं। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने अयोध्या में हनुमानगढ़ी में दर्शन के बाद मछली की दावत उड़ाई। यही कांग्रेस का दोहरा चरित्र है।

मंदिर में राम-राम चिल्लाने और बजरंग बली के सामने दंडवत होने का ढोंग करने के बाद ऐसा आचरण शर्मनाक है। इन लोगों से गिरगिट भी शर्मा जाए। इन प्रदेश अध्यक्ष के भाई की हत्या एक माफिया ने की थी। प्रदेश अध्यक्ष ने उस माफिया के खिलाफ आवाज उठाने के बजाय उसके सामने घुटने टेककर नतमस्तक होने का काम किया।

## स्कूली बच्चियों ने योगी को बांधी राखी, सपेरा समुदाय को मिले आवासीय पट्टे

**रायबरेली।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के रायबरेली दौरे के दौरान सोमवार को कार्यक्रम स्थल पर रक्षाबंधन का भावनात्मक दृश्य देखने को मिला। स्कूली बच्चियों ने मुख्यमंत्री को तिलक लगाकर राखी बांधी। मुख्यमंत्री ने बच्चियों को स्नेहपूर्वक आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और उपहार भी प्रदान किए। लोकार्पण-शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने सपेरा समुदाय के प्रतिनिधियों को आवासीय पट्टे वितरित किए। इसके साथ ही विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड, लैपटॉप, चेक, स्वीकृति पत्र और कृषि यंत्रों की चाबियां प्रदान की गईं। कार्यक्रम में रायबरेली के विकास कार्यों पर आधारित लघु फिल्म भी प्रदर्शित की गई। सपेरा समुदाय के 60 लोगों को अब तक आवासीय पट्टे दिए जा चुके हैं। इसी क्रम में मुख्यमंत्री ने मंच से समुदाय की संजू, अंशिका, वंदना, किरण कुमारी और राजनंदिनी को आवासीय पट्टे प्रदान किए। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर बच्चों का अन्नप्राशन भी कराया। उन्होंने बच्चों को खीर खिलाई और उन्हें दुलारते हुए चॉकलेट व खिलौने दिए। मुख्यमंत्री ने महिलाओं को फलों की टोकरियां भी वितरित कीं। इस दौरान मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों की ओर से लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण किया और संबंधित योजनाओं की प्रगति तथा लाभार्थियों को मिल रहे लाभ की जानकारी ली। मुख्यमंत्री के हाथों विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को सहायता और सम्मान प्रदान किया गया।

## महिलाओं की पांच कंपनियों का कारोबार 5,716 करोड़ के पार

- 31 जिलों के 6,603 गांवों तक पहुंचा महिला कारोबारियों का नेटवर्क

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में महिला स्वयं सहायता समूह अब सिर्फ बचत और छोटे ऋण तक सीमित नहीं हैं, बल्कि कारोबार की बड़ी इकाइयों के रूप में अपनी पहचान बना रहे हैं। उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़ी महिला समूहों की पांच मिल्क प्रोड्यूसर कंपनियों ने वर्ष 2019 से अब तक 5,716.26 करोड़ रुपये का कारोबार किया है। इन कंपनियों से 3.88 लाख से अधिक महिलाएं जुड़ी हैं।

महिला दुग्ध उत्पादक कंपनियों के माध्यम से प्रतिदिन करीब 12.5 लाख लीटर दूध का संग्रहण किया जा रहा है। इनका नेटवर्क प्रदेश के 31 जिलों के 6,603 गांवों तक पहुंच चुका है। इससे ग्रामीण महिलाओं को पशुपालन और दुग्ध उत्पादन के जरिए स्थानीय स्तर पर नियमित आय का अवसर मिल रहा है। महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों के साथ-साथ कारोबार और कंपनी संचालन से जोड़ने का असर गांवों में दिखाई देने लगा है। बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं दुग्ध उत्पादन को आय के नियमित स्रोत के रूप में अपना रही हैं। दूध के संगठित संग्रहण और विपणन की व्यवस्था से उन्हें स्थानीय बाजार उपलब्ध हो रहा है।

उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के निदेशक अरुण कुमार के मुताबिक, दुग्ध उत्पादक महिलाएं ग्रामीण अर्थव्यवस्था की नई ताकत बनकर उभर रही हैं। महिला समूहों के माध्यम से गठित कंपनियां महिलाओं को उत्पादन से लेकर कारोबार तक की पूरी श्रृंखला से जोड़ रही हैं। इनके माध्यम से रोजाना करीब 12.5 लाख लीटर दूध एकत्र किया जा रहा है। कंपनियों से जुड़ी महिलाएं दूध उत्पादन के साथ संग्रहण, प्रबंधन और कारोबार की प्रक्रिया को भी समझ रही हैं। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में महिला उद्यमिता को बढ़ावा मिल रहा है। वर्ष 2019 से अब तक पांच महिला मिल्क प्रोड्यूसर कंपनियों ने 5,716.26 करोड़ रुपये का कारोबार किया है।

## योगी सरकार के ग्लोबल इन्वेस्टमेंट विजन को मिला एआई का साथ

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को वैश्विक निवेश के प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में आयोजित यूपी-जापान निवेश सम्मेलन 2026 में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) तकनीक ने भारत और जापान के बीच संवाद को आसान बना दिया। सम्मेलन में भारत सरकार के एआई आधारित बहुभाषी प्लेटफॉर्म भाषिणी के रियल-टाइम अनुवाद का इस्तेमाल किया गया। इससे हिंदी, अंग्रेजी और जापानी भाषा के बीच तत्काल अनुवाद संभव हुआ और दोनों देशों के निवेशकों व प्रतिनिधियों के बीच संवाद अधिक सहज रहा।

इन्वेस्ट यूपी ने डिजिटल इंडिया भाषिणी डिवीजन के साथ तकनीकी सहयोग के तहत सम्मेलन में इस प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल किया। इसके जरिए स्पीच-टू-टेक्स्ट और रियल-टाइम अनुवाद की सुविधा उपलब्ध कराई गई। सम्मेलन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हिंदी संबोधन को भाषिणी के श्रुतलेख फीचर के माध्यम से तत्काल ट्रांसक्राइब किया गया और जापानी भाषा में अनुवाद प्रस्तुत किया गया। इससे जापानी प्रतिनिधियों को मुख्यमंत्री का संबोधन बिना भाषा की बाधा के समझने में मदद मिली। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव के अंग्रेजी संबोधन का भी जापानी भाषा में रियल-टाइम अनुवाद किया गया। इससे सम्मेलन में मौजूद निवेशकों और प्रतिनिधियों के बीच विचारों के आदान-प्रदान को गति मिली। यूपी-जापान निवेश सम्मेलन में विनिर्माण, स्वच्छ ऊर्जा, सेमीकंडक्टर, नवाचार, कौशल विकास और पर्यटन जैसे क्षेत्रों में निवेश की संभावनाओं पर चर्चा हुई। एआई आधारित अनुवाद तकनीक ने इन चचाओं में भाषा को बाधा बनने से रोका। जापानी निवेशकों को उत्तर प्रदेश की निवेश नीतियों, औद्योगिक अवसरों और संभावनाओं की जानकारी उनकी भाषा में तत्काल उपलब्ध होने से संवाद को अधिक प्रभावी बनाने में मदद मिली।

## छात्रों को दी लोकतांत्रिक व्यवस्था में विधान सभा की भूमिका की जानकारी



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि विद्यार्थियों को लोकतांत्रिक संस्थाओं और संसदीय कार्यप्रणाली की जानकारी देना आवश्यक है, क्योंकि यही युवा आगे चलकर देश और प्रदेश के लोकतांत्रिक भविष्य को दिशा देंगे। उन्होंने कहा कि विधान भवन का भ्रमण विद्यार्थियों के लिए लोकतंत्र की कार्यप्रणाली को करीब से जानने और समझने का प्रेरणादायी अवसर है। उत्तर प्रदेश विधान भवन में सोमवार को पारितोष ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, कानपुर तथा गौरव मेमोरियल इंटरनेशनल स्कूल, कानपुर के छात्र-छात्राओं के दल ने विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना से भेंट की। इस दौरान महाना ने विद्यार्थियों को लोकतांत्रिक व्यवस्था में विधान सभा की भूमिका, सदन की कार्यप्रणाली, विधायी प्रक्रिया तथा संसदीय परंपराओं के संबंध में जानकारी दी। इसके बाद दोनों संस्थानों के छात्र-छात्राओं ने विधान भवन का भ्रमण किया। उन्होंने सदन, दर्शक दीर्घा सहित विधान भवन के विभिन्न महत्वपूर्ण स्थलों का अवलोकन किया तथा लोकतंत्र की कार्यप्रणाली को करीब से जाना और समझा। विद्यार्थियों ने विधान भवन की ऐतिहासिक एवं संसदीय परंपराओं के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। विधान भवन का यह भ्रमण विद्यार्थियों के लिए लोकतांत्रिक व्यवस्था को समझने के साथ-साथ जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा में एक प्रेरणादायी अनुभव रहा।

# भाजपा आरक्षण के समर्थन में है या विरोध में : राजेन्द्र पाल

- कांग्रेस के यूपी प्रभारी ने पत्रकारवार्ता कर भाजपा पर साधा निशाना

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रभारी यूपी राजेन्द्र पाल गौतम ने सोमवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में कहा कि दो दिन पहले उप्र के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक लखनऊ में उन चंद छात्रों साथ प्रेसवार्ता की जो आरक्षण का विरोध कर रहे थे अब सवाल यह उठता है कि क्या डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक आरक्षण का विरोध करने वालों के साथ प्रेस कर रहे थे तो क्या भाजपा बतायेगी कि वह आरक्षण के खिलाफ है? कहीं ऐसा तो नहीं कि इनकी मानसिकता एससी, एसटी, ओबीसी को न्याय देने की नहीं है इसलिए ऐसा माहौल बना रहे हैं?

राजेन्द्र पाल गौतम ने कहा कि डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने प्रेस में कहा कि वह सभी छात्रों, युवाओं को न्याय देंगे और दो दिन के अंदर केन्द्रीय मंत्री से मिलेंगे। मेरा सवाल है कि वह केंद्रीय मंत्री से मिले हैं तो क्या बात हुई है। उन्होने कहा कि वह छात्रों के साथ हैं अगर भाजपा छात्रों, युवाओं के साथ है तो शिक्षक भर्ती के 69 हजार युवाओं में से आठ हजार भर्तियां जो एससी, एसटी, ओबीसी की वेकेंसी थी सामान्य वर्ग से क्यों भर दी गयी। इस पर उनका क्या जवाब है? ओबीसी कमीशन ने भी अपनी रिपोर्ट में माना है कि जो छात्र ओबीसी वर्ग के हैं एससी/एसटी के हैं उनके रिजर्वेशन के साथ गलत हुआ है। ये एससी/एसटी/ओबीसी को उनका हक नहीं देना चाहते हैं। इसके बाद भी प्रदेश सरकार ने पिछड़ों और दलितों का जो हक था उसको लेकर भी कोई कार्यवाही नहीं की, क्या यह मान लेना चाहिए कि एससी, एसटी, ओबीसी के हितों के खिलाफ सरकार काम कर रही है इसलिए अभी तक कोई भी निर्णय नहीं लिया गया।

प्रदेश प्रभारी राजेन्द्र पाल गौतम ने कहा कि संसद में गृहमंत्री और प्रधानमंत्री ने वादा किया था कि जाति जनगणना करायेंगे लेकिन अभी 10 दिन पहले सेंसेक्स कमिश्नर ने जो कालम जारी किया है उसमें ओबीसी का कोई कालम नहीं है। इससे स्पष्ट है कि भाजपा ओबीसी, एससी, एसटी को न्याय नहीं देना चाहती है इसका स्पष्टीकरण भाजपा को देना चाहिए।

## बड़ी संख्या में नेताओं ने ली कांग्रेस की सदस्यता

**लखनऊ।** कांग्रेस के प्रदेश मुख्यालय में आयोजित सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के समक्ष एवं सांसद राकेश राठौर के नेतृत्व में प्रदेश के कई दिग्गज नेताओं और समाजसेवियों एवं उनके सैंकड़ों की संख्या में समर्थकों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। उप्र कांग्रेस कमेटी के ज्वाइनिंग प्रभारी नितिन शर्मा ने सदस्यता ग्रहण करने वालों को पार्टी की सदस्यता दिलायी।

कांग्रेस पार्टी में शामिल होने वाले प्रमुख नेताओं में पूर्व विधान परिषद सदस्य व लखनऊ विश्वविद्यालय के पूर्व उपाध्यक्ष अवध कुमार सिंह बागी, अजय प्रताप नागर, अरविंद राठौर (प्रधान), डॉ. राहुल राज कुलश्रेष्ठ, डॉ. विनीत मिश्रा, हरीश भारती, जिला पंचायत सदस्य सुनीता चौधरी, अरुणेश यादव, रंजीत राठौर, निजामुद्दीन अंसारी व दुर्गेश राठौर शामिल हैं। इसके साथ ही योगेश कुलश्रेष्ठ, प्रदीप कुमार शर्मा, अनुराग श्रीवास्तव, मनीष मिश्रा, राकेश कुमार, बहोरन राठौर, रामदास राठौर, प्रभात सिंह सहित सैंकड़ों की संख्या में लोगों ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

# रेलवे में पानी टंकी, फिल्टरों की सफाई शुरू

- स्टेशनवार कमियों को दूर करने के लिए की गई कार्रवाई की होगी निगरानी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** भारतीय रेलवे ने स्टेशनों पर यात्रियों के लिए स्वच्छ पेयजल की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए पानी की टंकियों और फिल्टरों की सफाई और उन्हें कीटाणु मुक्त बनाने के लिए विशेष स्वच्छता अभियान शुरू किया है। यह पहल भारतीय रेलवे में पेयजल गुणवत्ता प्रबंधन को सुदृढ़ करने के लिए बनाई गई व्यापक कार्य योजना का हिस्सा है। इस कार्य योजना में संपूर्ण पेयजल प्रणाली के नियमित निरीक्षण और रखरखाव पर जोर दिया गया है।

क्षेत्रीय रेलवे इस अभियान के दौरान जल स्रोतों, उपचार एवं निस्पंदन संयंत्रों, भूमिगत और ओवरहेड टैंक, पीवीसी टैंक, जल बूथ, नलों और जल वितरण बिंदुओं का व्यापक निरीक्षण करेगी। सभी पानी की टंकियों को खाली करके उनकी सफाई के बाद कीटाणुरहित किया जाएगा। इसके अलावा, वेंट और ओवरफ्लो बिंदुओं को पक्षियों, जानवरों और शैवाल से बचाने के लिए उचित सुरक्षा उपाय भी किए जाएंगे।

इस अभियान के दौरान सुधारात्मक कार्रवाई की आवश्यकता वाली कमियों की पहचान भी की जाएगी। क्षतिग्रस्त टैंक, पाइपलाइन और फिल्टर की मरम्मत की जाएगी या आवश्यकतानुसार उन्हें बदला जाएगा, साथ ही यह सुनिश्चित किया जाएगा कि पीने योग्य और गैर-पीने योग्य जल प्रणालियों के बीच कोई क्रॉस-कनेक्शन न हो। पीने के पानी की आपूर्ति में शामिल सभी पाइपों से रिसाव की जाँच की जाएगी और पानी की बबार्दी को रोकने के लिए आवश्यक सुधारात्मक उपाय किए जाएंगे। उन स्थानों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा जहां पीने के पानी के लिए हैंडपंप और बोरवेल का उपयोग किया जा रहा है।

क्षेत्रीय रेलवे यह सुनिश्चित करेगा कि इनसे प्राप्त जल पीने के लिए सुरक्षित हो। रेलवे बोर्ड ने व्यापक कार्य योजना के अंतर्गत, क्षेत्रीय रेलवे को वाटर कूलर और जल शोधन प्रणालियों का व्यापक निरीक्षण करने की सलाह दी है। कूलरों में लगे पानी के टैंक की पूरी तरह सफाई की जाएगी, कूलरों, पाइपलाइनों और नलों में होने वाले रिसावों को तुरंत ठीक किया जाएगा और वाटर कूलर वितरण क्षेत्रों के आसपास शत प्रतिशत स्वच्छता सुनिश्चित की जाएगी। वाटर कूलर के लिए यूवी/आरओ प्रणालियों की उचित जांच की जाएगी और आवश्यकतानुसार उन्हें उपलब्ध कराया जाएगा। निर्धारित रखरखाव, सर्विसिंग, मरम्मत और फिल्टर कैंडल्स तथा अन्य घटकों का समय पर प्रतिस्थापन किया जाएगा।

# योजनाओं को समयबद्धता, गुणवत्ता सुनिश्चित करने के दिये निर्देश

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने विधानसभा कार्यालय में सोमवार को विभागीय अधिकारियों एवं डेलॉयट के प्रतिनिधियों के साथ विस्तृत समीक्षा बैठक की। बैठक में कौशल विकास, उद्योग एवं रोजगार से जुड़ी विभिन्न योजनाओं, परियोजनाओं और औद्योगिक साझेदारियों की प्रगति की समीक्षा की गई। इस अवसर पर कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि कौशल विकास, उद्योग और रोजगार वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के प्रमुख स्तंभ हैं। इन तीनों क्षेत्रों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर प्रदेश की युवा शक्ति को आर्थिक विकास का महत्वपूर्ण आधार बनाया जा सकता है। मंत्री ने कहा कि प्रदेश के युवाओं को केवल प्रशिक्षण प्रदान करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि प्रशिक्षण को उद्योगों की वर्तमान एवं भविष्य की आवश्यकताओं से जोड़ना आवश्यक है। इसके लिए मांग आधारित पाठ्यक्रम, आधुनिक तकनीक, व्यावहारिक प्रशिक्षण और उद्योगों के साथ सीधा समन्वय विकसित किया जा रहा है।

बैठक में कौशल कनेक्ट सेल, उद्यम मेला, मानक संचालन प्रक्रिया, इंडस्ट्री विजिट, टाटा टेक्नोलॉजीज की आईटीआई उन्नयन परियोजना, राज्य इंटर्नशिप योजना एवं सीआईआईआईटी से जुड़े कार्यों एवं उनकी प्रगति की समीक्षा की गई। उन्होंने निर्देशित किया कि इन पहलों को केवल प्रशिक्षण तक सीमित न रखते हुए युवाओं को प्रशिक्षण से इंटर्नशिप, इंटर्नशिप से रोजगार तथा रोजगार से उद्यमिता तक जोड़ने की प्रभावी व्यवस्था विकसित की जाए। बैठक में जिला स्तरीय उद्योग समन्वय को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक जिले में स्थानीय उद्योगों की आवश्यकता एवं रोजगार की संभावनाओं का आकलन कर उसके अनुरूप कौशल प्रशिक्षण की कार्ययोजना तैयार की जानी चाहिए। इसके साथ ही इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन, फर्नीचर एवं फिटिंग्स स्किल काउंसिल तथा जीटीटी फाउंडेशन से संबंधित प्रस्तावों की भी समीक्षा की गई। मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने टाटा टेक्नोलॉजीज की आईटीआई उन्नयन परियोजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि आधुनिक तकनीक एवं उद्योग आधारित प्रशिक्षण के माध्यम से आईटीआई को युवाओं के लिए अत्याधुनिक कौशल प्रशिक्षण केंद्र के रूप में विकसित किया जाए। उन्होंने कहा कि सीआईआईआईटी जैसी पहल उद्योग और प्रशिक्षण संस्थानों के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। समीक्षा बैठक के दौरान मंत्री अग्रवाल ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी योजनाओं एवं परियोजनाओं के लिए स्पष्ट समय सीमा एवं जवाबदेही तय करते हुए कार्ययोजना को प्रभावी, परिणामोन्मुखी एवं त्वरित गति से पूर्ण किया जाए।



# 243 भैंसों की 58.89 लाख में नीलामी

## विरोध में सपा-आजाद समाज पार्टी का हंगामा, ईको गार्डन भेजे गये प्रदर्शनकारी

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** राजधानी में पारा क्षेत्र की अवैध डेयरियों से पकड़ी गई 243 भैंसों की नगर निगम ने सोमवार को 58 लाख 89 हजार रुपये में नीलामी की। नीलामी सुबह 11 बजे नगर निगम मुख्यालय में शुरू हुई। दोपहर करीब एक बजे समाजवादी पार्टी यूथ ब्रिगेड और आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने नीलामी का विरोध करते हुए हंगामा शुरू कर दिया। प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच धक्का-मुक्की भी हुई।

विरोध के दौरान सपा कार्यकर्ताओं ने सीतापुर से आए एक युवक के साथ मारपीट कर दी। स्थिति बिगड़ती देख पुलिस ने बीच-बचाव कराया। कुछ देर बाद लखनऊ पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के सपा विधायक अरमान खान भी मौके पर पहुंचे और कार्यकताओं के साथ धरने पर बैठ गए। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि नीलामी में लखनऊ के बाहर के लोग शामिल हुए हैं और इनमें कुछ कसाई भी हैं। विधायक ने अपर नगर आयुक्त डॉ. अरविंद कुमार राव को पत्र देकर नीलामी रोकने की मांग की। पुलिस के अनुसार प्रदर्शनकारियों को हटाने के दौरान पुलिसकर्मियों से धक्का-मुक्की हुई। इसके बाद पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को मौके से हटाकर बसों से ईको गार्डन भेज दिया।

नगर निगम की ओर से छह स्थानों पर रखी गई भैंसों की नीलामी की गई। इनमें पीजीआई कांजी हाउस में 31 भैंसों के लिए शाहरुख ने 9.51 लाख रुपये की सर्वाधिक बोली लगाई। कान्हा उपवन गौशाला में 71 भैंस और एक भैंसे के लिए फरीद ने 15.13 लाख रुपये की बोली लगाई। राधा उपवन गौशाला में 46 भैंसों के लिए मोहम्मद हनीफ ने 9.67 लाख रुपये की बोली लगाई। आलमबाग कांजी हाउस में 33 भैंसों के लिए जौहर अली ने 7.06 लाख रुपये की बोली लगाई। ठाकुरगंज कांजी हाउस में 40 भैंसों के लिए मोहम्मद शाकिर ने 12.01 लाख रुपये की सर्वाधिक बोली लगाई।

ऐशबाग कांजी हाउस में रखी 20 भैंस और एक पड़िया के लिए शमीम अहमद ने 5.51 लाख रुपये की बोली लगाकर नीलामी जीती। नगर निगम ने नीलामी में एक भैंस की बेस कीमत 21 हजार रुपये निर्धारित की थी। बोली में शामिल होने के लिए प्रतिभागियों से 1.02 लाख रुपये जमा कराए गए थे।

**40 भैंसों की बोली 4.40 लाख से शुरू हुई :** ठाकुरगंज कांजी हाउस में रखी 40 भैंसों की नीलामी 4.40 लाख रुपये से शुरू हुई। बोली बढ़ते-बढ़ते 12.01 लाख रुपये तक पहुंची और मोहम्मद शाकिर ने सबसे अधिक बोली लगाकर नीलामी अपने नाम की।

**पशुपालकों की आजीविका का हवाला देकर नीलामी रोकने की मांग :** सपा विधायक अरमान खान और पार्षदों ने नीलामी रोकने की मांग करते हुए कहा कि बड़ी संख्या में पशुपालकों की आजीविका इन पशुओं पर निर्भर है। उनका कहना था कि प्रभावित पशुपालकों की समस्याएं सुने बिना नीलामी करना उचित नहीं है।

वहीं नीलामी के दौरान एक व्यक्ति ने प्रक्रिया में अनियमितता का आरोप लगाते हुए विरोध जताया और मौके से बाहर चला गया। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए नगर निगम मुख्यालय पर अतिरिक्त बल तैनात किया।

# विधायिका की गरिमा व जनप्रतिनिधियों की डिजिटल सुरक्षा दोनों जरूरी : सतीश महाना

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि विधायिका लोकतंत्र की सबसे महत्वपूर्ण संस्थाओं में से एक है और इसकी गरिमा बनाए रखना सभी जनप्रतिनिधियों की सामूहिक जिम्मेदारी है। पिछले कई दशकों में विधायिका की गरिमा को लेकर जो गिरावट आई है, उसे बदलने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बदलते समय के साथ विधायकों को तकनीक की समझ विकसित करनी होगी, क्योंकि आज जनप्रतिनिधियों का सार्वजनिक जीवन डिजिटल माध्यमों से भी जुड़ा हुआ है।

एक होटल में विधानसभा सदस्यों के लिए आयोजित साइबर सुरक्षा : ए डिजिटल सिक्योरिटी ब्रीफिंग फॉर लेजिस्लेटर्स की तीसरी कार्यशाला को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया जनता से संवाद का प्रभावी माध्यम है, लेकिन इसके इस्तेमाल में संयम और सतर्कता बेहद जरूरी है। सोशल मीडिया पर आने वाली हर सूचना को सही मान लेना उचित नहीं है।

वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि तकनीक बहुत तेजी से आगे बढ़ रही है और उसी के साथ साइबर अपराध के तरीके भी बदल रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज हर क्षेत्र में साइबर अपराध और डिजिटल फ्रॉड का दुरुपयोग देखने को मिल रहा है। इससे बचने के लिए जानकारी और जागरूकता महत्वपूर्ण हथियार हैं।

साइबर विशेषज्ञ अमित दुबे ने विधायकों को साइबर दुनिया में तेजी से बदल रहे खतरों की वास्तविक तस्वीर से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि साइबर अपराधी अब केवल बैंक खातों या मोबाइल फोन को निशाना नहीं बनाते, बल्कि सार्वजनिक छवि को भी प्रभावित करने का प्रयास कर सकते हैं।

कार्यशाला में संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना सहित अन्य मंत्रीगण बेबी रानी मौर्य, कपिल देव अग्रवाल, अनिल कुमार, ब्रजेश तथा बलदेव सिंह औलख भी उपस्थित रहे। इस दौरान कई सदस्यों ने साइबर सुरक्षा से जुड़े सवाल पूछे, जिनका विशेषज्ञ अमित दुबे ने उत्तर दिया। कार्यशाला में विधानसभा के सदस्यगण, विधानसभा के प्रमुख सचिव प्रदीप कुमार दुबे एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# चौक, पीजीआई समेत छह क्षेत्रों में 13 अवैध निर्माण सील



**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) ने सोमवार को अवैध निर्माण के खिलाफ अभियान चलाकर चौक, वजीरगंज, ठाकुरगंज, दुबग्गा, पीजीआई और सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र में 13 अवैध व्यावसायिक एवं आवासीय निर्माण सील किए। ये निर्माण एलडीए से मानचित्र स्वीकृत कराए बिना किए जा रहे थे। प्रवर्तन जोन-2 के जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी के नेतृत्व में पीजीआई और सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र में कार्रवाई की गई। यहां हैदर अली, राकेश, हेमराज, राहुल सिंह, प्रकाश चंद्र बजाज, सोमनाथ अग्रहरि, राम किशोर यादव, भूपेंद्र सिंह चौधरी समेत अन्य लोगों द्वारा कराए जा रहे छह अवैध निर्माण सील किए गए।

इसी तरह प्रवर्तन जोन-7 के जोनल अधिकारी माधवेश कुमार के नेतृत्व में चौक, वजीरगंज, ठाकुरगंज और दुबग्गा थाना क्षेत्रों में अभियान चलाया गया। इस दौरान प्रदीप गोयल, कुश मिश्रा, रियाज, रितेश, पूनम कुमार, यूनुस अब्दुल्ला समेत अन्य द्वारा एलडीए से मानचित्र स्वीकृत कराए बिना किए जा रहे सात अवैध निर्माण सील किए गए। एलडीए अधिकारियों ने बताया कि बिना स्वीकृत मानचित्र के किए जा रहे निर्माण के खिलाफ प्राधिकरण की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# विधान परिषद की 16 समितियों के नये सभापति नियुक्त

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद की विभिन्न समितियों के लिए वर्ष 2026-27 में नए सभापतियों की नियुक्ति कर दी गई है। परिषद के कार्यकारी सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह की ओर से 16 समितियों के सभापतियों की नियुक्ति की गई है। विधान परिषद के प्रमुख सचिव डॉ. राजेश सिंह ने सोमवार को इस संबंध में आदेश जारी किया।

नियुक्त किए गए सभापतियों में नियम पुनरीक्षण समिति का सभापति डॉ. केपी श्रीवास्तव, विशेषाधिकार समिति का कुंवर मानवेंद्र सिंह, याचिका समिति का डॉ. सुधीर गुप्ता, आश्वासन समिति का शाहनवाज खान, वित्तीय एवं प्रशासनिक विलंब समिति का प्रांशु दत्त द्विवेदी और प्रश्न एवं संदर्भ समिति का सभापति बहोरन लाल मौर्य को बनाया गया है। इसके अलावा संसदीय अध्ययन समिति की जिम्मेदारी राजबहादुर सिंह चंदेल, संसदीय एवं सामाजिक सद्भाव समिति की अनूप कुमार गुप्ता और विधान मंडल सदस्यों के आवासीय परिवाद संबंधी जांच समिति की जिम्मेदारी अविनाश सिंह चौहान को सौंपी गई है। विकास प्राधिकरणों, आवास विकास परिषद, जिला पंचायतों एवं नगर निगमों में व्याप्त अनियमितताओं पर अंकुश लगाने या जांच किए जाने संबंधी समिति का सभापति जितेंद्र सिंह सेंगर को बनाया गया है।

इसी क्रम में प्रदेशीय विद्युत व्यवस्था संबंधी जांच समिति का सभापति ओम प्रकाश सिंह, विनियमन समीक्षा समिति का सुभाष यदुवंश, विधायी समाधिकार समिति का मुकुल यादव और दैवीय आपदा प्रबंधन जांच समिति का सभापति श्याम नारायण सिंह को नियुक्त किया गया है। शिक्षा का व्यवसायीकरण संबंधी जांच समिति की जिम्मेदारी ऋषिपाल सिंह को दी गई है, जबकि खाद्य पदार्थों में मिलावट और नकली दवाओं के प्रचलन से जनजीवन की स्वास्थ्य समस्याओं पर रोकथाम के लिए समिति का सभापति विजय शिवहरे को बनाया गया है।

# यूपी रेरा के आदेश की वसूली में देरी पर आवास आयुक्त तलब

- **हाईकोर्ट सख्त, 26.58 लाख के रिकवरी सर्टिफिकेट के बदले 23.71 लाख का चेक**

विधि संवाददाता

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने यूपी रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी (यूपी रेरा) के आदेश के अनुपालन में पहले देरी और अब रिकवरी सर्टिफिकेट में निर्धारित रकम से कम राशि का चेक दिए जाने पर उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद के रवैये पर कड़ी नाराजगी जताई है। पीठ ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि संबंधित अधिकारी यूपी रेरा और हाईकोर्ट की कार्यवाही को बहुत हल्के में ले रहे हैं।

न्यायमूर्ति राजन राय और न्यायमूर्ति मंजिव शुक्ला की पीठ ने आवास आयुक्त, उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद को 25 अगस्त को सुबह 10:15 बजे वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से पेश होकर जवाब देने का निर्देश दिया है। मामला एक शिकायतकर्ता अशोक कुमार सिंह के पक्ष में यूपी रेरा द्वारा 29 जुलाई 2025 को दिए गए फैसले से जुड़ा है। आदेश के अनुपालन के लिए कार्रवाई शुरू होने पर 27 मई 2026 को 26,58,806.01 रुपये का रिकवरी सर्टिफिकेट जारी किया गया था, लेकिन राजस्व अधिकारियों की ओर से इस पर प्रभावी कार्रवाई नहीं किए जाने पर याची अशोक को हाईकोर्ट की शरण लेनी पड़ी।

गत 7 अगस्त को हाईकोर्ट ने आवास एवं विकास परिषद को दस दिनों के भीतर देय राशि जमा करने का आदेश देते हुए चेतावनी दी थी कि अनुपालन न होने पर आवास आयुक्त को अदालत में पेश होना पड़ेगा। सोमवार को परिषद ने अनुपालन संबंधी हलफनामा दाखिल कर बताया कि हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार, लखनऊ खंडपीठ के नाम 23,71,126 रुपये का चेक तैयार कर याची के अधिवक्ता को सौंपा जा रहा है। इस पर कोर्ट ने कहा कि याची के आवेदन करने पर चेक की राशि उसे नियमानुसार जारी कर दी जाएगी और इसके लिए किसी अन्य आदेश की प्रतीक्षा नहीं होगी। इस बीच कोर्ट ने सवाल उठाया कि रिकवरी सर्टिफिकेट में 26.58 लाख रुपये से अधिक की राशि होने के बावजूद केवल 23.71 लाख रुपये का चेक क्यों दिया गया।

जवाब में परिषद की ओर से बताया गया कि विभाग ने कुछ गणना की है, लेकिन कोर्ट के सवाल पर यह स्पष्ट नहीं किया जा सका कि वैधानिक प्राधिकरण द्वारा जारी रिकवरी सर्टिफिकेट के विपरीत अलग गणना कैसे की जा सकती है। कोर्ट ने यह भी पाया कि हलफनामे के साथ गणना का कोई विवरण संलग्न नहीं किया गया है। ऐसे में कोर्ट ने आवास आयुक्त को मंगलवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए अदालत के समक्ष उपस्थित होकर कम राशि का चेक जारी किए जाने का कारण मांगा है।

# छात्रों ने प्रस्तुत किया लोकनृत्य



**लखनऊ।** सीएमएस के अलीगंज प्रथम कैम्पस के तत्वावधान में सीएमएस कानपुर रोड ऑडिटोरियम में चल रहे चार दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सांस्कृतिक महोत्सव सेलेस्टा इंटरनेशनल-2026 का तीसरा दिन सोमवार को नृत्य व संगीत की सुमधुर धुनों व विभिन्नता में एकता का संदेश देते कोलाज से सराबोर रहा जिसके माध्यम से थाईलैण्ड, श्रीलंका, नेपाल व देश के कोने-कोने से आये प्रतिभाशाली छात्रों ने अपनी अद्वितीय प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इन प्रतिभागी छात्रों ने जहां एक ओर लोकनृत्य एवं आर्केस्ट्रा प्रतियोगिताओं में अपने हुनर का प्रदर्शन किया तो वहीं दूसरी ओर कोलाज प्रतियोगिता के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

# योगी कैबिनेट बैठक आज

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में राज्य कैबिनेट की बैठक मंगलवार को होगी। शाम चार बजे से होने वाली इस बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर मुहर लगेगी। इसमें मृतक आश्रित कोटे की सिपाही भर्ती में शारीरिक दक्षता परीक्षा समाप्त किए जाने, वसीयत बदलने के लिए अभिभावकों को अधिकरण के समक्ष 60 दिन में दावा प्रस्तुत करने की सुविधा दिए जाने सहित अन्य प्रस्ताव शामिल हैं।

# स्वास्थ्य कार्यकर्ता (महिला) की मुख्य परीक्षा का परिणाम जारी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने स्वास्थ्य कार्यकर्ता (महिला) मुख्य परीक्षा-2024 का परिणाम जारी करते हुए 10,272 अभ्यर्थियों को पात्रता/अभिलेख परीक्षण के लिए अर्ह घोषित किया है। भर्ती प्रक्रिया के तहत स्वास्थ्य कार्यकर्ता (महिला) के 5,272 पदों पर चयन किया जाना है। मुख्य परीक्षा 11 जनवरी 2026 को आयोजित की गई थी। आयोग ने परिणाम के साथ विभिन्न श्रेणियों की कटऑफ भी जारी की है। सामान्य वर्ग की कटऑफ 61.75 अंक, अनुसूचित जाति की 56.75, अनुसूचित जनजाति की 31.75, अन्य पिछड़ा वर्ग की 55.25 और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की 55 अंक रही। भर्ती प्रक्रिया में संविदा के आधार पर सहायक नर्स मिडवाइफ के रूप में कार्य करने वाले अभ्यर्थियों के अनुभव को भी महत्व दिया गया है। शासन के प्रावधानों के तहत संविदा सेवा के लिए अधिकतम 15 अधिमानी अंक दिए जाने की व्यवस्था है। आयोग ने स्पष्ट किया है कि पात्रता/अभिलेख परीक्षण के लिए अर्ह घोषित किए गए अभ्यर्थियों की सूची अंतिम चयन परिणाम नहीं है। अभ्यर्थियों के शैक्षिक, अनुभव और अन्य आवश्यक अभिलेखों के परीक्षण के बाद नियमानुसार अंतिम चयन परिणाम घोषित किया जाएगा। भर्ती प्रक्रिया पूरी होने के बाद प्रदेश के स्वास्थ्य विभाग को 5,272 नई महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता मिलने की उम्मीद है।

# रिदमिक योगा प्रतियोगिता में एलपीएस सेक्टर आई शाखा की टीम बनी विजेता



**लखनऊ।** लखनऊ पब्लिक स्कूल (सीपी सिंह फाउंडेशन) की सेक्टर आई शाखा में इंटर-ब्रांच स्पोर्ट्स मीट 'स्पर्धा 2026-27' के अंतर्गत रिदमिक योगा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शारीरिक फ्लेक्सिबिलिटी, मानसिक एकाग्रता और संगीत के सुंदर समन्वय पर आधारित इस प्रतियोगिता में विद्यालय की सभी 10 शाखाओं के कक्षा 3 से 12 तक के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। एलपीएस सेक्टर आई की टीम ने विजयी ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। प्रत्येक शाखा की टीम में करीब 20 से 25 विद्यार्थी शामिल रहे, जिन्होंने योग की विभिन्न मुद्राओं का मनमोहक और अनुशासित प्रदर्शन कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके अलावा टीमों ने हनुमानआसन, त्रिकोणआसन, गरुड़आसन, नटराजआसन, मत्स्यआसन, हलआसन और चक्रआसन सहित कई कठिन और कलात्मक आसनों की शानदार प्रस्तुतियां दीं। संगीत की धुन पर एक साथ शरीर के सटीक संतुलन और कठिन मुद्राओं का सामंजस्य देखते ही बना। विभिन्न शाखाओं की टीमों के बीच हुए कड़े और रोमांचक मुकाबले में एलपीएस सेक्टर-आई की टीम ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के दम पर प्रथम स्थान हासिल कर विजेता की ट्रॉफी अपने नाम की। वहीं बेहतरीन संतुलन और अनुशासन का परिचय देते हुए एलपीएस प्रगतिपुरम, रायबरेली की टीम उपविजेता रही। एलपीएस अंसल और एलपीएस एल्डिको की टीमों को संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के अंत में विजयी टीमों को मेडल एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

# व्यापारी शंखनाद सम्मेलन में राजनीतिक हिस्सेदारी की हुंकार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के 22वें स्थापना दिवस पर राजधानी के हजरतगंज स्थित सिल्वेट होटल में ह्यव्यापारी शंखनाद सम्मेलनह्न आयोजित किया गया। शंख ध्वनि के साथ शुरू हुए सम्मेलन में प्रदेशभर से जुटे व्यापारियों ने विधानसभा चुनाव में राजनीतिक हिस्सेदारी बढ़ाने और टिकटों में उचित प्रतिनिधित्व की मांग को लेकर शंखनाद किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं संगठन के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने कहा कि प्रदेश में करीब 13.39 करोड़ मतदाता हैं, जिनमें लगभग 90 लाख व्यापारी मतदाता हैं। व्यापारियों के परिवार और कर्मचारियों को जोड़ने पर यह संख्या तीन करोड़ से अधिक हो जाती है। उन्होंने कहा कि व्यापारी समाज को अपने आर्थिक और कारोबारी मुद्दों को प्राथमिकता देते हुए राजनीतिक दलों के सामने मजबूती से अपनी बात रखनी होगी। संजय गुप्ता ने कहा कि व्यापारी समाज जाति और धर्म से ऊपर उठकर व्यापार, रोजगार और विकास के मुद्दों पर राजनीतिक दलों का समर्थन करेगा। उन्होंने कहा कि व्यापारियों की राजनीतिक भागीदारी बढ़ाने के लिए सभी दलों से विधानसभा चुनाव में उचित प्रतिनिधित्व की मांग की जाएगी। सम्मेलन में व्यापारियों ने ई-कॉमर्स कंपनियों की कथित मनमानी का मुद्दा उठाते हुए कहा कि इससे परंपरागत रिटेल कारोबार प्रभावित हो रहा है। व्यापारियों ने सरकार से ई-कॉमर्स और रिटेल ट्रेड पॉलिसी लागू करने की मांग की। इसके अलावा बिना वॉटर कनेक्शन के जलकर वसूली और नगर निगम की ओर से विभिन्न व्यवसायों पर लगाए जा रहे लाइसेंस शुल्क का भी विरोध किया गया।

संगठन और व्यापार हित में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 25 प्रमुख व्यापारियों को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही आगामी सितंबर में 5 हजार से अधिक व्यापारियों की सहभागिता वाली विशाल व्यापारी रैली आयोजित करने की घोषणा की गई। सम्मेलन में प्रदेश कोषाध्यक्ष मोहम्मद अफजल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अविनाश त्रिपाठी, महामंत्री शशिकांत शर्मा, नगर अध्यक्ष हरजिंदर सिंह, इकबाल हसन, मोहित कपूर, मनीष पांडे और अनिरुद्ध निगम समेत बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

# इंटीग्रल विवि : एएमआर के विरुद्ध वैश्विक संघर्ष को दी नयी दिशा

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** इंटीग्रल विश्वविद्यालय, लखनऊ के जैव विज्ञान विभाग तथा इंटरडिसिप्लिनरी सेंटर फॉर एक्सीलेंस इन इंटरडिसिप्लिनरी रिसर्च (आईसीईआईआर) ने वन हेल्थः इंटीग्रेटिंग स्ट्रैटेजीज टू कॉम्बैट एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंस (एएमआर) विषय पर एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया।

संगोष्ठी का आयोजन इंटीग्रल विश्वविद्यालय के संस्थापक एवं कुलाधिपति प्रो. सैयद वसीम अख्तर के प्रेरणादायी आशीर्वाद और प्रोत्साहन के अंतर्गत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ इंटीग्रल विश्वविद्यालय के शोध एवं विकास संकाय के डीन प्रो. वहाज उल हक ने विद्यार्थियों का स्वागत किया। उन्होंने रोगाणुरोधी प्रतिरोध की बढ़ती वैश्विक चुनौती से निपटने के लिए सामूहिक प्रयासों तथा विभिन्न विषयों के बीच समन्वय और सहयोग की आवश्यकता पर विशेष बल दिया। संगोष्ठी में प्रो. अब्दुल रहमान, डीन, विज्ञान संकाय एवं परीक्षा नियंत्रक की उपस्थिति भी रही। उन्होंने एक विश्व, एक स्वास्थ्य, एक भविष्य विषय की सामयिक प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए प्रतिभागियों को विशेषज्ञ व्याख्यानों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया।

संगोष्ठी में शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं, स्वास्थ्य विशेषज्ञों और विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मानव, पशु और पर्यावरणीय स्वास्थ्य को एकीकृत करने वाले वन हेल्थ दृष्टिकोण से रोगाणुरोधी प्रतिरोध–विश्व की सबसे गंभीर जनस्वास्थ्य चुनौतियों में से एक–पर विचार-विमर्श किया गया।

वैज्ञानिक सत्र में तीन प्रतिष्ठित विशेषज्ञों ने व्याख्यान दिए। अमेरिका की मिशिगन स्टेट यूनिवर्सिटी के सिविल एवं पर्यावरण अभियांत्रिकी विभाग के प्रो. सैयद ए. हाशशाम ने मेटाजीनोमिक्स के माध्यम से दुर्लभ सूक्ष्मजीवी कार्यों के अध्ययन पर चर्चा की। उन्होंने रोगाणुरोधी प्रतिरोध, रिडक्टिव डीहैलोजेनेज, विटामिन बी12 और हाइड्रोजन मेटाबॉलिज्म से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी साझा की।

अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी की इंटरडिसिप्लिनरी बायोटेक्नोलॉजी यूनिट के प्रो. असद यू. खान ने एएमआर को केवल एक वैश्विक खतरे के रूप में देखने से आगे बढ़कर संक्रमण नियंत्रण की नवीन रणनीतियां विकसित करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। आईआईटी कानपुर के प्रो. सरवनन मथेश्वरन ने माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस के रडर रिस्पॉन्स मार्ग को लक्षित करते हुए दवा-प्रतिरोधी क्षयरोग से निपटने के आणविक और चिकित्सीय उपायों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। शोधार्थियों और स्नातकोत्तर विद्यार्थियों ने फ्लैश प्रस्तुतियों के माध्यम से अपने शोध कार्य साझा किए।

# बिजली विभाग इंजीनियरों को करायेगा एमबीए

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बिजली विभाग अब अपने इंजीनियरों की तकनीकी दक्षता के साथ प्रबंधन क्षमता भी बढ़ाने की तैयारी कर रहा है। विभाग की ओर से इंजीनियरों को एमबीए (मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन) कराने की योजना बनाई जा रही है। इसका उद्देश्य इंजीनियरों को बिजली आपूर्ति और तकनीकी कार्यों के साथ-साथ प्रशासनिक एवं प्रबंधन संबंधी जिम्मेदारियों के लिए भी बेहतर तरीके से तैयार करना है।

विभाग में इंजीनियरों की जिम्मेदारी लगातार बढ़ रही है। उन्हें बिजली आपूर्ति व्यवस्था संभालने के साथ उपभोक्ता शिकायतों का निस्तारण, राजस्व वसूली, लाइन लॉस कम करने, बिजली चोरी पर कार्रवाई, कर्मचारियों के प्रबंधन और योजनाओं की निगरानी जैसे महत्वपूर्ण कार्य भी करने पड़ते हैं। ऐसे में विभाग का मानना है कि तकनीकी ज्ञान के साथ प्रबंधन की समझ होने से कार्यों को अधिक प्रभावी ढंग से संचालित किया जा सकेगा। प्रस्तावित योजना के तहत चयनित इंजीनियरों को एमबीए की पढ़ाई के लिए अवसर दिया जा सकता है।

इसमें वित्तीय प्रबंधन, मानव संसाधन, नेतृत्व क्षमता, परियोजना प्रबंधन, विपणन और रणनीतिक प्रबंधन जैसे विषयों पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। इससे इंजीनियरों को विभागीय योजनाओं की बेहतर मॉनीटरिंग और संसाधनों के कुशल इस्तेमाल में मदद मिलने की उम्मीद है। बिजली क्षेत्र में स्मार्ट मीटर, डिजिटल बिलिंग, ऑनलाइन उपभोक्ता सेवाओं और नई तकनीक के बढ़ते इस्तेमाल के बीच अधिकारियों की भूमिका भी बदल रही है। ऐसे में विभाग का यह कदम इंजीनियरों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। विभागीय स्तर पर योजना के अंतिम स्वरूप, पात्रता और एमबीए कराने की प्रक्रिया को लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए जाने की तैयारी है।

# कई नेताओं ने ली रालोद की सदस्यता

- **रालोद प्रदेश अध्यक्ष ऐश्वर्य राज सिंह ने दिलायी सदस्यता, पूर्वांचल और पश्चिमी यूपी में संगठन को मिलेगा बल**

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** रालोद के प्रदेश मुख्यालय, लखनऊ में प्रदेश अध्यक्ष ऐश्वर्य राज सिंह की प्रेस वार्ता एवं सदस्यता ग्रहण समारोह सोमवार को आयोजित किया। इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं आजमगढ़ निवासी साजिद खान आजमी, राष्ट्रीय हनुमान दल के राष्ट्रीय संगठन महासचिव एवं मेरठ निवासी तरुण गुप्ता तथा मेरठ निवासी सचिन तरार ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ रालोद की सदस्यता ग्रहण की।

सदस्यता ग्रहण समारोह के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय महासचिव राजेंद्र शर्मा रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व विधायक शिवकरण सिंह ने की। इस अवसर पर रालोद के प्रदेश अध्यक्ष अनुपम मिश्रा, राष्ट्रीय महासचिव एवं पार्लियामेंट्री बोर्ड के सदस्य अनिल दुबे, पार्लियामेंट्री बोर्ड के विशेष आमंत्रित सदस्य चन्द्रबली यादव, वरिष्ठ नेता वसीम हैदर, आरपी सिंह चौहान, अफसर अली, प्रदेश कोषाध्यक्ष बीएल प्रेमी, अजय सिंह, एहसानुल्लाह कैफ सहित पार्टी के अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश मीडिया प्रभारी मयंक त्रिवेदी ने किया।

प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ऐश्वर्य राज सिंह ने कहा कि साजिद खान आजमी, तरुण गुप्ता और सचिन तरार के अपने समर्थकों के साथ रालोद में शामिल होने से निश्चित रूप से पार्टी को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि आजमगढ़ से रालोद का पुराना और मजबूत रिश्ता रहा है। साजिद खान आजमी के पार्टी से जुड़ने से आजमगढ़ एवं पूर्वांचल में संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी, वहीं मेरठ से तरुण गुप्ता एवं सचिन तरार के साथियों सहित पार्टी में आने से पश्चिमी उत्तर प्रदेश में संगठन और अधिक मजबूत होगा। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि रालोद अध्यक्ष जयन्त चौधरी के नेतृत्व में पार्टी किसानों, मजदूरों, नौजवानों, महिलाओं तथा समाज के सभी वंचित एवं कमजोर वर्गों के हितों के लिए लगातार कार्य कर रही है।

इस अवसर पर साजिद खान आजमी ने कहा कि जयंत चौधरी के नेतृत्व में संगठन को मजबूत करने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम में आरिफ प्रधान, निजामुद्दीन, तूफानी राजभर, आफताब अहमद, नसीम सहित बड़ी संख्या में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

महत्वपूर्ण नंबर
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556


फायर स्टेशन
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

एम्बुलेंस
मेडिकल सेवा- 102, 108

मेट्रो

# एसटीएफ की हिरासत में मौत पर हाईकोर्ट गंभीर

● कोर्ट ने न्यायिक जांच का दिया आदेश, 27 अक्टूबर को मांगी जांच रिपोर्ट



विधि संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने प्रतापगढ़ में एसटीएफ की हिरासत में हुई मौत के मामले में न्यायिक जांच का आदेश दिया है। कोर्ट ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृतक के शरीर पर मृत्यु से पहले की चोटों (एंटेमॉर्टम इंजरी) का उल्लेख है और परिजनों ने एसटीएफ कर्मियों पर यातना देकर मौत का आरोप लगाया है। ऐसे में दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 176(1-ए) के तहत न्यायिक जांच आवश्यक है। कोर्ट ने प्रतापगढ़ के जिला एवं सत्र न्यायाधीश को निर्देश दिया है कि वह मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट को न्यायिक जांच कराने के लिए आवश्यक निर्देश जारी करें। कहा कि जांच प्रमाणित आदेश की प्रति पेश किए जाने के छह सप्ताह के भीतर, यथासंभव, पूरी की जाए और उसकी रिपोर्ट अगली सुनवाई पर सीलबंद लिफाफे में कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत की जाए।कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 27 अक्टूबर 2026 की तारीख तय की है। न्यायमूर्ति राजेश सिंह चौहान और न्यायमूर्ति राम मनोहर नारायण मिश्र की पीठ ने यह आदेश जांहवी सिंह की ओर से दाखिल एक आपराधिक रिट याचिका पर दिया। याचिका में 18 मार्च 2024 को सांगीपुर, प्रतापगढ़ थाने में दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 41/2024 की जांच सीबीआई अथवा किसी स्वतंत्र एजेंसी से कराने की मांग की गई थी। मामले में पहले कोर्ट ने पुलिस हिरासत में मौत होने के कारण धारा 176(1)(ए) सीआरपीसी के अनुपालन के संबंध में प्रतापगढ़ के पुलिस अधीक्षक से व्यक्तिगत हलफनामा मांगा था। बाद में राज्य की ओर से बताया गया कि मामला न्यायिक जांच के लिए पुलिस अधीक्षक को भेजा गया है। हालांकि, बाद की रिपोर्टों से स्पष्ट हुआ कि धारा 176(1-ए) के तहत न्यायिक जांच नहीं हुई थी। कोर्ट ने यह भी पाया कि एसडीएम, सदर प्रतापगढ़ ने 16 अगस्त 2024 को जांच की थी। इसमें मेडिकल रिपोर्ट का हवाला देते हुए मौत को हृदयाघात के कारण स्वाभाविक बताया गया था। दूसरी ओर, पोस्टमार्टम में मृतक के शरीर पर एंटेमॉर्टम चोटें दर्ज थीं। पीठ ने धारा 176(1-ए) का उल्लेख करते हुए कहा कि पुलिस या न्यायालय/मजिस्ट्रेट द्वारा अधिकृत हिरासत में किसी व्यक्ति की मृत्यु या उसके गायब होने की स्थिति में संबंधित क्षेत्राधिकार वाले न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा जांच की जानी है।

## बीफार्मा कॉलेजों के लिए एनओसी की जरूरत पर हाईकोर्ट के सवाल, पीसीआई से मांगा जवाब

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने बीफार्मा पाठ्यक्रम शुरू करने के लिए संस्थानों को राज्य सरकार से अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) लेने की आवश्यकता को लेकर कई अहम सवाल उठाए हैं। कोर्ट ने फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (पीसीआई) से इस संबंध में विस्तृत जवाब और आवश्यक दस्तावेज पेश करने को कहा है। न्यायमूर्ति राजन राय और न्यायमूर्ति मंजिव शुक्ला की खंडपीठ ने पीसीआई, उत्तर प्रदेश सरकार और विभिन्न शिक्षण संस्थानों से जुड़े मामलों की एक साथ सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया। पीठ ने कहा कि बैचलर ऑफ फार्मेसी (बीफार्मा) कोर्स रेगुलेशंस-2014 के तहत किसी संस्थान को मंजूरी देने से पहले भवन, आवास, प्रयोगशालाओं, उपकरणों, शिक्षण एवं गैर-शिक्षण कर्मचारियों सहित निर्धारित सुविधाओं की उपलब्धता जरूरी है। कोर्ट ने सवाल किया कि यदि राज्य सरकार को एनओसी जारी करनी है तो उसके लिए कोई निर्धारित प्रारूप और स्पष्ट मानक क्यों नहीं है। कोर्ट ने यह भी पूछा कि बीफार्मा कोर्स के लिए एनओसी की आवश्यकता क्यों है, जबकि डीफार्मा के लिए ऐसी व्यवस्था नहीं है। कोर्ट ने पीसीआई को रेगुलेशन 9 में उल्लिखित स्कीम के बारे में भी स्पष्ट करने का निर्देश दिया। साथ ही राज्य सरकार द्वारा पूर्व में जारी किए गए एक-दो एनओसी के उदाहरण भी अदालत में पेश करने को कहा। पीठ ने एनओसी और कंसेंट फॉर एफिलिएशन यानी संबद्धता के लिए सहमति के बीच अंतर पर भी सवाल उठाया। अदालत ने प्रथमदृष्टया कहा कि संबद्धता का मामला संबंधित विश्वविद्यालय या संबद्धता प्रदान करने वाली संस्था का विषय है और पीसीआई से मंजूरी मिलने के बाद इस पर विचार किया जा सकता है। अदालत ने कहा कि आवश्यक मानकों की जांच पीसीआई स्वयं निरीक्षण कराकर भी कर सकती है। पीठ ने 31 अक्टूबर 2025 के उस सरकारी आदेश पर भी सवाल उठाया, जिसके तहत उत्तर प्रदेश सरकार ने बीफार्मा कोर्स के लिए आवेदन के प्रारंभिक चरण में एनओसी की व्यवस्था समाप्त कर दी थी। पीसीआई से पूछा गया कि क्या वह इस सरकारी आदेश को चुनौती दे सकती है। इसके अलावा कोर्ट राज्य सरकार के बीफार्मा और डीफार्मा संस्थानों या पाठ्यक्रमों के लिए जीरो सेशन अथवा मोरेटोरियम घोषित करने के अधिकार क्षेत्र पर भी विचार करेगी। पीसीआई को जरूरत पड़ने पर दो सप्ताह के भीतर हलफनामा दाखिल करने का निर्देश देते हुए मामले को दो सप्ताह बाद सूचीबद्ध किया गया है।

## मेडिकल जांच में लापरवाही पर हाईकोर्ट सख्त डीएनए रिपोर्ट न आने से आरोपित को जमानत

**लखनऊ।** मोहनलालगंज क्षेत्र में आठ वर्षीय बच्चे से कथित यौन अपराध के मामले में मेडिकल और फोरेंसिक जांच में गंभीर लापरवाही सामने आने पर इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने नाराजगी जताई है। न्यायमूर्ति राजीव भारती ने मामले में आरोपित जितेंद्र को जमानत दे दी। किंतु सरकारी लापरवाही पर तल्ख टिप्पणी करते हुए कोर्ट ने कहा कि पीड़ित बच्चे को समय पर और संवेदनशील तरीके से चिकित्सा सुविधा मिलनी चाहिए थी, लेकिन उसे एक अस्पताल से दूसरे अस्पताल भेजा जाता रहा। कोर्ट ने यह टिप्पणी आरोपित जितेंद्र की ओर से दाखिल जमानत अर्जी को मंजूर करते हुए पारित की। सुनवाई के दौरान कोर्ट के सामने आया कि घटना के बावत 13 अप्रैल 2025 को प्राथमिकी दर्ज हुई थी जिसके अनुसार आरोपित पर बच्चे को साइकिल देने का झांसा देकर बगीचे में ले जाने और उसके साथ अपराध करने का आरोप है। मामले में बीएनएस की धारा 115(2), 351(3) और पाक्सो एक्ट की धारा 5ट/6 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। कोर्ट के समक्ष पेश स्टेटस रिपोर्ट के अनुसार बच्चे को कई बार अलग-अलग अस्पतालों में मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया। बाद में स्वैब लिया गया, लेकिन उसे ठीक से सील नहीं किए जाने के कारण विधि विज्ञान प्रयोगशाला में नमूना दाखिल नहीं हो सका। इस पर कोर्ट ने कहा कि स्वैब किट सही तरीके से सील नहीं होने के कारण डीएनए विश्लेषण नहीं किया जा सका और संबंधित रिपोर्ट भी तैयार नहीं हो सकी। कोर्ट ने इसे महज सामान्य प्रक्रियागत कमी मानने से इनकार किया। कोर्ट ने महत्वपूर्ण फोरेंसिक साक्ष्य जुटाने और सुरक्षित रखने के लिए जरूरी समय को बेहद अहम बताते हुए कहा कि अस्पतालों के बीच पीड़ित को भेजे जाने से साक्ष्य संग्रह और संरक्षण का महत्वपूर्ण समय निकल गया। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि केवल चोट दिखाई न देने के आधार पर मेडिकल परीक्षण से इनकार नहीं किया जा सकता। यदि साक्ष्य लेने के लिए जरूरी किट उपलब्ध नहीं थी तो संबंधित चिकित्सा संस्थान के प्रभारी को सक्षम प्राधिकारी से किट की व्यवस्था करनी चाहिए थी। अदालत ने यह भी देखा कि आरोपित 29 मई 2025 से जेल में है और आरोपपत्र दाखिल हो चुका है। जांच के लिए उसकी आगे हिरासत आवश्यक नहीं थी तथा आवश्यक एफएसएल रिपोर्ट भी रिकॉर्ड पर उपलब्ध नहीं थी। इन परिस्थितियों में अदालत ने जमानत को उचित माना।

## आदेश का पालन न होने पर आईएएस अनिल गर्ग को अवमानना नोटिस

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव अनिल गर्ग को अवमानना नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने उन्हें 24 सितंबर को कोर्ट में पेश होकर यह बताने को कहा है कि 9 दिसंबर 2025 के आदेश का अनुपालन न करने पर उनके खिलाफ अवमानना की कार्रवाई क्यों न की जाए। अगली सुनवाई 24 सितंबर को होगी। यह आदेश न्यायमूर्ति सौरभ लवानिया की एकल पीठ ने सेवानिवृत्त अधीक्षण अभियंता दिनेश सिंह सचान द्वारा दाखिल एक अवमानना अर्जी पर पारित किया है। दरअसल हाईकोर्ट ने 9 दिसंबर 2025 को सचान पर लगाई गई दो वेतनवृद्धियां संचयी प्रभाव से रोकने की सजा और निंदा प्रविष्टि रद्द करते हुए उनकी मुख्य अभियंता लेवल-1 पद पर पदोन्नति के दावे पर आठ सप्ताह में निर्णय लेने का आदेश दिया था। याची की ओर से प्रमुख सचिव पर आरोप लगाया गया है कि कोर्ट के उक्त आदेश का अनुपालन आज तक नहीं हुआ है। इस पर जस्टिस लवानिया ने गर्ग को नोटिस जारी कर कहा कि यदि 9 दिसंबर 2025 के आदेश का पालन हो चुका है तो सक्षम अधिकारी अनुपालन शपथपत्र दाखिल कर व्यक्तिगत उपस्थिति से बच सकते हैं। वहीं, पालन नहीं होने पर प्रमुख सचिव को आदेश की जानकारी मिलने से दो सप्ताह के भीतर अनुपालन करने तथा आवेदक को 5,000 रुपये क्षतिपूर्ति देने का विकल्प दिया गया है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि यह राशि संबंधित अधिकारी द्वारा दी जाएगी और राज्य कोष से इसका भुगतान नहीं होगा। अदालत ने कहा कि लागत का उद्देश्य आदेश के समय पर अनुपालन में हुई देरी से आवेदक को हुई परेशानी की भरपाई करना तथा ऐसे मामलों को रोकना है।

## ख्याली सिंह कड़कोटी अध्यक्ष और पुष्कर नयाल महासचिव बने

लखनऊ। पर्वतीय महापरिषद लखनऊ शाखा गोमतीनगर रामलीला समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक में ख्याली सिंह कड़ाकोटी को रामलीला समिति का अध्यक्ष मनोनीत किया गया साथ ही पुष्कर सिंह नयाल को महासचिव नियुक्त किया गया। रामलीला समिति गोमती नगर पिछले दो वर्षों से गोमती नगर में तीन दिवसीय रामलीला का आयोजन करती आ रही है। गठित नई कार्यकारणी के अध्यक्ष ख्याल सिंह ने बताया कि इस वर्ष नवम्बर में होने वाली रामलीला का मंचन पांच दिवसीय किया जाएगा जिसकी तैयारियां की जा रही हैं इस अवसर पर समिति के मुख्य संरक्षक टी एस मनराल, सुमन रावत, डॉक्टर आर सी पंत, हरीश कांडपाल, गोपाल ग्रेवाल, पी सी पंत, नवीन बिष्ट, शंकर पांडे, एन के उपाध्याय, मौजूद रहे।

## संदिग्ध हालत में अधेड़ की मौत बहन ने जतायी हत्या की आशंका

लखनऊ। मदेयगंज क्षेत्र में युवक की संदिग्ध हालात में मौत के बाद बहन ने हत्या की आशांका जताते हुए जांच की मांग की है। पुलिस के मुताबिक गंज स्थित मदहगंज रूपपुर खदरा के रहने वाले सचिंद्र श्रीवास्तव (44) बेंगलुरु में प्राइवेट कंपनी में नौकरी करते थे 2020 पिता रमाकांत श्रीवास्तव की मौत के बाद वह नौकरी छोड़कर अपनी बीमार मां शन्नो श्रीवास्तव की देखभाल के लिए लखनऊ आ गए थे। चार माह पहले मां की भी मौत हो गई थी। वह घर पर अपने छोटे आलोक के साथ रह रहे थे। बहन दीप्ति ने बताया कि रविवार रात जानकारी हुई थी उनके भाई की तबीयत खराब है एवं उन्हें इलाज के लिए बलरामपुर अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत तो घोषित कर दिया। घर वाले जब बलरामपुर अस्पताल पहुंचे तो उन्हें सचिंद्र के सिर व आंख में चोट के निशान देखकर उन्होंने भाई की हत्या की आशंका जाहिर करते हुए अपने भाई आलोक एवं उसके साथ रह रही युवती से पूछताछ की मांग की है।

# ट्रैफिक सिपाही की वर्दी फाड़ी, तीन लोगों ने पीटा, गिरफ्तार

● रॉन्ग साइड से आ रही कार रोकने पर हुआ विवाद, कॉलर पकड़ा, जान से मारने की दी धमकी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** कृष्णानगर थाना क्षेत्र स्थित बाराबिरवा चौराहे पर रॉन्ग साइड से आ रही कार को रोकना यातायात पुलिसकर्मी को भारी पडा। विवाद के बाद कार सवार तीन लोगों ने सिपाही का कालर पकड़ा और मारपीट की। हमलावरों ने सिपाही की वर्दी फाड़ दी और जान से मारने की धमकी दी। इस मामले में सिपाही की तहरीर पर मामला दर्ज तीनों आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

बताते हैं कि यातायात पुलिस लाइन में तैनात कांस्टेबल जसवंत यादव 23 अगस्त की शाम करीब 4:30 बजे वह बाराबिरवा चौराहे पर ड्यूटी पर तैनात था। उसने गुजरात नंबर की एक कार को रॉन्ग साइड से आलमबाग की ओर आते देखा, जिससे यातायात बाधित हो रहा था। सिपाही ने कार को रोक लियाा। कार रोकने पर उसमें सवार तीन लोगों ने सिपाही पर रॉन्ग साइड से जाने देने का दबाव बनाया, जब सिपाही ने विरोध किया, तो आरोपियों ने गाली-गलौज और धमकी देना शुरू कर दिया। आरोप है कि संतोष वर्मा ने कांस्टेबल जसवंत यादव की वर्दी का कॉलर पकड़कर मारपीट की। आलोक कुमार और दीपक नामक दो अन्य आरोपियों ने भी मारपीट में उसका साथ दिया। इस हमले में सिपाही को चोटें आईं और उसकी वर्दी फट गई। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने बीच-बचाव कर सिपाही को बचाया। पीड़ित कांस्टेबल ने तीनों आरोपियों के खिलाफ कृष्णानगर थाने में तहरीर दी है, जिसमें एफआईआर दर्ज कर पुलिस ने तीनों आरोपितों संतोष वर्मा (27) पुत्र सुरेश वर्मा, निवासी एम 403 सूर्यम एलीगेस नियर माधव फार्म थाना ओढो एस0पी0 रिंग रोड वस्त्रालय अहमदाबाद, आलोक कुमार यादव (28) पुत्र श्री रामनयन यादव निवासी डाडवा आसोपुर थाना टांडा जनपद अंबेडकरनगर व दीपक पुत्र खुशीराम निवासी ग्राम सरीफपुर पोस्ट नन्दपुर थाना टांडा जनपद अंबेडकर नगर को गिरफ्तार कर लिया है।

## आत्महत्या के लिए उकसाने वाले को पुलिस ने पकड़ा

लखनऊ। मोहनलालगंज पुलिस ने महिला को आत्महत्या के लिये उकसाने वाले परिजन को गिरफ्तार किया है। पुलिस काकहना है कि 09 जुलाई को वादिनी ने 112 पर सूचना दी थी कि उसकी पुत्री ने अपनी बहन के मोबाइल पर कॉल पर रोते हुये कहा कि मुझे बचा लो, इसके बाद वादिनी अपने परिजनों के साथ अपनी पुत्री के ससुराल ग्राम खुजौली पहुंची तो वहां गुड़िया का शव संदिग्ध अवस्था में फांसी के फंदे के लटका पाया। मृतका के परिजनों से प्राप्त तहरीर के आधार पर मोहनलालगंज पुलिस नेमामला दर्जकर लिया।

जांच के बाद 12 जुलाई को अभियुक्त अनिल कुमार रावत उर्फ छोटू (34) पुत्र वंशीलाल निवासी ग्राम खुजौली थाना मोहनलालगंज को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। वांछित अभियुक्त्रो की गिरफ्तारी केलिए पुलिस उपायुक्त दक्षिणी ने दो पुलिस टीमों का गठन किया। गठित पुलिस टीम द्वारा टैक्निकल एवं मैनुअल साक्ष्यों एवं स्थानीय सूचना तंत्र के माध्यम से अभियुक्त सुनील रावत को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। शेष अभियुक्तों की तलाश जारी है।

## प्रताड़ना से टूटे युवक ने खाया जहर

**लखनऊ।** नगराम के दूल्हापुर हुसैनाबाद गांव निवासी युवक ने घरेलू कलह और कथित मानसिक-शारीरिक प्रताड़ना से टूटकर जहरीला पदार्थ निगलकर जान देने की कोशिश की। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे नगराम सीएचसी ले गए, जहां से चिकित्सकों ने गंभीर स्थिति में लखनऊ ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। वहां करीब 24 घंटे बाद युवक को होश आया। होश में आते ही उसने परिजनों को आपबीती सुनाई। मामले में न्यायालय के आदेश पर नगराम पुलिस ने बहन-बहनोई समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

नगराम के दुल्हापुर हुसैनाबाद निवासी आकाश कुमार का आरोप है कि वह बहन शिवांगी उर्फ बिट्टन, बहनोई रवि शास्त्री और माता-पिता के साथ रहता था। आरोप है कि बहन और बहनोई आए दिन उसे गाली-गलौज करते और घर से निकालने की धमकी देते थे। युवक के मुताबिक वह पंडिताई का काम करता है और उसकी कमाई भी दोनों कथित तौर पर छीन लेते थे। लगातार बढ़ती प्रताड़ना से परेशान होकर उसने करीब तीन महीने पहले घर में अलग रहकर अपना खाना खुद बनाना शुरू कर दिया था।

आकाश के अनुसार, एक जून की दोपहर वह घर में खाना बना रहा था। आरोप है कि इसी दौरान उसकी बहन ने उसके खाने में गंदा पानी डाल दिया और घर से बाहर जाकर काम करने को कहा। विवाद बढ़ने पर युवक पड़ोस के राकेश मिश्रा के मंदिर चला गया। आरोप है कि कुछ देर बाद वहां पहुंचे रवि शास्त्री ने उसके साथ गाली-गलौज और मारपीट की तथा घसीटते हुए घर ले गया। युवक का आरोप है कि घर पहुंचने पर बहन-बहनोई ने मिलकर उसकी पिटाई की और जान से मारने की धमकी दी।

## पत्नी ने प्रेमी और भाई के साथ मिलकर रची खौफनाक साजिश

**लखनऊ।** गोसाईगंज थाना क्षेत्र में 35 वर्षीय श्रमिक रामतीरथ की गुमशुदगी और मर्डर मिस्ट्री का पुलिस ने पदार्फाश कर दिया है। अवैध संबंधों और घरेलू विवाद के चलते पत्नी ने अपने भाई और चचेरे भाई के साथ मिलकर खौफनाक साजिश रची थी। पहले पति को खीर में नशे की छह गोलियां मिलाकर बेहोश किया, फिर ईंट से सिर पर प्रहार कर और मुंह दबाकर उसकी निर्मम हत्या कर दी। वारदात के बाद शव को बोरे में भरकर स्कूटी से ले जाकर बाराबंकी के सतरिख स्थित सूखी नहर में फेंक दिया था। पुलिस ने मामले में आरोपी पत्नी समेत तीनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है.

**3 जुलाई से लापता था श्रमिक:** गोसाईगंज निवासी 35 वर्षीय श्रमिक रामतीरथ 3 जुलाई को रहस्यमय परिस्थितियों में घर से लापता हो गया था। 5 जुलाई को बाराबंकी के सतरिख थाना क्षेत्र की एक सूखी नहर में बोरे में बंद एक अज्ञात युवक का शव मिला था. चेहरे पर गंभीर चोटों के निशान थे, लेकिन उस समय शव की शिनाख्त नहीं हो सकी थी. 10 जुलाई को सोशल मीडिया पर वायरल फोटो देखकर मृतक के पिता दयाराम ने शव की पहचान अपने बेटे रामतीरथ के रूप में की। पिता ने तत्काल अपनी बहू रामदुलारी, बेटे अवधेश और भतीजे सरजीत पर हत्या का गहरा शक जताया।

**अवैध संबंध और नशे की लत बनी कत्ल की वजह :** पुलिस जांच में सामने आया कि मृतक रामतीरथ की पत्नी रामदुलारी और उसके चचेरे भाई सरजीत के बीच अवैध संबंध थे। इसके अलावा, भाई अवधेश नशे का आदी था। रामतीरथ इन बातों का लगातार विरोध करता था, जिसे लेकर घर में आए दिन विवाद और कलह होती थी, इसी रास्ते के कांटे को हटाने के लिए तीनों ने मिलकर रामतीरथ को ठिकाने लगाने की खौफनाक योजना बनाई।

**खीर में दी नशे की 6 गोलियां:** पूछताछ में आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल करते हुए पूरी वारदात का खुलासा किया. 3 जुलाई की रात पत्नी रामदुलारी ने खीर बनाई और उसमें नशे की 6 गोलियां पीसकर मिला दीं. खीर खाते ही रामतीरथ अचेत होकर गिर पड़ा. इसके बाद अवधेश उसे उठाकर गोसाईगंज स्थित सरजीत के मकान पर ले गया. वहां तीनों ने मिलकर रामतीरथ पर ईंट से ताबड़तोड़ वार किए और कपड़े से मुंह व गला दबाकर उसकी हत्या कर दी. 5 जुलाई की तड़के अवधेश और सरजीत ने शव को एक प्लास्टिक के बोरे में भरा और स्कूटी पर लादकर बाराबंकी के सतरिख इलाके में सूखी नहर में फेंक आए।

## हत्या कर फेंकी गयी महिला की नहीं हुई शिनाख्त, पुलिस खंगाल रही सीसीटीवी फुटेज

लखनऊ। गोसाईगंज इलाके में पूर्वांचल एक्सप्रेस वे के किनारे हत्या कर झाड़ियों में फेंकी गयी महिला की दूसरे दिन भी शिनाख्त नहीं हो सकी है। गोसाईंगंज पुलिस महिला के शव की शिनाख्त के लिए सोशल मीडिया के साथ दूसरे श्रोतों से भी शिनाख्त कराने का प्रयास कर रही है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगालने का काम कर रही है।

जानकारी के मुताबिक बीते रविवार को लखनऊ के गोसाईगंज व बाराबंकी के लोनीकटरा थाने के बॉर्डर के पास रविवार की शाम बढ़ेहा गांव के पास पूर्वांचल एक्सप्रेस के किनारे झाड़ियों में शव मिला था। शव की शिनाख्त न हो पाये इस लिए शव का चेहरा ईट से कूच कर बिगाड़ा गया। गोसाईंगंज पुलिस शिनाख्त के लिए एक्सप्रेस वे पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। इंस्पेक्टर गोसाईंगंज दिलेश कुमार सिंह ने बताया कि एनएचआई के कैमरों की फुटेज चेक करने के साथ मैनुअल व सर्विलांस सेल की भी मदद ले रहे है। शिनाख्त हो गई तो हत्यारोपियों तक पहुंने का सुराग भी मिल सकता है।

# रेलवे लाइन की पटरी पर दो शव मिलने से मचा हड़कंप

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में सोमवार को रेलवे लाइन की पटरी पर दो शव मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों की पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन मौके पर दोनों शवों की शिनाख्त नहीं हो सकी। बाद में पोस्टमार्टम हाउस पहुंची महिला ने एक शव की पहचान अपने 16 वर्षीय बेटे कृष्णा शर्मा के रूप में की।

पुलिस के मुताबिक सोमवार सुबह करीब 11:30 बजे आलमनगर से उतरठिया की ओर जा रही ट्रेन के चालक ने सरोजनीनगर थाना क्षेत्र स्थित ट्रांसपोर्ट नगर स्टेशन मास्टर को रेलवे लाइन पर दो लोगों के शव पड़े होने की सूचना दी। स्टेशन से जानकारी मिलने पर सरोजनीनगर पुलिस मौके पर पहुंची। जहाँ कानपुर रोड स्थित बीमा अस्पताल के पास रेलवे लाइन किनारे थोड़ी थोड़ी दूरी पर करीब 16 वर्षीय किशोर और करीब 25 वर्षीय युवक के शव पड़े मिले। पुलिस ने आसपास के लोगों को बुलाकर उनकी पहचान कराने की कोशिश की, लेकिन उनकी पहचान नहीं हो सकी। बाद में पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर घटना को लेकर आसपास लोगों में चर्चा हुई तो कृष्णा नगर थाना क्षेत्र के अलीनगर सुनहरा स्थित हरिओम नगर निवासी महिला रीता को इस बारे में पता चला। तब उसने पोस्टमार्टम हाउस पहुंचकर नाबालिक की पहचान अपने बेटे कृष्णा शर्मा (16) के रूप में की। पुलिस के मुताबिक महिला रीता कृष्णानगर थाना क्षेत्र के अलीनगर सुनहरा स्थित हरिओम नगर में किराए के मकान में मृतक कृष्णा और छोटे बेटे देवराज के साथ रहती हैं। कृष्णा नादरगंज स्थित ई-रिक्शा फैक्ट्री में ठेकेदार के अंडर में रिक्शा बांधने का काम करता था। रीता के मुताबिक कृष्णा सोमवार सुबह घर से टिफिन लेकर ड्यूटी जाने की बात कहकर निकला था। वहीं पुलिस की शुरूआती जांच में पता चला है कि कृष्णा अपने एक साथी के साथ रेलवे ट्रैक पर बैठा गाँजा पी रहा था। तभी ट्रेन की चपेट में आने से दोनों की मौत हो गई। फिलहाल पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस दूसरे युवक की पहचान कराने का प्रयास कर रही है।

**सड़क पार कर रहे युवक को बाइक ने मारी टक्कर, दो घायल:** मलिहाबाद थाना क्षेत्र में सोमवार शाम करीब सात बजे सहिलामऊ गांव के सामने नेशनल हाईवे-731 पर सड़क हादसे में बाइक सवार समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ जब एक युवक सड़क पार कर रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार बाइक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी।

## कार-बाइक की भिड़ंत में युवक की मौत

**लखनऊ।** मलिहाबाद थाना क्षेत्र के काजीखेड़ा निवासी 21 वर्षीय सुमित यादव की सड़क हादसे में मौत हो गई। रविवार शाम वह बाइक से रहीमाबाद के गहदो बाजार जा रहा था। नारायणपुर गांव के पास ऑटो को बचाने के प्रयास में उसकी बाइक सामने से आ रही स्विफ्ट डिजायर कार से टकरा गई। हादसे में सुमित गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल सुमित को माल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए उसे ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। ट्रॉमा सेंटर में उपचार के दौरान रविवार देर रात सुमित की मौत हो गई। सुमित माल के पारा गांव में बिल्डिंग मैटेरियल की दुकान चलाता था। उसकी मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मृतक के पिता रामस्वरूप, मां रूपा और दो भाई अमित व गौरव का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने हादसे में क्षतिग्रस्त बाइक और कार को कब्जे में ले लिया है। रहीमाबाद इंस्पेक्टर अरुण कुमार त्रिगुणायक ने बताया कि तहरीर के आधार पर कार के नंबर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले में आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि0
अधीक्षण अभियंता विद्युत वितरण मण्डल अयोध्या।

ई-निविदा सूचना, वि.आ.सं. 13091 एवं दिनांक 22.08.2026

निविदा सं. एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण

1. 57/EDC (Ayodhya)/2026-27: अधिशासी अभियन्ता, 11 केवी एण्ड एल.टी., वर्टिकल, अयोध्या के अन्तर्गत भवष्यि में स्वीकृत होने वाले जमा योजना के रनिंग कार्य। ई-निविदा प्रपत्र शुल्क रु. 3540.00 तथा धरोहर राशि रू. 84000.00।

2 58/EDC (Ayodhya) / 2026-27 : अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड-दर्शननगर, अयोध्या के अन्तर्गत भवष्यि में स्वीकृत होने वाले जमा योजना के रनिंग कार्य। ई-निविदा प्रपत्र शुल्क रु० 3540.00 तथा धरोहर राशि रू0 25000.00।

3. 59/EDC (Ayodhya) / 2026-27 : अधिशासी अभियन्ता, 33 केवी एण्ड पी०आर० वर्टिकल, अयोध्या के अन्तर्गत आने वाले समस्त 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्रों के इनकमिंग एवं आउटगोइंग फीडर पैनलों, पावर परिवर्तकों एवं स्विचगियर के अनुरक्षण का कार्य। ई-निविदा प्रपत्र शुल्क रु. 1120.00 तथा धरोहर राशि रू. 8400.00।

4. 60/EDC (Ayodhya) / 2026-27 : अधिशासी अभियन्ता, 33 केवी एण्ड पी०आर० वर्टिकल, अयोध्या के अन्तर्गत आने वाले समस्त 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्रों के इनकमिंग एवं आउटगोइंग फीडर पैनलों, पावर परिवर्तकों एवं स्विचगियर के टेस्टिंग का कार्य। ई-निविदा प्रपत्र शुल्क रु. 1120.00 तथा धरोहर राशि रू. 8400.00।

5. 61/EDC (Ayodhya) /2026-27 : अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड-रूदौली, अयोध्या के अन्तर्गत आने वाले क्षेत्रों में विभिन्न स्थानों पर जर्जर / क्षतिग्रस्त विद्युत तंत्रों, जर्जर / क्षतिग्रस्त 9/11 मीटर एस.टी./पी.सी.सी. विद्युत खंभों को बदलने / मरम्मत का कार्य। ई-निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 1180.00 तथा धरोहर राशि रू. 8000.00।

ई निविदा की अंतिम तिथि: 07 सितम्बर 2026, 17.00 बजे।

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध हैं। अग्रेतर समस्त सूचनाएं वेबसाइट पर ही प्रदर्शित की जाएंगी।

# परीक्षा में नकल कराने वाले दो अभियुक्त गिरफ्तार

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** परीक्षा केंद्र में अनुचित साधनों ने नकल कराने वाले दो अभियुक्तों को महानगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है, जिसमें मास्टर माइंट भी शामिल है। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से 04 मोबाइल व 04 सिम, 13 मार्कशीट व शैक्षणिक प्रमाण पत्र, 05 ब्लैंक चेक, 02 चेकबुक, 01 रसीद लैपटॉप सर्विस, 01 छायाप्रति एडमिट कार्ड, 01 छायाप्रति आधार कार्ड, 02 जमा पर्ची बैंक ऑफ बडौदा, 02 पैनकार्ड, 02 एटीएम कार्ड, 02 ड्राइविंग लाइसेन्स, 02 आधार कार्ड, 01 प्रधानमन्त्री जन आरोग्य योजना कार्ड, 01 परिचय पत्र माध्यमिक शिक्षा परिषद, 01 पाकेट डायरी, 02 चाभी गुच्छा, इलेक्ट्रानिक डिवाइस रैपर व 50,000/- रू0 नगद बरामद किया है।

पुलिस का कहना है कि सूचना परकार्रवाई करते हुए आरोपित बृजेश कुमार यादव उर्फ बब्लू पुत्र दान बहादुर यादव निवासी ग्राम सराय केवट पोस्ट खुझीडीह थाना सुजानगंज जनपद जौनपुर, हालपता ए0के0 सिंह का किराये का मकान 95/25उ सर्वोदय नगर अमिताभ बच्चन रोड, अल्लापुर, थाना जार्जटाउन प्रयागराज व रमेश चन्द्र पटेल के खिलाफ विवेचना के बाद मुकदमा धारा 61(2)/318(4) बीएनएस व 13(५) उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) अधिनियम, 2024 में तरमीम किया गया। अभियुक्त रमेश चन्द्र पटेल की गिरफ्तारी के लिए टीम का गठन किया गया। सूचना प्राप्त हुई कि अभियुक्त बृजेश कुमार यादव को एक साथी अमित होटल निशातगंज चौराहे पर रूका है। इस सूचना पर गठित टीम के प्रभारी ने होटल के रजिस्टर को चेक किया तो पाया कि सीरियल नंबर 2098 में 02 व्यक्ति रूके थे जिनका नाम बृजेश कुमार यादव उपरोक्त व सत्यप्रकाश यादव पुत्र अच्छे लाल यादव है। तत्पश्चात सीसीटीवी कैमरा के माध्यम से दूसरे साथी सत्यप्रकाश का हुलिया एवं वीडियो निकालकर तलाश की गयी तो वह दयानन्द इण्टर कालेज से कुछ दूरी पर अपने साथी का इंतजार करता हुआ मिला, जिसने बताया कि मै और बृजेश कुमार यादव परीक्षा देने आए थे मेरी बात रमेश चन्द्र पटेल पुत्र तुलसीराम निवासी ग्राम रामपुर थाना मछलीशहर जनपद जौनपुर हालपता मौजी होटल के पीछे तिलकनगर थाना दारागंज जनपद प्रयागराज में नकल करने को लेकर बातचीत हुईथी, जिसके फलस्वरूप आरोपी सत्यप्रकाश को लेकर पुलिस टीम प्रयागराज पहुंची तथा संगम रेलवे स्टेशन के सामने रमेश चन्द्र पटेल को बुलाया गया। उनसे पूछताछ करने पर ज्ञात हुआ कि उक्त दोनो अभियुक्त परीक्षा में नकल में सम्मिलित हैं तथा पूछताछ करने पर प्रथम व्यक्ति ने अपना नाम सत्यप्रकाश यादव पुत्र अच्छेलाल निवासी ग्राम व पोस्ट जमऊ पट्टी थाना सिमरामऊ जनपद जौनपुर हालपता कच्ची सड़क दारागंज प्रयागराज बताया। जिसके कब्जे से एटीएम कार्ड, एक अदद आधार कार्ड, पैन कार्ड, इलेक्ट्रानिक डिवाइस व एक अदद रशीद लैपटॉप आदि मिला। दूसरे आरोपी रमेश चन्द्र पटेल पुत्र तुलसीराम निवासी ग्राम रामपुर थाना मछलीशहर जनपद जौनपुर हालपता मौजी होटल के पीछे तिलकनगर थाना दारागंज जनपद प्रयागराज बताया जिसके कब्जे से एक अदद पैन कार्ड, एक अदद एक्सिस बैंक एटीएम कार्ड, एक अदद डीएल व एक अदद आधार कार्ड व एक अदद प्रधानमन्त्री आरोग्य योजना कार्ड व 13 अदद मार्कशीट व शैक्षणिक प्रमाण पत्र आदि विभिन्न व्यक्तियों के नाम से मिले।

## नाबालिग के साथ गलत काम करने वाला गिरफ्तार

लखनऊ। निगोहां पुलिस ने नाबालिग के साथ गलत काम करने वाले अभियुक्त को 24 घण्टे के अन्दर गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है रविवार को पीड़ित ने प्रार्थना पत्र देकर थाना निगोहां पर अभियुक्त आकाश के खिलाफ अपनी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर बाग में ले जाकर वहां पर उसके साथ गलत काम करने का मामला दर्ज कराया गया था। पुलिस ने धारा-65(1) बीएनएस व 4(2) पॉक्सो एक्ट पंजीकृत किया था। प्रकरण की गम्भीरता को देखते हुए अभियुक्त की शीघ्र गिरफ्तारी के लिए पुलिस उपायुक्त दक्षिणी के निर्देशन में दो पुलिस टीम का गठन किया। गठित पुलिस टीम द्वारा टैक्निकल एवं मैनुअल व स्थानीय सूचना तंत्र का माध्यम से नामित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

सूचना

सूचित किया जाता है की मेरी भारतीय जीवन बीमा निगम की पॉलिसी स. 217552439 में मेरा नाम दया शंकर पुत्र घूर सिंह दर्ज है, जबकि मेरे समस्त अभिलेखों में जय शंकर पुत्र घूरा दर्ज है। उपरोक्त जय शंकर व दया शंकर पुत्र घूरा व घूर सिंह दोनों नाम मेरे व मेरे पिता के ही है। **जय शंकर पुत्र घूरा नि. ग्राम जयराम कौडीया जैराम पोस्ट अहिरौली जिला देवरिया उत्तर प्रदेश 274509**


सावन के आखिरी सोमवार पर मनकामेश्वर मंदिर में लगी भक्तों की लंबी कतार


भगवान शिव की पूजा-अर्चना करते श्रद्धालुगण


जलाभिषेक करते श्रद्धालु

फोटो-अमित वर्मा

# शिवालयों में गूंजा बम-बम भोले, भक्तों ने लिया महादेव का आशीर्वाद

## सावन के चौथे व अंतिम सोमवार पर राजधानी के सभी शिव मंदिरों में लगी श्रद्धालुओं की कतार, भोर में हुई भस्म आरती





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। सावन के चौथे व अंतिम सोमवार पर बड़ी संख्या में भक्तों ने मंदिर पहुंचकर भोलेनाथ के दर्शन किए। बारिश के बावजूद भोर से ही मंदिर के बाहर भक्तों की कतारें लग गई। बम भोले और हर-हर महादेव के जयकारों से शिवालय गूंज उठे। सावन के चौथे सोमवार पर डालीगंज स्थित मनकामेश्वर मठ मंदिर, मोहान रोड स्थित बुद्धेश्वर महादेव मंदिर, राजेंद्रनगर स्थित श्री महाकाल मंदिर, सदर स्थित द्वादश ज्योतिर्लिंग मंदिर, चौक स्थित कोनेश्वर, ठाकुर गंज स्थित पूर्वी मंदिर, बड़ा शिवालय, छोटा शिवालय और निरालानगर स्थित नर्मदेश्वर महादेव आदि मंदिरों में भक्तों ने पहुंचकर भोलेनाथ का आशीर्वाद लिया। राजधानी के सभी शिवालयों में सुबह से ही हर-हर महादेव के जयकारे गूंज रहे थे। कोई हर-हर महादेव तो कोई ओम नमः शिवाय के मंत्रों का उच्चारण कर रहा था, हर तरफ भोले बाबा के मंत्रों का जाप चल रहा था। राजधानी के ऐतिहासिक सिद्धपीठ मनकामेश्वर मंदिर की महंत देव्या गिरि ने श्रद्धालुओं के लिए आरती के साथ ही दर्शन के लिए मंदिर के कपाट खोल दिए थे।

**मनकामेश्वर मठ मंदिर में जल से अभिषेकः** डालीगंज स्थित महादेव मंदिर के कपाट भक्तों के लिए सुबह पांच बजे खुल गए। आदि गंगा गोमती के11 कलश जल से भोलेनाथ का अभिषेक हुआ। एक कुंतल खीर का भोग लगाकर भक्तों के बीच प्रसाद बांटा गया। सुबह करीब नौ बजे तक भक्तों की भीड़ लगी रही। दिन भर भक्तों का मंदिर आने का सिलसिला जारी रहा। मनकामेश्वर मंदिर मे भोर से ही लोगों की कतारें लगनी शुरू हो गई थी। शिव भक्तो ने सुरक्षा व्यवस्था के बीच दर्शन किए। महंत देव्या गिरि ने भोर की आरती की। उसके बाद 5:30 बजे पट दर्शन के लिए खोले गये।

**बाबा का दूध, बेसन, शहद और दही से किया अभिषेकः** डालीगंज के मनकामेश्वर मंदिर में सबसे पहले गोमती के जल से महादेव का जलाभिषेक हुआ उसके बाद बाबा का दूध, बेसन, शहद, दही, तिल, जौ व चन्दन से बाबा महाअभिषेक एवं रुद्राभिषेक किया। ढोल, नागफनी, डमरू, शंख, नगाड़ा, मजीरा की ध्वनि पर जब महाआरती हुई उस क्षण पूरा मंदिर प्रांगण हर हर महादेव और जय शिव शम्भू जयघोष से गूंज उठा। श्रावण का अंतिम सोमवार होने के कारण श्रद्धालुओ की लम्बी लाइन लगी रही।

**महाकाल मन्दिर में हुआ रुद्राभिषेकः** राजेन्द्रनगर के महाकाल मन्दिर में सावन के चौथे व अंतिम सोमवार को उज्जैन से मंगाया गया हरिहर जल से बाबा का अभिषेक हुआ। उसके बाद ब्रम्ह मुहूर्त में बाबा महाकाल की भस्म आरती हुई। उसके बाद भक्तों की ओर से महारुद्राभिषेक हुआ। रुद्राभिषेक में 51 लीटर दूध, 51 लीटर दही, सवा किलो शहद और सवा किलो शरकरा आदि पूजन सामग्री के साथ पूजन हुआ। शाम को 151 दीपों से महाकाल की भव्य आरती हुई। आरती के समय जय शिव ओंकारा तथा बाबा महाकाल के जयघोष से मन्दिर गूंज रहा था। अगले क्रम मे अमिताब अग्रवाल के सहयोग से बाबा को छप्पन भोग लगाया गया। बाद में छप्पन भोग प्रसाद को भक्तों को बांटा गया।

### भक्तों ने किया भोलेनाथ का बर्फ से श्रृंगार

लखनऊ। सावन के सोमवार और त्योहारों पर भगवान शिव को महाकाल या अन्य दिव्य स्वरूपों में सजाया जाता है। इसी के तहत सोमवार को डालीगंज ढलाईघर के भोलेश्वर महादेव मंदिर में बाबा भोलेनाथ का भव्य बर्फ का श्रृंगार और मनोरम झांकी सजाई गई। इस मौके पर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने बाबा के दर्शन-किये और पूजा करते हुए अपनी मनोकामना की मन्नत मांगी। इस वर्ष बर्फ के श्रृंगार का आकर्षण बर्फ पर नक्काशी से कैलाश पर्वत की श्रृंखलाओं एवं झरनों का भव्य दृश्य रहा। स्थानीय नागरिकों के सहयोग से प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले इस धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन में श्रद्धालुओं ने बाबा भोलेश्वर महादेव के दिव्य स्वरूप के दर्शन किये। महादेव मंदिर में बाबा भोलेनाथ का भव्य और आकर्षक श्रृंगार किया गया। भक्तों ने फूलों, भांग, चंदन, और आभूषणों से सजे भगवान शिव के अलौकिक रूप के दर्शन किये। इस दौरान भक्तों के बीच महाआरती के बाद प्रसाद बांटा गया। इस दौरान महामंत्री अनिल कुमार अग्रवाल, डॉ.शिव शंकर अग्रवाल, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, प्रदीप बंसल, जितेन्द्र बंसल और राजीव अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

जब बाबा का प्रसाद बंटा तो प्रसाद पाने के लिए भक्तों की लम्बी कतारे लग गई।

**नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में 108 बेलपत्रों से हुआ अभिषेकः** सावन के चौथे व अंतिम सोमवार पर निराला नगर स्थित पांच पीढ़ियों से प्रतिष्ठित नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में सर्वकल्याण के लिए 108 बेलपत्रों से अभिषेक किया गया। रोशनी से जगमग मंदिर परिसर में शंखवादन और घंटों के साथ बाबा की स्तुति आचार्य के मार्गदर्शन में विधिवत की गई।

**यहां भी हुए दर्शनः** सावन के अंतिम सोमवार पर चौक के कोतवालेश्वर, कोनेश्वर मन्दिर, ठाकुरगंज के कल्याण गिरि मन्दिर, रकाबगंज के सिद्धिनाथ मन्दिर, नागेश्वर मन्दिर, लालकुआं स्थित महाकालेश्वर मन्दिर, ठाकुरगंज के मां पूर्वी देवी एवं महाकालेश्वर मन्दिर, चौपटिया के बडा शिवाला और छोटा शिवाला में भी लोग दर्शन करने पहुंचे।

**सिद्धेश्वर मंदिर में 16 वर्षों से जल रही अखंड ज्योतिः** गोसाईंगंज स्थित सिद्धेश्वर महादेव धाम मंदिर बहुत प्राचीन है। करीब सात सौ वर्ष पुराने मंदिर का शिवलिंग स्वयंभू है। इस मंदिर में बीते 16 वर्षों से अखंड ज्योति निरंतर जल रही है। ऐसी मान्यता है कि नाग पंचमी और रक्षाबंधन पर इस मंदिर में नाग देवता भक्तों को दर्शन भी देते हैं। गोसाईंगंज कस्बा निवासी पंडित अंबिका प्रसाद मिश्रा बताते है कि मंदिर का शिवलिंग स्वयंभू है। ऐसा कहा जाता है कि मुगलशासन काल में कस्बे में एक मस्जिद का निर्माण कराया जा रहा था। इसके लिए कुछ दूरी पर मजदूर मिट्टी खोद कर ले जा रहे थे। इस दौरान एक जगह पर जब मजदूर मिट्टी खोद रहे थे तो उन्हें शिव लिंग सी आकृति दिखाई दी। देखते ही देखते वहां से सांप निकलने शुरू हो गए। यह देख मजूदर वहां से भाग खड़े हुए। इसकी जानकारी तत्कालीन मुगल शासक को दी गई। इसके बाद लोगों ने इस स्थान पर मंदिर का निर्माण कराया। स्थानीय लोग बताते है कि मंदिर और कस्बे के मध्य बनी मस्जिद के गुम्बदों की बनावट लगभग एक जैसी है।

**भक्त दूर-दूर से आते हैं शिवलिंग के दर्शन के लिए :** मंदिर के पुजारी रामकरन गिरी बताते है मंदिर में बीते 15 वर्षों से निरंतर अखंड ज्योति जल रही है। वहीं करीब 20 वर्ष पहले कुछ भक्तों ने इस शिवलिंग को पारा व तांबे धातु के पत्तर से मढ़ाया था। इस सिद्ध शिवलिंग के दर्शन के लिए भक्त दूर दूर से आते हैं। ऐसी मान्यता है कि सुखी दाम्पत्य जीवन की कामना के साथ कस्बे समेत गांव-गांव से नव विवाहित जोड़े सिद्धेश्वर बाबा के दर्शन के लिए जरूर आते हैं। मंदिर के पुजारी श्री गिरी बताते हैं कि नागपंचमी और रक्षाबंधन को मंदिर में नाग देवता अपने भक्तों को दर्शन देते हैं। वह बताते हैं कि हर माह शुक्लपक्ष की त्रयोदशी को मंदिर में रुद्राभिषेक किया जाता है।

**उज्जैन की तर्ज पर हुई महाकाल की आरतीः** सावन के चौथे व अंतिम सोमवार पर राजेंद्र नगर द्वितीय मार्ग स्थित महाकाल मंदिर में सुबह भस्म आरती के साथ दर्शन शुरू हो गए। संयोजक अतुल मिश्र ने उज्जैन की तर्ज पर महाकाल की आरती की तो पूरा परिसर शिवमय हो गया। महाकाल के जयकारे से पूरा मंदिर परिसर गुंजायमान हो उठा। मंदिर के बाहर शारीरिक दूरी के साथ ही एलईडी पर श्रद्धालुओं ने बाबा की आरती के दर्शन किए।

**अयप्पा मंदिर में हुआ रुद्राभिषेकः** गोमतीनगर के लॉर्ड अयप्पा मंदिर में रुद्राभिषेक शुरू हुआ। चौक के छोटा व बड़ा शिवाला के साथ ही कल्याण गिरि मंदिर में पुजारी ने बाबा का श्रृंगार किया और श्रद्धालुओं ने बाहर से ही दर्शन किए। कोनेश्वर मंदिर और कोतवालेश्वर मंदिर में केवल पुजारी ने ही बाबा का श्रृंगार किया। हनुमान सेतु मंदिर परिसर के शिव लिंग के दर्शन भी बाहर से किए गए। गुलाचिन मंदिर, पिपलेश्वर महादेव मंदिर, मौनी बाबा मंदिर, तुलसी मानस मंदिर और इंद्रेश्वर मंदिर समेत राजधानी के सभी शिव मंदिरों में सुरक्षा बंदोबस्त के बीच श्रद्धालुओं ने भगवान शिव की आराधना की।

# सावन का चौथा व अंतिम मंगला गौरी व्रत आज

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। 25 अगस्त मंगलवार को श्रावण महीने का चौथा मंगला गौरी व्रत रखा जाएगा। इस दिन सुहागिनें अपने पति की लंबी उम्र और सुख-समृद्धि के लिए यह व्रत रहती हैं। साथ ही कुंवारी युवतियां भी मनोवांछित वर पाने के लिए यह व्रत रखती हैं। श्रावण अधिक मास के मंगल गौरी व्रत के दिन उपवास रखकर माता गौरी की पूजा करके उनसे ऋण मुक्ति के लिए प्रार्थना करें।

मंगलवार के दिन गुड़ और चने का प्रसाद बांटें। मंगल के दिन वटवृक्ष के 11 पत्तों पर 11 आटे के दीपक रखकर उसमें चमेली का तेल डालकर हनुमान मंदिर में जलाएं। कर्ज से मुक्ति के रास्ते मिलेंगे। मंगला गौरी व्रत के दिन विधिवत रूप से मंगला गौरी माता, मंगल देव और हनुमान जी की पूजन करके मंत्र ॐ हनुमते नमः, श्री मंगला गौरी मंत्र- ॐ गौरीशंकराय नमः का 108 बार जप करें। मंगल के दिन किसी को ऋण न दें, बल्कि ऋण चुकता करें। इस दिन कर्ज चुकाने से फिर कभी ऋण लेने की आवश्यकता नहीं पड़ती। साथ ही ऋण मोचन अंगारक स्तोत्र का पाठ करने से भी कर्ज से छुटकारा मिलता है।

**मिलेगा अखंड सौभाग्य का आशीर्वादः** मंगला गौरी व्रत सावन महीने के हर मंगलवार को रखा जाता है। यह तिथि माता पार्वती को समर्पित मानी जाती है। मान्यता है कि, महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र और प्रेम जीवन की खुशहाली के लिए यह व्रत रखती हैं। धार्मिक ग्रंथों में इस उपवास को दांपत्य जीवन में प्रेम और विश्वास बढ़ाने वाला भी माना जाता है। साथ ही ज्योतिषीय मान्यताओं के अनुसार, इस व्रत के प्रभाव से मंगल दोष से राहत मिलने की भी मान्यता है। ऐसे में सावन के आखिरी मंगलवार को पूरे विधि-विधान से पूजा करने से व्रत का पूर्ण फल प्राप्त हो सकता है।

सावन मास का चौथा और आखिरी मंगला गौरी व्रत 25 अगस्त 2026 को रखा जाएगा। इस दिन उत्तराषाढा नक्षत्र बन रहा है और आयुष्मान का संयोग भी पूजा के लिए भक्तों को प्राप्त हो रहा है। ऐसे में पूजा करना और भी लाभकारी हो सकता है।

**व्रत की पूजा विधिः** मंगला गौरी व्रत की पूजा के लिए एक साफ चौकी पर माता पार्वती और भगवान शिव की तस्वीर स्थापित करें। माता पार्वती को लाल रंग के वस्त्र अर्पित करें और उनका श्रृंगार करें। वहीं महादेव को चंदन लगाएं और बेलपत्र अर्पित कर दें। पूजा में आप पान, फल, मिठाई, इलायची, लड्डू, सुपारी और फूल आदि अर्पित करें। इस समय देवी को सुहाग का सामान भी जरूर चढ़ाएं, इससे रिश्तों में सुख-शांति की कामना पूरी होती हैं। इसके बाद घी का दीपक जलाएं और धूपबत्ती अर्पित करें। माता को पांच प्रकार के मेवे और अपनी श्रद्धा के अनुसार अन्य भोग अर्पित करें। मंगला गौरी व्रत की कथा का पाठ अवश्य करें और भगवान शिव-माता पार्वती का ध्यान करें। अंत में आरती करें और पूजा के दौरान हुई किसी भी भूल के लिए क्षमा प्रार्थना करें।

# पुस्तक भारत की महिला काव्य रत्न का लोकार्पण

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




लखनऊ। विश्व हिन्दी रचनाकार मंच दिल्ली ने लखनऊ के प्रेस क्लब में नारी रत्न सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ समारोह के मुख्य अतिथि राघवेन्द्र ठाकुर ने अध्यक्षता लखनऊ की प्रख्यात कवयित्री डॉ. शोभा दीक्षित 'भावना', माँ शारदे की ज्योति प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर कवि राममूर्ति 'अधीर' ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। समारोह में मंच के संस्थापक राघवेन्द्र ठाकुर द्वारा संपादित पुस्तक भारत की महिला काव्य रत्न (खंड-3) का लोकार्पण किया। इस पुस्तक में देश की 101 चयनित महिला रचनाकारों की रचनायें प्रकाशित की गई हैं। इस अवसर पर प्रयागराज की वरिष्ठ कवयित्री डॉ. पूर्णिमा पाण्डेय द्वारा रचित पुस्तक छंद मणिका का लोकार्पण कया गया। समारोह की विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ कवयित्री डॉ. हेमा पाण्डेय व कवयित्री डॉ. पूर्णिमा पाण्डेय मौजूद रहीं। स्वागत संबोधन डॉ. विभा प्रकाश ने व संचालन कवयित्री मीनाक्षी सिंह ने किया। इस अवसर पर संस्थापक राघवेन्द्र ठाकुर ने 40 महिला रचनाकारों को लखनऊ नारी रत्न सम्मान व लखनऊ नारी गौरव सम्मान से सम्मानित किया। अंत में डॉ हेमा पांडे ने समस्त अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

### ख्वाहिशें का नाट्य मंचन आज

लखनऊ। नगर की सुप्रसिद्ध एव प्रतिष्ठित नाट्य संस्था आकांक्षा थिएटर आर्ट्स लखनऊ द्वारा भारत सरकार के सस्कृति मन्त्रालय, नई दिल्ली के रिपेट्री ग्राट वर्ष 2026-27 की प्रथम प्रस्तुति के रूप में आयोजित सुप्रसिद्ध फ्रासीसी नाटककार अल्बेयर कामू की नाट्य रचना ख्वाहिशें का नाट्य मंचन नगर के वरिष्ठतम रग निर्देशक प्रभात कुमार बोस, उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी अवॉर्डी के कुशल निर्देशन में 25 को स्थानीय बौध शोध सस्थान, गोमती नगर लखनऊ में सायकाल 7 बजे मचित किया जा रहा है। इस नाटक का उद्घाटन एवं दीप प्रज्जवलन इजी . मशर्रत नूर खाँन, भूतपूर्व मुख्य अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग लखनऊ के शुभ करकमलो द्वारा उद्घाटन एव प्रज्जवलित कर सम्बन्धित कलाकारों को आशीर्वाद प्रदान करेगें। यह जानकारी सस्था के अध्यक्ष बीएन ओझा, आलोक कुमार पाण्डेय सरक्षक एव अचला बोस, सचिव ने एक सयुक्त रूप से जानकारी प्रेस विज्ञप्ति द्वारा दी।

# रिद्धि किशोर व डंडा को मिला सृजन सम्मान

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




लखनऊ। यू पी प्रेस क्लब व उत्तर प्रदेश साहित्य सभा द्वारा आज 172 वां सृजन सम्मान वरिष्ठ हास्य कवि डॉ डंडा लखनवी व गोमती सफाई अभियान के समर्पित कार्यकर्ता रिद्धि किशोर गौड़ को, हसीब सिद्दीकी सर्वेश अस्थाना, शिवशरण सिंह मुकुल महान व डॉ सुभाष गुरुदेव ने दिया। रिद्धि किशोर गौड़ ने जल संचयन के तरीके व जल को प्रदूषण से मुक्त करने के उपाय बताये। इसके पश्चात अरविंद झा के संयोजन व संचालन तथा सच्चिदानंद शलभ की अध्यक्षता में राजीव वर्मा वत्सल की वाणी वंदना से प्रारंभ कविसम्मेलन में रवि शंकर रवि, प्रभात शंकर, मधु पाठक मांझी, रश्मि शरद, तमाचा लखनवी, प्रतिभा श्रीवास्तव, सुरभि सिंह, प्रमोद श्रीवास्तव, विशाल श्रीवास्तव, योगी योगेश शुक्ल, डॉ सुभाष रसिया, विजय अग्रहरि आलोक, प्रभा अरोरा, विजय तन्हा, ठेठ लखनवी, रणवीर बहादुर, सरल तिलहरी, नीलम दीक्षित, अनिता सुधीर, प्रो जहाँ आरा, अनिता अरोरा, प्रवीण आवारा, गंगेश मिश्र, मधुकर नाथ, शकुंतला श्रीवास्तव, पूर्णिमा भसीन, डॉ राकेश प्रताप सिंह आदि ने शानदार मुक्तक पढ़ कर वातावरण को रसमय किया। धन्यवाद ज्ञापन मुकुल महान ने किया।

# भातखण्डे की कार्य परिषद बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णयों पर लगी मुहर

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय, लखनऊ में विश्वविद्यालय की कार्य परिषद की महत्वपूर्ण बैठक कुलपति प्रो. मांडवी सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में विश्वविद्यालय के शैक्षणिक, प्रशासनिक, वित्तीय एवं सांस्कृतिक विकास से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया तथा विश्वविद्यालय के हित में अनेक महत्वपूर्ण प्रस्तावों को अनुमोदन प्रदान किया गया।

बैठक में कार्य परिषद के सदस्य के रूप में मालिनी अवस्थी, प्रो. उमा गर्ग, प्रो. मंजुला चतुर्वेदी, वित्त नियंत्रक संस्कृति निदेशालय उ0 प्र0 कृष्ण कुमार पाण्डेय, क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी प्रो0 अश्वनी कुमार मिश्र, विश्वविद्यालय के कुलसचिव एस. पी. सिंह, वित्त अधिकारी मनीष कुमार कुशवाहा समेत विश्वविद्यालय की गायन एवं स्वरवाद्य विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. सृष्टि माथुर, नृत्य विभाग के विभागाध्यक्ष ज्ञानेन्द्र दत्त बाजपेयी बैठक में उपस्थित रहे। बैठक में विश्वविद्यालय की संगीत एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के सुचारु संचालन के लिए संगतकर्ता के रूप में कार्य करने हेतु पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए जाने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई। इसके लिए 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए जाएंगे। चयन प्रक्रिया विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित नियमों एवं मानकों के अनुसार सम्पन्न की जाएगी। विश्वविद्यालय की परीक्षा व्यवस्था को अधिक व्यवस्थित एवं पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से उत्तरपुस्तिकाओं के संरक्षण की अवधि तीन वर्ष निर्धारित किए जाने का निर्णय लिया गया। विश्वविद्यालय के विभिन्न विषयों में शैक्षणिक कार्यों को सुचारु रूप से संचालित करने तथा विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अस्थायी विषय विशेषज्ञों के चयन संबंधी प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। विश्वविद्यालय की परीक्षा प्रणाली की गुणवत्ता एवं व्यवस्थाओं को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए परीक्षा नियंत्रक द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। कार्य परिषद ने परीक्षा प्रक्रिया में गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं सुव्यवस्था बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। बैठक में विश्वविद्यालय में पूर्व में प्रदान की गई अनुकंपा नियुक्ति का भी अनुमोदन किया गया। विश्वविद्यालय के प्रमुख सांस्कृतिक मंच कला मंडपम प्रेक्षागृह को आधुनिक आवश्यकताओं के अनुरूप और अधिक सुदृढ़ एवं सुविधासंपन्न बनाने पर भी कार्य परिषद में विस्तार से विचार-विमर्श हुआ। विद्यार्थियों, कलाकारों एवं दर्शकों को बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध कराने तथा बड़े स्तर के सांस्कृतिक आयोजनों के लिए मंच की उपयोगिता बढ़ाने के उद्देश्य से कला मंडपम के सुदृढ़ीकरण एवं आवश्यक सुधार कार्य कराए जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में आधुनिक हिन्दुस्तानी शास्त्रीय संगीत के पुनर्जागरण के अग्रदूत एवं विश्वविद्यालय के प्रेरणास्त्रोत पंडित विष्णु नारायण भातखण्डे जी की जयंती को और अधिक भव्य एवं व्यापक स्तर पर आयोजित करने का निर्णय लिया गया। आगामी भातखण्डे समारोह को बसंत पंचमी से तीन दिवसीय भव्य भातखण्डे महोत्सव के रूप में आयोजित किए जाने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई।

विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. मांडवी सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय का उद्देश्य भारतीय संगीत, नृत्य एवं अन्य ललित कलाओं की समृद्ध परंपरा को आधुनिक आवश्यकताओं के साथ जोड़ते हुए विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, प्रशिक्षण एवं व्यापक मंच उपलब्ध कराना है। कार्य परिषद द्वारा लिए गए निर्णय विश्वविद्यालय के शैक्षणिक, प्रशासनिक, वित्तीय एवं सांस्कृतिक विकास को नई दिशा प्रदान करेंगे। विश्वविद्यालय के कुलसचिव एस. पी. सिंह ने बताया कि कार्य परिषद द्वारा अनुमोदित सभी प्रस्तावों को निर्धारित नियमों एवं प्रक्रिया के अनुसार प्रभावी रूप से क्रियान्वित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कला मंडपम का सुदृढ़ीकरण, परीक्षा व्यवस्था में सुधार, शैक्षणिक व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करना तथा भातखण्डे महोत्सव का व्यापक आयोजन विश्वविद्यालय की गतिविधियों को और अधिक प्रभावशाली बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं।

### लॉयंस क्लब ने बांटीं साइकिल व सिलाई मशीन




वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। लायंस क्लब मंडल 321बी1 का मंडल अधिष्ठापन समारोह बहुत भव्यता से सैकड़ों सदस्यों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मंडलाध्यक्ष लायन परमजीत सिंह के नेतृत्व में गरीब और जरूरतमंद महिलाओं को रोजगार हेतु 50 सिलाई मशीन वितरित की गईं। इन महिलाओं को लायंस क्लब के सदस्यों ने पहले रोजगार के लिए चिन्हित किया था। साथ ही मलिन बस्ती में रहने वाली गरीब लड़कियों को स्कूल जाने में मदद के लिए साइकिलें भी दी गईं। इन बच्चियों के चेहरे की मुस्कान ही बता रही थी कि अब उन्हें स्कूल जाना और भी सहज और अच्छा लगेगा। एक होटल में आयोजित इस अवसर पर विधान परिषद सदस्य पवन सिंह चौहान, लायन विनय मित्तल, लायन जितेंद्र सिंह चौहान के साथ मंडल की सभी विभूतियां उपस्थित थीं। लायंस क्लब के मुख्य सचिव लायन सुदीप कुलश्रेष्ठ ने बताया कि लायंस के सेवा कार्यों के लिए लायन सदस्य स्वयं ही धन एकत्रित करके सेवा कार्य करते हैं, इसमें बाहर से कोई भी सरकारी मदद नहीं ली जाती। लायंस क्लब 210 से अधिक देशों में अपनी सशक्त उपस्थिति के साथ समाज की सेवा कर रहा है।

संक्षेप

## डॉ. श्रीपाल सिंह क्षेम की पुण्यतिथि मनी

जौनपुर। जन्मभूमि पर जो सुख प्राप्त होता है वह स्वर्ग में भी दुर्लभ है। उक्त विचार मानस मधुप डा. आरपी ओझा ने डा. श्रीपाल सिंह क्षेम की 16वीं पुण्यतिथि पर बतौर मुख्य अतिथि विकलांग पुनर्वास केन्द्र लाइन बाजार में आयोजित कवि सम्मेलन में व्यक्त किया। उन्होंने कविवर क्षेम की पंक्तियों देश की धूल भी चंदन से कम नहीं होती की व्याख्या प्रस्तुत की। कवि संजय सिंह सागर ने डबडबाये नयन मुस्कराने लगे, तो समझ लो सनम याद आने लगे और अंसार जौनपुरी ने- सरे महशर भी क्या दुनिया के ये गम याद आयेंगे गजलें सुनाकर वाहवाही लूटी। प्रतापगढ़ की धरती से पधारे वीर रस के कवि डा. रणजीत सिंह ने मूल्य शहादत का कोई भी चुका न पायेगा पंक्तियां सुनाकर राष्ट्रीय ऊर्जा का संचार किया। कार्यक्रम में फूलचन्द भारती, डा. रामेश्वर प्रसाद त्रिपाठी, आशीष पाठक, दयाशंकर सिंह, बेहोश जौनपुरी आदि ने डा. क्षेम के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए काव्य पाठ किया। अध्यक्षता पं. रामकृष्ण त्रिपाठी एवं संचालन सभाजीत द्विवेदी प्रखर ने किया।

## ट्रेन के सामने कूदकर अधेड़ ने की आत्महत्या

जौनपुर। भंडारी रेलवे स्टेशन के आउटर सिग्नल के पास सोमवार सुबह करीब आठ बजे एक अधेड़ व्यक्ति ने ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली। ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही जीआरपी के जवान मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। सुबह प्लेटफॉर्म नंबर एक से लखनऊ की ओर जाने वाली सवारी गाड़ी स्टेशन से रवाना होकर आउटर सिग्नल के पास पहुंची ही थी। इसी दौरान रेल पटरी के किनारे खड़े अधेड़ ने अचानक ट्रेन के सामने छलांग लगा दी। ट्रेन की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलने पर भंडारी जंक्शन जीआरपी के जवान मौके पर पहुंचे। पुलिस ने मृतक की तलाशी ली तो उसके पास आधार कार्ड मिला। आधार कार्ड के आधार पर मृतक की पहचान राजेश कुमार (47) के रूप में हुई। आधार कार्ड पर उसका पता ग्राम नरगिस, थाना बतिया, सूरत, गुजरात दर्ज था। जीआरपी को मृतक के मोबाइल फोन से मिली जानकारी के आधार पर पता चला कि राजेश कुमार मूल रूप से पड़ोसी जनपद अंबेडकरनगर का रहने वाला था। वह काफी समय से सूरत में रह रहा था, जिसके कारण उसका आधार कार्ड भी सूरत के पते पर बना हुआ था।

## ठगी पर पर तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

जौनपुर गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के धमापुर गांव निवासी शामू निषाद की तहरीर पर न्यायालय के आदेश से फाइनेंस कंपनी के कर्मचारियों के खिलाफ मारपीट, धोखाधड़ी का मुकदमा लाइन बाजार थाने में दर्ज किया गया है। धमापुर गांव निवासी शामू निषाद के द्वारा आरोप लगाया गया कि उनका बेटा सत्येंद्र निषाद पुरानी गाड़ियों की खरीद-बिक्री का काम करता है। इसी दौरान प्राइवेट फाइनेंस कंपनी शहर के पॉलिटेक्निक चैराहा के कर्मचारी विवेक कुमार गुप्ता से पिकअप वाहन फाइनेंस कराने को लेकर बातचीत हुई। आरोप है कि लोन स्वीकृत कराने के नाम पर विवेक ने 50 हजार रुपये की मांग की। विश्वास में आकर शामू निषाद ने 23 अप्रैल 2025 को 50 हजार रुपये का चेक दे दिया। आरोप है कि विवेक कुमार गुप्ता ने चेक की रकम निकालकर खर्च कर ली और लोन के संबंध में पूछने पर टालमटोल करता रहा। 19 अक्टूबर 2025 को शामू निषाद अपने बेटे जितेंद्र के साथ विवेक के घर पहुंचे वहां विवाद के दौरान विवेक, उसके भाई रितेश ने गाली गलौज और मारपीट की। उक्त मामले में 23 अगस्त, रविवार को न्यायालय के आदेश पर लाइन बाजार थाने में थाना क्षेत्र के हुसैनाबाद निवासी विवेक कुमार गुप्ता, रितेश कुमार गुप्ता और मोहनलाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## महिला जनसुनवाई व जागरूकता चौपाल आज

मीरजापुर। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग द्वारा महिलाओं से सम्बन्धित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ दिलाने, महिला उत्पीड़न की रोकथाम तथा महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने के उद्देश्य से प्रदेश के विभिन्न जनपदों में तहसील स्तर पर एक दिवसीय महिला जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

# महिला उत्पीड़न से जुड़े प्रकरणों की निष्पक्ष निस्तारण के निर्देश



जिला संवाददाता (vol)

सोनभद्र। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष चारू चौधरी एवं सदस्य गीता विश्वकर्मा ने सर्किट हाउस सभागार में महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रकरणों की जनसुनवाई की तथा जनपद में महिलाओं एवं बालिकाओं के कल्याण के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा की। जनसुनवाई के दौरान उपाध्यक्ष ने महिलाओं से संबंधित प्राप्त शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना। उन्होंने पुलिस विभाग एवं संबंधित अधिकारियों से कहा कि महिला उत्पीड़न से जुड़े प्रकरणों का त्वरित, संवेदनशील एवं निष्पक्ष निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं अधिकारों की रक्षा को प्राथमिकता देते हुए उन्हें आवश्यक सहायता समयबद्ध रूप से उपलब्ध कराई जाए।

बैठक में महिला कल्याण विभाग की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, महिला हेल्पलाइन-181 एवं चाइल्ड हेल्पलाइन-1098 का व्यापक प्रचार-प्रसार कराने के निर्देश दिए, ताकि अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी पहुंचे और उन्हें समय से लाभ प्राप्त हो सके। उपाध्यक्ष एवं सदस्य ने समाज कल्याण विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना, ओडीओपी योजना, आश्रम पद्धति विद्यालयों में प्रवेश एवं उपलब्ध सुविधाओं, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की कंप्यूटर प्रशिक्षण योजना तथा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना की भी समीक्षा की। संबंधित अधिकारियों से इन योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार कर पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित करने को कहा गया। स्वास्थ्य विभाग को प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने जनपद में महिला अधिकारियों द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना भी की। उरमौरा स्थित विंध्य कन्या पीजी कॉलेज का भ्रमण किया। महाविद्यालय पहुंचने पर कॉलेज प्रशासन एवं शिक्षिकाओं द्वारा उनका स्वागत किया गया। दोनों पदाधिकारियों ने छात्राओं से संवाद करते हुए उनकी शिक्षा, सुरक्षा, अधिकारों, आत्मनिर्भरता एवं महिला सशक्तिकरण से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की। उन्होंने छात्राओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने तथा किसी भी प्रकार की समस्या या उत्पीड़न की स्थिति में निडर होकर संबंधित अधिकारियों एवं उपलब्ध हेल्पलाइन सेवाओं के माध्यम से सहायता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

## आरटीई के तहत वंचित बच्चों को मिल रही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा



सोनभद्र। आर्थिक रूप से कमजोर और वंचित वर्ग के बच्चों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने की दिशा में योगी सरकार की पहल का सोनभद्र में सकारात्मक असर दिखाई दे रहा है। शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत जिले में वर्तमान में 1730 वंचित बच्चों को निजी विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का अवसर मिल रहा है।

जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने बताया कि प्रदेश सरकार ने आरटीई के तहत पात्र बच्चों को निजी विद्यालयों में प्रवेश दिलाने की प्रक्रिया को पारदर्शी और ऑनलाइन बनाया है। इसका परिणाम यह हुआ है कि आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों के लिए, अच्छे निजी विद्यालयों में शिक्षा हासिल करने के अवसर तेजी से बढ़े और वर्तमान में 1730 वंचित बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल रही है। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन आवेदन, सत्यापन और लॉटरी की पारदर्शी व्यवस्था ने पात्र बच्चों को बिना किसी भेदभाव के शिक्षा का अधिकार दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सरकार की इस व्यवस्था से उन परिवारों को सबसे अधिक राहत मिली है, जो आर्थिक कारणों से अपने बच्चों को बेहतर निजी विद्यालयों में पढ़ाने में सक्षम नहीं थे। आरटीई के माध्यम से ऐसे बच्चों को निःशुल्क शिक्षा का अवसर मिलने से उनके भविष्य को नई दिशा मिल रही है। श्री गौड़ ने बताया कि वंचित बच्चों की शिक्षा का खर्च सरकार स्वयं वहन कर रही है। इसके तहत सोनभद्र में निजी विद्यालयों को आरटीई के अंतर्गत पढ़ रहे बच्चों की फीस की प्रतिपूर्ति के रूप में हर साल करीब 7.50 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा रहा है। इससे जहां बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल रही है, वहीं निजी विद्यालयों को भी सरकार की ओर से निर्धारित प्रतिपूर्ति प्राप्त हो रही है। योगी सरकार की इस पहल को सामाजिक समानता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## अहरौरा घाटी में संदिग्ध परिस्थिति में चालक की मिली लाश

मीरजापुर। जिले के अहरौरा थाना क्षेत्र के घाटी में वाराणसी-शक्तिनगर नेशनल हाइवे के किनारे एक 43 वर्षीय व्यक्ति की वाहन में संदिग्ध परिस्थितियों में लाश मिलने से हड़कंप मच गया। पुलिस के मुताबिक रविवार की देर रात पीआरवी पुलिस अहरौरा घाटी और हाइवे पर गश्त कर रही थी तभी सड़क किनारे एक बैगनार गाड़ी को खड़ा देखा गया, पुलिस टीम ने समझा वाहन चालक वाहन को रोककर बाथरूम इत्यादि के लिए गया होगा। यह सोच पुलिस टीम आगे बढ़ गई। कुछ समय बाद वापस लौटते समय देगा गया तो बैगनार गाड़ी जस की तस खड़ी थी आशंका होने पर करीब जाकर देखा तो चालक अपनी सीट के पास लेटा हुआ था, चालक की ओर का गेट खोलने पर खुल गया। चालक को काफी आवाज देने और हिलाने डुलाने के बाद जब कोई हरकत नहीं हुआ तो उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अहरौरा लाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिसकी सूचना पुलिस ने मृतक के पास से मिले कागजातों के आधार पर गांव और परिजनों को दी है। सूचना पर परिवार के लोग अहरौरा पहुंच गए थे मृतक चालक की पहचान गजानंद गिरि (43) पुत्र स्वर्गीय लालता गिरि निवासी ग्राम हिनौती राबर्टसगंज, सोनभद्र के रुप में हुई है। परिजनों के मुताबिक वह गाड़ी लेकर रविवार को घर से निकलख था, सबकुछ सामान्य दिनों की ही तरह रहा है ऐसे में परिजन भी उसकी मौत को लेकर हतप्रभ हैं। दूसरी ओर आशंका जताई जा रही है कि संभवतः वह वाहन का ऐसी चलाकर सो गया रहा होगा, जिससे दम घुटने से उसकी मौत हो गई होगी। बहरहाल पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही के पश्चात शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जहां से रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की पुष्टि हो पाएगी। आश्चर्य कि बात है कि मृतक और गाड़ी की जमा तलाश लेने पर मृतक के जेब से 32 सौ नगदी कुछ कागजात, बैंक पासबुक, दवा इलाज का पर्चा मिला है, जबकि उसका मोबाइल नदारत रहा है। परिजनों के मुताबिक गजानंद मोबाइल हमेशा अपने पास रखता था, ऐसे में उसकी मौत के बाद नगदी से लेकर अन्य का मिलना और मोबाइल का गायब रहना हर किसी को खटक रहा है।

## चीनी की जमाखोरी पर नजर, बाजार में थोक विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों की हुई जांच

लालगंज, मीरजापुर। चीनी की जमाखोरी पर नजर रखने के लिए सोमवार को लालगंज बाजार में थोक विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों की जांच की गई। जिलाधिकारी के निर्देश पर उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में विपणन और पूर्ति विभाग की टीम ने तीन गोदामों में पहुंचकर उपलब्ध स्टॉक का मिलान किया। विपणन निरीक्षक रोहित कुमार और पूर्ति निरीक्षक राज सिंह यादव ने मेसर्स गेंदालाल रमेश चंद्र, विकास जनरल स्टोर तथा कुंज बिहारी किराना एंड जनरल स्टोर के गोदामों की जांच की। तीनों स्थानों पर कुल 74 बोरी चीनी का स्टॉक मिला। इसमें गेंदालाल रमेश चंद्र के यहां 15, विकास जनरल स्टोर में दो और कुंज बिहारी किराना एंड जनरल स्टोर में 57 बोरी चीनी पाई गई जांच के दौरान अधिकारियों ने थोक कारोबारियों को स्टॉक को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। उन्हें कहा गया कि जरूरत से अधिक चीनी का भंडारण न किया जाए और बाजार में आपूर्ति सामान्य बनाए रखने के लिए उपलब्ध स्टॉक का नियमानुसार रखरखाव किया जाए।

## सावन के अंतिम सोमवार पर लोक कल्याण के लिए वैदिक मंत्र गूंजे

लालगंज, मीरजापुर। विकास खंड लालगंज क्षेत्र के ग्राम पंचायत तुलसी नदनी स्थित वनराज महादेव पतीयार नाथ मंदिर परिसर में अपना गांव अपना देश फाउंडेशन के तत्वावधान में सावन माह के अंतिम सोमवार को सामूहिक रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर यजमानों और श्रद्धालुओं ने विप्रजनों के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच शिवलिंग पर जलाभिषेक व दुग्धाभिषेक किया। यह अनुष्ठान क्षेत्र की सुख शांति और लोक कल्याण की कामना के साथ संपन्न हुआ। रुद्राभिषेक की पूर्णता के बाद विधि विधान से भगवान शिव की महाआरती उतारी गई। इसके उपरांत उपस्थित जन समुदाय में महाप्रसाद का वितरण किया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान में सुरेन्द्र सिंह, गुलाब सिंह, बिहारी यादव, रिंकू सिंह, सनी सिंह सहित बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण और श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## स्वीकार नहीं राष्ट्रगान का अपमानः कांग्रेस



जौनपुर। उन्नाव में एक कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रगान के बीच विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना के मंच से नीचे उतरकर चले जाने के वायरल वीडियो को लेकर कांग्रेस ने मोर्चा खोल दिया है। सोमवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष डा. प्रमोद कुमार सिंह और शहर अध्यक्ष आरिफ खान के संयुक्त नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने कोतवाली पहुंचकर प्रभारी निरीक्षक अनीता सिंह को प्रार्थना पत्र सौंपा। कांग्रेसियों ने वायरल वीडियो के आधार पर विधानसभा अध्यक्ष के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा कि राष्ट्रगान देश की शान और सम्मान का प्रतीक है। इसका अपमान किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि वायरल वीडियो के आधार पर पूरे प्रकरण की जांच कर सतीश महाना के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाना चाहिए शहर अध्यक्ष आरिफ खान ने कहा कि राष्ट्रगान का अपमान देश के सम्मान से जुड़ा विषय है। उन्होंने कहा कि संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति से राष्ट्रगान के प्रति पूर्ण सम्मान की अपेक्षा की जाती है। कांग्रेस ने पुलिस से मामले में विधिक कार्रवाई की मांग की है। इस दौरान संगठन प्रभारी राकेश मिश्रा, लाल प्रकाश पाल, सरफराज शहनवाज मंजूर, देवराज पांडेय, फैयाज हाशमी, इशताद खान, कृष्णचंद निषाद, अरविंद यादव, चंद्रभान सिंह, वैश खान, इस्तेखारुल प्रधान, मुहम्मद ताहिर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बाबा महादेव की पालकी यात्रा में उमड़ा आस्था का सैलाब



आजमगढ़। सावन मास के अंतिम सोमवार के पावन अवसर पर लखरॉव पोखरा स्थित श्री महादेव घाट मंदिर से बाबा महादेव की भव्य पालकी शोभायात्रा निकाली गई। श्री महादेव सेवा समिति लखरांव पोखरा के नेतृत्व में आयोजक भारत माता चैरिटेबल ट्रस्ट के संयोजन में आयोजित इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। पालकी यात्रा के दौरान पूरा नगर हर-हर महादेव और बोल बम के जयघोष से गूंज उठा।

बाबा महादेव की भव्य झांकी और मनमोहक स्वरूप को देखकर श्रद्धालु एवं दर्शनार्थी निहाल हो उठे। पालकी यात्रा जैसे-जैसे नगर के विभिन्न मार्गों से गुजरी, घरों से महिलाएं और अन्य श्रद्धालु बाहर निकलकर बाबा के दर्शन एवं पूजा-अर्चना करते दिखाई दिए। श्रद्धालुओं ने कई स्थानों पर बाबा की पालकी का विधिवत पूजन कर आरती उतारी और पुष्प अर्पित किए। घंटा-घड़ियाल की ध्वनि और शिवभक्तों के जयकारों से वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया।

पालकी यात्रा लखरॉव पोखरा से प्रारंभ होकर बड़ी मील, शीतला माता मंदिर, सोरहे बाबा मंदिर, लाहीरी माता मंदिर, निरंजन कुटी-खाकी बाबा मंदिर, काली माता मंदिर, जयनगर चैराहा, कुकुहा पोखरा, शमशानवासी महादेव मंदिर, प्रभा पोखरा स्थित पातालपुरी महादेव मंदिर, मोढ़ एवं गोला बाजार होते हुए पुनः लखरॉव पोखरा स्थित श्री महादेव घाट मंदिर पहुंची। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पालकी का स्वागत किया और बाबा के दर्शन कर पूजा-अर्चना की।

भाजपा किसान नेता महेन्द्र मौर्य ने कहा कि सावन के अंतिम सोमवार पर बाबा महादेव की पालकी यात्रा क्षेत्र की आस्था, धार्मिक परंपरा और सनातन संस्कृति का प्रतीक है। भगवान शिव की भक्ति लोगों को आपसी प्रेम, सद्भाव और एकता का संदेश देती है। बाबा महादेव की कृपा सभी श्रद्धालुओं पर बनी रहे, यही कामना है।

शोभायात्रा के श्री महादेव घाट मंदिर पहुंचने पर बाबा महादेव का भव्य श्रृंगार एवं आरती की गई। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजन कर सुख-समृद्धि की कामना की। इसके बाद श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया गया। आयोजन को लेकर पूरे दिन क्षेत्र में उत्साह और भक्ति का माहौल बना रहा। आयोजन की सफलता पर महादेव सेवा समिति ने सभी श्रद्धालुओं, सहयोगियों एवं कार्यकताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। श्रद्धालुओं की भारी सहभागिता से लखरॉव पोखरा और नगर का वातावरण देर तक हर-हर महादेव के जयघोष से गूंजता रहा।

# महिलाओ ने धूमधाम से मनायी हरियाली तीज



जौनपुर। हरियाली तीज के अवसर पर अतुल्य वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा हरियाली तीज कार्यक्रम शहर के एक लॉन में आयोजित किया गया, कार्यक्रम की शुरूआत भगवान शिव पार्वती जी के साथ भगवान गणेश जी की पूजा अर्चना मुख्य अतिथि डॉ शकुंतला यादव डॉ स्वाति यादव, डॉ शैली निगम, रीता जायसवाल, बबीता सिंह पायल किन्नर और राधिका सिंह के द्वारा किया गया।

सुहागन औरतें एकत्रित होकर भोले बाबा के गीत गाकर अपने पति की लंबी आयु की कामना करते हुए मनाया गया जहां पर सभी सुहागन स्त्रियों ने हरे रंग का वस्त्र धारण कर अपने पति की लंबी आयु के लिए पूजन किया, ट्रस्ट द्वारा सभी महिलाओं को पान खिला कर पुरानी परंपरा निभाया गया, महिलाओं ने कजरी गीत भक्ति गीत गाकर माहौल खुशनुमा बना दिया, किन्नर समिति की तरफ से किए गए नृत्य ने सबको झूमने पर मजबूर कर दिया, । डॉ शुभा सिंह डॉ श्वेता सिंह,, डॉ माया सिंह डॉ अलकेश्वरी सिंह डॉ0 ममता दूबे, वंदना सरकार डॉ अंजना श्रीवास्तव, स्वप्निल श्रीवास्तव भारती श्रीवास्तव चंदा जायसवाल, के किन्नर समाज के लोग उपस्थित रहे !

## शिवमन्दिरों पर उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

जिला संवाददाता (vol)

जौनपुर। सावन के चौथ सोमवार को जिले के विभिन्न शिवमन्दिरों में जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। प्राचीन त्रिलोचन महादेव मंदिर में भोर से पहले ही दर्शन और जलाभिषेक के लिए लंबी कतारें लग गईं, जिससे मंदिर परिसर हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष से गूंज उठा।

सुबह 8 बजे तक लगभग 30 हजार श्रद्धालुओं ने बाबा त्रिलोचन महादेव के दर्शन किए। बताया गया कि रात्रि आरती के बाद भोर में मंदिर के पट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए थे। मंदिर प्रशासन के अनुसार, पट खुलने के बाद से ही भक्तों की भीड़ उमड़नी शुरू हो गई थी। कतारबद्ध होकर भगवान शिव को दूध, जल, बेलपत्र, धतूरा, पुष्प और मालाएं अर्पित कर पूजन-अर्चन किया। नागपंचमी के अवसर पर नाग देवता का विशेष पूजन भी किया गया। श्रद्धालुओं की लगातार बढ़ती संख्या के कारण मंदिर के बाहर लगभग 200 मीटर लंबी कतार लग गई थी, जिसमें महिला, पुरुष और बुजुर्ग सभी अपनी बारी का इंतजार करते दिखे। एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया, और दिनभर लोगों की आवाजाही बनी रही। भारी भीड़ को देखते हुए मंदिर परिसर, मेला क्षेत्र और प्रमुख मार्गों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। महिला पुलिस, सिविल पुलिस और पीएसी के जवानों को तैनात किया गया।

## 108 कन्याओं ने किया 12 ज्योतिर्लिंग पर जलाभिषेक



सोनभद्र। रामगढ़ कसारी स्थित रामसरोवर पर मंदिर प्रांगण में 12 ज्योतिर्लिंग पर 108 कन्याओं द्वारा जलाभिषेक किया गया। तियरा ब्रह्मबाबा मंदिर स्थित तालाब से कलश में जल लेकर डीजे की धुन पर नाचते हुए 108 कन्याओं के साथ ही शिव शक्ति महिला मंडल एवं भिखारी भोले सेवा ट्रस्ट के लोगों ने खूब जयकारे लगाया। आचार्य अमरेश मिश्र, एवं दशरथ शुक्ला द्वारा रुद्राभिषेक पूजन कराया गया। आरती पूजन के दौरान समूचा स्थल जयकारों से गुंजायमान हो गया। प्रतिदिन चलने वाले विशाल भंडारा में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

कार्यक्रम के संयोजक भिक्षुक भिखारी जंगली दास दीनबंधु रमाशंकर गिरी जी महाराज ने बताया कि पूरे सावन माह भर आचार्य अमरेश मिश्र द्वारा रुद्राभिषेक पूजन व आरती कराया जा रहा है। यह रुद्राभिषेक कार्यक्रम 28 अगस्त तक चलेगा। उन्होंने यह भी बताया कि तियरा ब्रह्मबाबा मंदिर स्थित तालाब से 108 कन्याओं द्वारा कलश में जल भरकर एवं शिव शक्ति महिला मंडल व भिखारी भोले सेवा ट्रस्ट के लोगों द्वारा डीजे की धुन पर नाचते हुए खूब जयकारे लगाए गए। इस दौरान 6 महिलाओं ने तलवार लेकर प्रदर्शन किया। समूचा रास्ता जयकारे से गुंजायमान हो गया। प्रतिदिन चलने वाले विशाल भंडारा में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भिखारी बाबा ने रुद्राभिषेक में अधिक से अधिक संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने का आग्रह किया है। कार्यक्रम में महेंद्र सिंह, अजय सिंह, किरन मोदनवाल, उर्मिला केशरी, लीलावती, प्रियंका गुप्ता, राजपति, राधिका केशरी, चिंता मौर्य, उर्मिला देवी, प्रहलाद, रामरक्षा, राजेंद्र महाराज, रामखेलावन, परमानंद, मीरा, रितु यादव, हीरा सिंह आदि मौजूद रहे।

# उद्यमियों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए प्रशासन प्रतिबद्ध :डीएम

जिला संवाददाता

मीरजापुर। जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय उद्योग बंधु, जिला स्तरीय व्यापार बंधु एवं जीबीसी-5.0 की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद के औद्योगिक विकास, निवेश को बढ़ावा देने तथा उद्यमियों की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण को लेकर विस्तृत समीक्षा की गई।

जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि उद्योगों से जुड़े प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि उद्यमियों को किसी प्रकार की अनावश्यक असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि जनपद में उद्योगों के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है तथा शासन की मंशा के अनुरूप निवेश और रोजगार सृजन को गति देने के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। बैठक में उद्यमियों द्वारा बिजली, सड़क, जलापूर्ति, भूमि, प्रदूषण संबंधी स्वीकृतियों तथा अन्य औद्योगिक सुविधाओं से जुड़े मुद्दे उठाए गए। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को प्रत्येक प्रकरण का गंभीरता से परीक्षण कर निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उद्योगों की प्रगति से स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे और जनपद के समग्र आर्थिक विकास को नई गति मिलेगी बैठक में जनपद मीरजापुर में ओडीओपी के अन्तर्गत मेसर्स विन्ध्य स्पीनर्स एण्ड रग्स एसोसिएशन सीएफसी का निर्माण ग्राम-रामपुर वासित अली लालगंज मीरजापुर में कार्यदायी संस्था उप्र लघु उद्योग निगम लि. उप्र कानपुर द्वारा कराया जा रहा है। निर्माण कार्य में हो रहे विलम्ब के बारे में पूर्व में यूपीएसआईसी के सहायक अभियन्ता द्वारा समिति को अवगत कराया गया कि ठेकेदार द्वारा काफी विलम्ब किया जा रहा है, उसे कार्य पूर्ण करने हेतु नोटिस जारी किया गया है। उक्त के सम्बन्ध में प्रबन्ध निदेशक यूपीएसआईसी एवं आयुक्त एवं निदेशक उद्योग उप्र की अध्यक्षता में सम्पन्न बैठक में निर्देश दिया गया था कि ठेकेदार पर कार्यवाही करते हुए त्वरित कार्य प्रारम्भ करना सुनिश्चित करें। इसी क्रम में अवगत कराना है कि पूर्व के ठेकेदार पर कार्यवाही करते हुए हटा दिया गया है तथा नये ठेकेदार को 13 जुलाई 2026 से काम करने हेतु अधिकृत किया गया है, वर्तमान समय में कार्य पुनः प्रारम्भ हो गया है। अजय श्रीवास्तव प्रबन्ध निदेशक सम्वेदना हस्तशिल्प प्रोड्यूसर कम्पनी लि. द्वारा प्रार्थना-पत्र 30 अप्रैल 2025 के माध्यम से अवगत कराया गया है कि ग्राम अमरावती विन्ध्याचल मीरजापुर में कालीन एवं दरी की एक सीएफसी भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय के माध्यम से स्थापित की गयी है। सीएफसी तक पहुंचने के लिये लगभग 200 मीटर ज्ञानन्दा लॉ कॉलेज से सीएफसी तक सड़क अत्यधिक जर्जर है। इस सम्बन्ध में जिला पंचायत, मीरजापुर द्वारा समिति को अवगत कराया गया कि संबंधित सड़क को वित्तीय वर्ष 2026-27 की कार्य योजना में शामिल करते हुए पोर्टल पर अपडेट किया जा रहा है तत्पश्चात टेण्डर की कार्यवाही की जायेगी।

## ठगी पर पर तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

जौनपुर गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के धमापुर गांव निवासी शामू निषाद की तहरीर पर न्यायालय के आदेश से फाइनेंस कंपनी के कर्मचारियों के खिलाफ मारपीट, धोखाधड़ी का मुकदमा लाइन बाजार थाने में दर्ज किया गया है। धमापुर गांव निवासी शामू निषाद के द्वारा आरोप लगाया गया कि उनका बेटा सत्येंद्र निषाद पुरानी गाड़ियों की खरीद-बिक्री का काम करता है। इसी दौरान प्राइवेट फाइनेंस कंपनी शहर के पॉलिटेक्निक चैराहा के कर्मचारी विवेक कुमार गुप्ता से पिकअप वाहन फाइनेंस कराने को लेकर बातचीत हुई। आरोप है कि लोन स्वीकृत कराने के नाम पर विवेक ने 50 हजार रुपये की मांग की। विश्वास में आकर शामू निषाद ने 23 अप्रैल 2025 को 50 हजार रुपये का चेक दे दिया। आरोप है कि विवेक कुमार गुप्ता ने चेक की रकम निकालकर खर्च कर ली और लोन के संबंध में पूछने पर टालमटोल करता रहा। 19 अक्टूबर 2025 को शामू निषाद अपने बेटे जितेंद्र के साथ विवेक के घर पहुंचे वहां विवाद के दौरान विवेक, उसके भाई रितेश ने गाली गलौज और मारपीट की।

# पुलिस लाइन में मनाया गया रक्षाबंधन पर्व



आजमगढ़। मिशन शक्ति अभियान के तहत पुलिस लाइन आजमगढ़ में रक्षाबंधन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं और बालिकाओं ने पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को राखी बांधकर रक्षाबंधन पर्व मनाया और सुरक्षा व विश्वास का संदेश दिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मंडलायुक्त आजमगढ़ श्री विवेक, डीआईजी आजमगढ़ परिक्षेत्र सुनील कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी सहित पुलिस एवं प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का आयोजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आजमगढ़ डॉ. अनिल कुमार के निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम में राज्यस्तरीय मेधावी छात्राएं, हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की छात्राएं, नीट परीक्षा में सफल छात्राएं, परिवार परामर्श केंद्र, पारिवारिक विवाद, रिकवरी वारंट, साइबर फ्रॉड में बरामद धनराशि और रानी लक्ष्मीबाई सम्मान कोष से जुड़ी पीड़ित महिलाएं शामिल हुईं। इसके अलावा समूह सखी, बैंक सखी, स्वयं सहायता समूहों और गैर सरकारी संगठनों से जुड़ी महिलाओं एवं छात्राओं ने भी सहभागिता की।

रक्षाबंधन के अवसर पर महिलाओं और बालिकाओं ने अधिकारियों को तिलक लगाकर राखी बांधी और मिठाई खिलाई। अधिकारियों ने महिलाओं एवं बालिकाओं को उपहार भेंट किए तथा उनके लिए भोजन की व्यवस्था की। कार्यक्रम में मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन और सशक्तिकरण के लिए आजमगढ़ पुलिस द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी गई। साइबर अपराध के पीड़ितों की धनराशि वापस कराने, पारिवारिक विवादों का परिवार परामर्श के माध्यम से समाधान कराने और जरूरत पड़ने पर महिलाओं को त्वरित पुलिस सहायता उपलब्ध कराने की प्रक्रिया के बारे में भी बताया गया। इस दौरान महिलाओं और छात्राओं ने अपने अनुभव साझा करते हुए पुलिस एवं प्रशासन की सुरक्षा और सहायता व्यवस्था के प्रति विश्वास जताया। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा को लेकर किए जा रहे प्रयासों से उनमें सुरक्षा की भावना मजबूत हुई है। महिलाओं ने आजमगढ़ पुलिस और शासन के प्रति आभार भी जताया। अधिकारियों ने महिलाओं और बालिकाओं को आश्वस्त किया कि किसी भी समस्या या परेशानी की स्थिति में वे बिना किसी संकोच के पुलिस को सूचना दें। उनकी सुरक्षा, सम्मान और सहायता के लिए आजमगढ़ पुलिस सदैव तत्पर है। कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर मधुबन कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी सदर आस्था जायसवाल, क्षेत्राधिकारी नगर शुभम तोदी सहित अन्य पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण एवं आत्मीय वातावरण में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

संक्षेप

## श्रीकृष्ण इंटर कॉलेज को मिली शुद्ध पेयजल की सौगात

मथुरा। अभय चरण फाउंडेशन, वृंदावन की ओर से रेवतीबेन नानजीभाई रामोलिया के सहयोग से श्रीकृष्ण इंटर कॉलेज, दलौता के विद्यार्थियों को शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने के लिए आरओ जल शुद्धिकरण मशीन भेंट की गई। आरओ मशीन की सौगात मिलने पर विद्यार्थियों में खुशी और उत्साह का माहौल रहा। इस अवसर पर संस्था के चेयरमैन नर नारायण दास, उप चेयरमैन केशव जेना तथा सदस्य सुंदर कृष्ण दास और उज्ज्वल ने विद्यालय पहुंचकर विद्यार्थियों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दूषित पानी अनेक बीमारियों का कारण बन सकता है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को स्वच्छ पानी के उपयोग के प्रति जागरूक रहना चाहिए।संस्था पदाधिकारियों ने विद्यार्थियों को ह्यस्वच्छ गांव-स्वच्छ भारतह्न का संदेश देते हुए व्यक्तिगत स्वच्छता, स्वच्छ पेयजल के उपयोग और स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ समाज की नींव स्वस्थ बच्चों से तैयार होती है ।

# अंतिम सोमवार पर उमड़ा भोले के भक्तों का सैलाब

## रंगेश्वर महादेव का हुआ रूद्राभिषेक, बम बम भोले के जयकारों से गूंजा परिसर



जिला संवाददाता

मथुरा। सावन के अंतिम सोमवार को सुबह 5 बजे से ही रंगेश्वर महादेव, गल्तेश्वर महादेव, भूतेश्वर महादेव मंदिर, चिंताहरण में श्रद्धालुओं का भारी जनसैलाब उमड़ पड़ा। तड़के सुबह से ही मंदिर में भक्तों की लंबी कतारें लग गईं। दूर-दराज से आए श्रद्धालु पूजा की थाली, दूध और जल लेकर भगवान भोलेनाथ के दर्शन के लिए अपनी बारी का इंतजार करते दिखे। मंदिर परिसर हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयकारों से गूंज उठा।

श्रद्धालुओं ने भगवान रंगेश्वर महादेव और भूतेश्वर महादेव मंदिर का जलाभिषेक किया और दूध, जल, बेलपत्र, पुष्प तथा प्रसाद अर्पित किए। कई भक्तों ने मंदिर परिसर में विशेष पूजा-अर्चना और अभिषेक कर अपने परिवार की सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। सावन के अंतिम सोमवार को लेकर भक्तों में विशेष उत्साह और आस्था देखी गई। दर्शन के लिए भक्तों की कतारें लगातार बढ़ती रहीं। मान्यता है कि सावन के सोमवार को भगवान शिव की विधि-विधान से पूजा-अर्चना करने से भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। इसी आस्था और विश्वास के साथ बड़ी संख्या में महिला, पुरुष और बुजुर्ग श्रद्धालु भूतेश्वर महादेव मंदिर पहुंचे। सुबह से ही मंदिर के आसपास भक्तिमय वातावरण बना रहा। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था के लिए बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया। मंदिर जाने वाले मार्ग पर दोपहिया वाहनों का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित कर दिया गया, ताकि श्रद्धालुओं की आवाजाही सुचारु बनी रहे। मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में पुलिसकर्मी लगातार भीड़ को नियंत्रित करने में लगे रहे। भीड़ की स्थिति को देखते हुए पुलिस और नगर निगम के अधिकारी लगातार मौके का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेते रहे। श्रद्धालुओं की सुरक्षा, यातायात व्यवस्था और भीड़ नियंत्रण को लेकर अधिकारियों द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। मंदिर के आसपास संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों पर भी कड़ी नजर रखी गई।

### रंगेश्वर महादेव मंदिर में हुआ महारुद्राभिषेक

धार्मिक अनुष्ठान का शुभारंभ मुख्य पुजारी लालूराम एवं पंडित श्याम बिहारी के आचार्यत्व में संपन्न हुआ। आचार्यों द्वारा कराए गए वैदिक मंत्रोच्चार और हर-हर महादेव के जयकारों से पूरा मंदिर परिसर शिवमय हो उठा। श्रद्धालुओं ने भगवान रंगेश्वर महादेव का जल, दूध, दही, शहद, घी, गंगाजल एवं बेलपत्र से अभिषेक कर विश्व कल्याण और सुख-समृद्धि की कामना की।

इस अवसर पर मुख्य रूप से भगत मोनू बंसल, हर्षित अग्रवाल, कुश वालिया, सुशील स्टूडियो, लखन यादव, अमर सैनी, सोनू नागर, अंशुल मास्टर, अमन शुक्ला एवं समस्त मित्र मंडली उपस्थित रही। कार्यक्रम के अंत में भगवान भोलेनाथ की भव्य आरती उतारी गई और उपस्थित सभी श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरण किया गया। महारुद्राभिषेक के दौरान पूरा वातावरण भक्ति भाव से सराबोर नजर आया।

## 18 बोतल हरियाणा की शराब जब्त, दो तस्कर पकड़े

मथुरा। मांट थाना पुलिस ने यमुना एक्सप्रेस-वे मांट टोल के पास चेकिंग के दौरान हरियाणा मार्का गैर प्रांत की अंग्रेजी शराब की तस्करी के आरोप में दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से 18 बोतल शराब, 8 लाख 99 हजार रुपये नकद और तस्करी में प्रयुक्त सफेद रंग की सफारी गाड़ी बरामद की है।

पुलिस के अनुसार रविवार देर शाम यमुना एक्सप्रेस-वे मांट टोल के पास चेकिंग के दौरान सफारी गाड़ी संख्या एचआर 26 बीएक्स 7941 को रोककर तलाशी ली गई।

गाड़ी से हरियाणा मार्का गैर प्रांत की 18 बोतल अंग्रेजी शराब और 8 लाख 99 हजार रुपये नकद बरामद हुए। पुलिस ने मौके से संजय कुमार पुत्र दयानन्द सिंह निवासी बनगर थाना दन्नाहार मैनपुरी और अभिषेक उर्फ पवन पुत्र शिव प्रताप सिंह निवासी नोनेर ईश्वपुर थाना दन्नाहार मैनपुरी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बरामदगी और गिरफ्तारी के आधार पर मांट थाने में मुकदमा संख्या 197/2026, धारा 63 आबकारी अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कर दोनों आरोपियों के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई की है।

## लूट,जुआ-सट्टा और ड्रग्स माफिया पर कसा शिकंजा, तीन गिरोहों पर पुलिस की कार्रवाई

फिरोजाबाद। अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत फिरोजाबाद पुलिस ने संगठित आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त अभियुक्तों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने लूट,जुआ-सट्टा तथा मादक पदार्थों की तस्करी से जुड़े अपराधियों के गैंग माफिया के रूप में पंजीकरण कर उनकी निगरानी शुरू कर दी है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे के निर्देशन में की गई कार्रवाई के तहत थाना खैरगढ़ में हत्या, लूट, छिनैती और पुलिस पर फायरिंग जैसे गंभीर अपराधों में संलिप्त अवधेश उर्फ धांशु तथा उसके गैंग के सदस्यों रोबिन उर्फ हुण्डी और गणेश उर्फ भोला का लूट गैंग के रूप में पंजीकरण किया गया है। इस गैंग को डी-98/2026 संख्या प्रदान की गई है। पुलिस के अनुसार गैंग लीडर अवधेश उर्फ धांशु के खिलाफ जनपद के विभिन्न थानों में आधा दर्जन से अधिक गंभीर आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। इसी क्रम में थाना लाइनपार पुलिस ने दौजीराम तथा उसके गैंग के सदस्यों रविन्द्र, सत्यप्रकाश और विनय का जुआ/सट्टा गैंग के रूप में पंजीकरण किया है। इस गैंग को डी-97/2026 संख्या दी गई है। पुलिस के अनुसार गैंग लीडर दौजीराम के खिलाफ जुआ-सट्टा से संबंधित आधा दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं और वह अपने साथियों के साथ मिलकर जुआ-सट्टा खिलाने के माध्यम से अवैध धन अर्जित करने में संलिप्त रहा है। वहीं थाना रामगढ़ पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी में संलिप्त फईम को ड्रग्स/मादक पदार्थ माफिया के रूप में चिन्हित एवं घोषित किया है। थाना रामगढ़ पर उसका ड्रग्स माफिया संख्या-06/2026 के रूप में पंजीकरण किया गया है। पुलिस के मुताबिक फईम के खिलाफ जनपद के विभिन्न थानों में मादक पदार्थों की तस्करी से संबंधित दो दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने तीनों मामलों में संबंधित अभियुक्तों की आपराधिक गतिविधियों, संपर्कों और साथियों पर निगरानी शुरू कर दी है। साथ ही उनके आपराधिक नेटवर्क तथा अवैध रूप से अर्जित संपत्ति के संबंध में भी नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जनपद में संगठित अपराध, लूट, जुआ-सट्टा एवं मादक पदार्थों की तस्करी में संलिप्त अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

## खाद्य एवं रसद विभाग की टीमों ने चीनी थोक विक्रेताओं के भंडारण गृहों का निरीक्षण किया



फिरोजाबाद। चीनी की उपलब्धता एवं भंडारण व्यवस्था की निगरानी को लेकर सोमवार को खाद्य एवं रसद विभाग की गठित अलग-अलग टीमों ने जनपद के टूंडला एवं शिकोहाबाद क्षेत्र में चीनी के थोक विक्रेताओं के भंडारण गृहों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान स्टॉक का भौतिक सत्यापन करने के साथ खरीद-बिक्री रजिस्टर एवं भारत सरकार के पोर्टल पर दर्ज विवरण का मिलान किया गया। टीमों ने टूंडला क्षेत्र में अग्रवाल ट्रेडिंग कंपनी एवं श्री जी ट्रेडर्स तथा शिकोहाबाद क्षेत्र में छेदालाल राधारमण एंड संस एवं शिवशंकर लाल एंड संस के भंडारण गृहों का निरीक्षण किया। सत्यापन के दौरान सभी प्रतिष्ठानों पर चीनी का स्टॉक निर्धारित सीमा के अंदर पाया गया। वास्तविक स्टॉक, खरीद-बिक्री रजिस्टर और पोर्टल पर दर्ज स्टॉक के विवरण का मिलान करने पर किसी प्रकार की विसंगति नहीं मिली। निरीक्षण के दौरान संबंधित डीलरों को निर्धारित सीमा से अधिक चीनी का स्टॉक न रखने तथा स्टॉक की जानकारी समय से भारत सरकार के पोर्टल पर फीड करने के निर्देश दिए गए। व्यापारियों को बाजार में चीनी की पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखने तथा किसी भी प्रकार की कृत्रिम किल्लत या कालाबाजारी नहीं करने की सख्त हिदायतें दी गई। विभाग ने स्पष्ट किया कि बाजार में चीनी की उपलब्धता एवं स्टॉक व्यवस्था पर लगातार निगरानी रखी जाएगी। आगे भी इसी प्रकार के औचक निरीक्षण जारी रहेंगे और किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## झुलनवा में झूलत राधामाधव हमार



मथुरा। वृन्दावन प्रेमनायक श्रीकृष्ण की भूमि ब्रज की माटी की सुगंध से रीझे भक्त श्रावण मास में अपने आराध्य को भाव की डोर से हिंडोला झुला रहे हैं। भाषा और सदहदों के बंधनों से परे वे ब्रजभाषा और अवधी में श्रावण की मल्हार गाकर अपने हृदय में उपजी भक्ति का इजहार भी कर रहे हैं। सेवाकुंज मार्ग स्थित श्रीकृष्ण बलराम मंदिर में श्रील भक्तिवेदांत मधुसूदन गोस्वामी महाराज के सानिध्य में सैंकड़ों की तादाद में देशी-विदेशी भक्त जहां दिन में अपने आराध्य के सायंकालीन हिंडोले को सजाते हैं तो सायंकाल वे भाव की डोर से उसे खींचते हुए अपने गुरु महाराज के वचनों की संगत करते हुए कभी ब्रजभाषा में झूला तौ पड़ गयौ अम्बुआ की डारि पै री तो कभी अवधी में ह्यझुलनवा में झूलत राधामाधव हमारह्न का भावपूर्ण गायन करते हैं। वहीं वे ब्रज की परंपरा को सुनकर उसका आह्लादित हृदय से चिंतन भी करते हैं। इतना ही नहीं मृदंग, मजीरे आदि वाद्ययंत्रों को भी स्वयं बजाते हैं। आचार्य मधुसूदन गोस्वामी महाराज ने बताया कि ब्रज का रस और भक्ति सात समुंदर पार से अपने प्रेमी रसिकों को खींच लाती है। कार्तिक, होली तथा श्रावण आदि विभिन्न महोत्सवों में टर्की, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, जर्मनी और हॉलैंड आदि देषों के वैष्णव साधक यहां आकर न सिर्फ ठाकुरजी के महोत्सव बल्कि आचार्यों के उत्सव भी मनाते हैं। संकीर्तन, यमुना पूजन, नित्य आरती, आचार्य वंदन, संत वचनामृत आदि इनके नैमित्तिक कार्य हैं।

## सकारात्मक सोच और संस्कार से देश को दें नयी दिशा: पदमजी

मथुरा। विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (जिला मथुरा) के तत्वावधान में युवा संवाद: राष्ट्रोत्थान की संघ दृष्टि कार्यक्रम का आयोजन संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से मेडिकल क्षेत्र से जुड़े युवाओं, यूजी-पीजी डॉक्टर्स और छात्र-छात्राओं ने बड़ी संख्या में भाग लेकर राष्ट्र, समाज, संस्कृति और वर्तमान

● शिक्षा के साथ सामाजिक सरोकार जरूरी: किशन

वैश्विक व राष्ट्रीय चुनौतियों पर गहन मंथन किया। कार्यक्रम में आरएसएस के क्षेत्र प्रचारक प्रमुख पदमजी, संघ विभाग प्रचारक पारस पार्थ सारथीजी मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र प्रचारक प्रमुख पदमजी ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी समर्थ राष्ट्र के निर्माण में उसकी युवाशक्ति की भूमिका सबसे अहम होती है।

उन्होंने कहा, ष्यदि युवा सकारात्मक सोच, अनुशासन, उच्च



संस्कारों और निस्वार्थ सेवा भाव के साथ आगे बढ़ें, तो वे समाज और देश को एक नई सकारात्मक दिशा प्रदान कर सकते हैं। विभाग प्रचारक पारस पार्थ सारथीजी ने युवा डॉक्टरों व विद्यार्थियों से अपने व्यक्तिगत व व्यावसायिक विकास के साथ-साथ सामाजिक और राष्ट्रीय जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने का आह्वान किया। जिला पंचायत अध्यक्ष एवं विश्वविद्यालय के कुलाधिपति किशन चैधरी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि युवा देश की वास्तविक ताकत और रीढ़ हैं। उन्होंने बल देते हुए कहा कि विद्यार्थियों को केवल किताबी ज्ञान और डिग्री तक सीमित न रहकर सामाजिक सरोकारों और राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों को गहराई से समझना चाहिए। युवाओं को समाज सेवा, देश की संप्रभुता, अखंडता और सर्वांगीण विकास के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए।

इस युवा संवाद कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विवि के प्रति कुलपति व मेडीकल कालेज के डीन डा. शरद अग्रवाल, कुलसचिव डॉ. पूरन सिंह, वेटरिनरी रिसर्च सेंटर के डॉ. अशोक कुमार, केएम सिंह के अलावा विवि के विभिन्न संकायों के डीन, विभागाध्यक्ष, प्रोफेसर तथा बड़ी संख्या में यूजी व पीजी के डॉक्टर-विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित सभी युवा डॉक्टरों और छात्र-छात्राओं ने राष्ट्र व समाज के प्रति अपनी नैतिक जिम्मेदारियों को स्वीकार करते हुए राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय और निरंतर सहभागिता दर्ज कराने का सामूहिक संकल्प लिया।

## 15 हजार का इनामी एनडीपीएस एक्ट का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

फिरोजाबाद। एसओजी सर्विलांस टीम एवं थाना नसीरपुर पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए एनडीपीएस एक्ट के मामले में वांछित चल रहे 15 हजार रुपये के इनामी अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त अनुज कुमार पुत्र महाराज सिंह निवासी कस्बा एवं थाना ढोलना, जनपद कासगंज है। उसे कासगंज के थाना ढोलना क्षेत्र में हयातगढ़ी मछली तालाब के पास से गिरफ्तार किया गया। पुलिस के मुताबिक थाना नसीरपुर में दर्ज एनडीपीएस एक्ट में अनुज कुमार वांछित था। आरोप है कि वह अपने साथी पन्नालाल पुत्र वासुदेव और नरेन्द्र नाई पुत्र बाबूराम के साथ ट्रक संख्या ल्फ55 अख 8002 में उड़ीसा से करीब 3 क्विंटल 69 किलो गांजा लेकर आए थे। दो जुलाई 2026 को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे स्थित नगला गूंज करनपुर अंडरपास से पन्नालाल लोधी को अवैध गांजे के साथ गिरफ्तार किया था, जबकि अनुज कुमार मौके से फरार हो गया था। इसके बाद उसकी गिरफ्तारी पर 15 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था।पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ कासगंज, अलीगढ़ एटा और गौतमबुद्धनगर जनपदों में एनडीपीएस एक्ट समेत विभिन्न धाराओं में कई मुकदमे दर्ज हैं। इनमें थाना ढोलना में धारा 13 जी एक्ट, थाना दादों व मारहरा में एनडीपीएस एक्ट, थाना गंगीरी में एससी/एसटी एक्ट एवं बीएनएस की धाराओं तथा थाना बादलपुर, गौतमबुद्धनगर में बीएनएस की धाराओं में मुकदमे शामिल हैं। थाना नसीरपुर में दर्ज एनडीपीएस एक्ट का मुकदमा भी उसके आपराधिक इतिहास में शामिल है। थाना पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्रवाई की है।

## निवेश को लेकर उद्यमियों के साथ यूपीडा की बैठक

फिरोजाबाद। जनपद के नसीरपुर क्षेत्र में उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे विकास प्राधिकरण (यूपीडा) द्वारा विकसित किए जा रहे औद्योगिक गलियारे को लेकर सोमवार को उद्यमियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक एवं प्रस्तुतीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा की उपस्थिति में संपन्न हुआ।



यूपीडा की टीम ने उद्यमियों के समक्ष नसीरपुर में विकसित किए जा रहे औद्योगिक गलियारे की परियोजना, उपलब्ध सुविधाओं, औद्योगिक भूखंडों के विकास तथा निवेश की संभावनाओं को लेकर विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया। उद्यमियों को औद्योगिक गलियारे में निवेश और उद्योग स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस दौरान उद्यमियों ने परियोजना से जुड़ी अपनी जिज्ञासाएं और सुझाव रखे, जिनका यूपीडा टीम ने आवश्यक जानकारी देकर समाधान किया। बैठक में जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने उपायुक्त उद्योग एवं यूपीडा के अधिकारियों को निर्देश दिए कि क्लस्टर के रूप में निवेश करने के इच्छुक उद्यमियों को भी प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने आवंटन की शर्तों में भुगतान संबंधी प्रावधानों को स्पष्ट रखने के निर्देश दिए, ताकि उद्यमी बिना किसी संशय के आवेदन कर सकें।

वहीं जनपद के उद्यमियों ने औद्योगिक गलियारे में भूखंडों के रेट अधिक होने का मुद्दा उठाया। उद्यमियों का कहना था कि वर्तमान में क्षेत्र में अपेक्षित विकास कार्य दिखाई नहीं दे रहे हैं, जिसके कारण निवेश को लेकर उद्यमियों में हिचकिचाहट है। उन्होंने परियोजना क्षेत्र में आवश्यक आधारभूत सुविधाओं के विकास तथा निवेश के अनुकूल परिस्थितियां तैयार करने की मांग रखी। उद्यमियों ने नसीरपुर औद्योगिक गलियारे के विकास को जनपद में औद्योगिक विस्तार और रोजगार सृजन की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया। उनका कहना था कि परियोजना के धरातल पर आने से क्षेत्र में निवेश बढ़ने के साथ स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। यूपीडा की ओर से भी परियोजना को गति देने और अधिकाधिक उद्यमियों को निवेश के लिए आकर्षित करने के प्रयास जारी रखने की बात कही गई।बैठक में उपायुक्त उद्योग संध्या, यूपीडा से मोनिका कुमार, राहुल गुप्ता एवं दीपक बिष्ट के अलावा उद्यमी राज कुमार मित्तल मुकेश बंसल उपस्थित रहे।

## जन समस्याओं के निस्तारण को लेकर डीएम सख्त



फिरोजाबाद। मुख्यमंत्री द्वारा जन कल्याणकारी और विकास योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा के उपरांत प्राप्त निर्देशों के क्रम में जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा की अध्यक्षता में एक समीक्षा बैठक का आयोजन कलैक्ट्रेट सभागार कक्ष में किया गया, बैठक में अपर जिलाधिकारी वि0रा0 कल्पना जयसवाल के अलावा पी0डी0 डी0आर0डी0ए0 सुभाष चन्द्र त्रिपाठी, उपनिर्देशक कृषि सत्येन्द्र सिंह, प्रोबेशन अधिकारी मिथलेश कुमार उप जिलाधिकारी सदर सुदर्शन उप जिलाधिकारी टूण्डला जिला पंचायत राज अधिकारी अरूण अत्री आदि उपस्थित रहें। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने शासन द्वारा दिए गए निर्देशों योजनाओं की प्रगति और जन समस्याओं के निस्तारण में पाई गयी कमियों पर सख्त रूख अपनाते हुए इन कमियों को शीघ्र दूर करने के निर्देश दिए, जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह अपने-अपने विभागों में योजनाओं की प्रगति सुनिश्चित करें, शासन स्तर से स्पष्ट निर्देश है कि कार्य न करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को चिन्हित कर उनके विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाए। निराश्रित महिला पेंशन योजना की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने नारखी एवं टूण्डला ब्लॉक में प्राप्त फीडबैक और पेंशन वितरण में आ रही, समस्याओं का तत्काल संज्ञान लेते हुए विस्तृत रिपोर्ट तलब की है। पेंशनरों को समय पर भुगतान न होने, आधार व बैंक लिकिंग की समस्याओं के समाधान हेतु जिलाधिकारी ने कहा कि इसके लिए विशेष प्रयास किए जाए, साथ ही उन्होने जन सामान्य की सुविधाओं के लिए हैल्प लाइन व सम्पर्क नम्बर प्रदर्शित करने की बात कहीं, ताकि लाभार्थी सीधे सम्पर्क कर सके। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के विषय में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि आवास योजना के लाभार्थियों के सर्वेक्षण, सत्यापन और स्वीकृत प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता बरती जाए। पात्र लाभार्थियों को धनराशि जारी करने में हो रहे, विलम्ब को दूर कर समयबद्ध तरीके से प्रक्रिया पूरी की जाए, इसी तरह प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने कहा कि राशन वितरण में कम तौल और गुणवत्ता से जुडी शिकायतें यदि पाई गयी तो दोषियों के खिलाफ एफ0आई0आर0 सहित कठोरतम कानूनी कार्यवाही की जाएगी। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने उप निदेशक कृषि को निर्देशित किया कि किसानों के आधार और बैंक खाता लिंकिंग से जुडी समस्याओं को प्राथमिकता पर हल किया जाए, साथ ही मृतक या अपात्र लाभार्थियों की छटनी कर शत-प्रतिशत किसानो को योजना का लाभ दिया जाए।


## बिजली चोरी पर बिजली विभाग का शिकंजा, डेयरी प्लांट समेत 11 प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई



मथुरा। चैमुहां बिजलीघर क्षेत्र में बढ़ते विद्युत भार और ट्रांसफार्मरों पर लगातार आ रही सप्लाई संबंधी समस्याओं को देखते हुए बिजली विभाग ने विद्युत चोरी के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है। अधिशासी अभियंता कोसी सुरेंद्र पाल सिंह के निर्देश पर ग्राम तरौली और अकबरपुर क्षेत्र में छापामार कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान बिना वैध विद्युत संयोजन के कई प्रतिष्ठान संचालित मिलते ही विभागीय टीम ने कार्रवाई शुरू कर दी। जांच के दौरान ग्राम तरौली में एक औद्योगिक संयोजन डेयरी उत्पादन प्लांट बिना वैध कनेक्शन के चलता मिला। वहीं ग्राम अकबरपुर में आरओ प्लांट तथा तरौली रोड पर एक ढाबा भी कटिया डालकर बिजली का इस्तेमाल करते पाए गए। विभाग ने तीनों मामलों में संबंधित एंटी पावर थेफ्ट थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। अभियान के दौरान कुल 11 प्रकरणों में कार्रवाई की गई।

उपखंड अधिकारी सर्वज्ञ श्रीवास्तव ने बताया कि क्षेत्र में विद्युत चोरी पर अंकुश लगाने और बढ़ते लोड को नियंत्रित करने के लिए चेकिंग अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने उपभोक्ताओं से वैध विद्युत संयोजन लेकर ही बिजली का उपयोग करने की अपील की। छापामार टीम में अवर अभियंता अश्विनी कुमार सहित संविदाकर्मी मोहन, राजवीर आदि शामिल रहे।

## महंगाई के विरोध में प्रदर्शन, सरकार की नीतियों पर सवाल




मथुरा। मथुरा में अखिल भारतीय समता फाउंडेशन ने सोमवार दोपहर करीब 2 बजे बढ़ती महंगाई के विरोध में प्रदर्शन किया। फाउंडेशन के रमेश सैनी ने इस प्रदर्शन का नेतृत्व किया। कार्यकताओं ने हाथों में तख्तियां लेकर सरकार की नीतियों के खिलाफ नारेबाजी की और महंगाई पर अंकुश लगाने की मांग की।प्रदर्शनकारी कार्यकताओं ने चीनी, खाद्य तेल, रसोई गैस, डीजल और पेट्रोल सहित रोजमर्रा की खाने-पीने की वस्तुओं की बढ़ती कीमतों पर रोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि लगातार महंगी होती वस्तुओं के कारण आम आदमी का घरेलू बजट बिगड़ गया है। कार्यकताओं ने बताया कि सीमित आय में परिवार का खर्च चलाना मुश्किल हो रहा है, जिसका सबसे अधिक असर गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों पर पड़ रहा है।

रमेश सैनी और समता फाउंडेशन के महासचिव नरेश चैधरी ने संयुक्त रूप से कहा कि लगातार बढ़ती महंगाई आम जनता के लिए बड़ी परेशानी का कारण बन रही है।

## आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत की जानकारी दी

फिरोजाबाद। पवित्र सावन माह के अंतिम सोमवार एवं फेस्टिवल वीक के पावन अवसर पर जन आधार कल्याण समिति द्वारा कोविड 19 के दौरान विभिन्न सरकारी व गैर सरकारी संगठनों और क्षेत्र वासियों के सहयोग से सुहाग नगर में विकसित किए गए पार्क में समाज सेवा पर्यावरण संरक्षण और नारी सम्मान, संरक्षण एवं स्वावलंबन का एक अनूठा संगम देखने को मिला।

जहां रेड टेप मूवमेंट महिला कल्याण विभाग, जन आधार कल्याण समिति, चाइल्ड लाइन एवं भारतीय सांस्कृतिक विकास समिति की संयुक्त टीम ने पार्क में एकत्र होकर वृक्षों पर 'रेड टेप सुरक्षा का लाल धागा बांधा एवं पौधरोपण कर समाज को पर्यावरण संरक्षण तथा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का एक ठोस संदेश दिया। मिशन 'रेड टेप मूवमेंट के संस्थापक एवं उप निदेशक बचत लखनऊ मंडल, लखनऊ प्रभात मिश्र ने संस्था द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए उपस्थित सभी सदस्यों व नागरिकों का उत्साहवर्धन किया और प्रकृति की सुरक्षा और बेटियों का सम्मान ही एक सशक्त और समृद्ध समाज की असली पहचान है₹का संदेश दिया। महिला कल्याण विभाग फिरोजाबाद से जिला हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वीमेन की अधिकारी जिला मिशन कोऑर्डिनेटर अनम अकाशा एवं अकाउंट असिस्टेंट मोहिनी शर्मा ने समस्त जनमानस को सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना बाल सेवा योजना सामूहिक



विवाह विधवा पेंशन आदि व किसी भी आपातकालीन स्थिति या समस्या में सहायता हेतु उपयोगी एल्डरलाइन ओल्ड एज हेल्पलाइन 14567 वूमेन पावर लाइन महिला हेल्पलाइन -1090 महिला आपातकालीन सहायता 181 चाइल्ड हेल्पलाइन-1098, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस, फायर या मेडिकल इमरजेंसी सेवा -112 एम्बुलेंस सेवा 102 / 108 आदि राष्ट्रीय कृत टोल फ्री हेल्पलाइन नंबरों के विषय में बताते हुए विभिन्न योजनाओं संबंधित पैंपलेट वितरित किए और पीएलवी प्रवीन कुमार शर्मा ने कानूनी अधिकारों व सुलभ न्याय की जानकारी देते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आगामी 12 सितंबर को आयोजित की जा रही राष्ट्रीय लोक अदालत' की जानकारी दी। और बताया कि आगामी 12 सितंबर 2026 को जनपद न्यायालय सिविल कोर्ट फिरोजाबाद में राष्ट्रीय लोक अदालत' का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें, लोक अदालत के माध्यम से बैंक रिकवरी आपसी विवाद, पारिवारिक मामले, चालान व शमनीय आपराधिक वादों का निस्तारण बिना किसी कोर्ट फीस के आपसी सहमति से कराया जा सकता है। राष्ट्रीय विधिक सहायता हेल्पलाइन नंबर 15100 पर मुफ्त कानूनी सहायता कानूनी सलाह तथा कमजोर वर्गों को कोर्ट कचहरी के मामलों में सहायता हेतु जानकारी की जा सकती है।

# अवसरों की कमी

युवाओं का आंदोलन जिस तरह देश के विभिन्न हिस्सों में सामने आया है, उसका एक बड़ा कारण अवसरों की कमी भी है। परीक्षा प्रश्न पत्रों में अनियमितताओं को लेकर दिल्ली और झारखंड में विद्यार्थियों के विरोध प्रदर्शनों से भारत की सार्वजनिक परीक्षा प्रणाली की खामियां उजागर हुई हैं। केंद्रीय या राज्य स्तरीय परीक्षा देने वाले छात्रों और नौकरी के इच्छुक लोगों की ओर से जवाबदेही की बढ़ती मांग कई संस्थागत विफलताओं को दर्शाती है। झारखंड सरकार द्वारा 2014 से अब तक 22 भर्ती परीक्षाओं को रद्द करने के फैसले से यह बात स्पष्ट हो गई है। रद्द की गई परीक्षाओं में राज्य सिविल सेवा, सिविल न्यायाधीश, ड्रग इंस्पेक्टर, वन अधिकारी आदि पदों की परीक्षाएं शामिल हैं। स्थानीय राजनीतिक दल झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के नेतृत्व में 26 दिन तक विरोध प्रदर्शन चला और पुलिस द्वारा लाठीचार्ज, आंसू गैस और डरा-धमकाकर की गई गिरफ्तारियों से कोई समाधान नहीं निकला। उसके बाद परीक्षाएं रद्द करने का निर्णय लिया गया। राज्य सरकार ने यह कठोर निर्णय दबाव में लिया जिसके परिणाम नये सिरे से




विरोध प्रदर्शनों में देखे जा सकते हैं। इस बार उन उम्मीदवारों ने प्रदर्शन किए जो इन रद्द की गई परीक्षाओं में उत्तीर्ण हुए थे और अब राज्य प्रशासन में कार्यरत हैं। उन्हें नौकरी जाने का डर है क्योंकि जिन परीक्षाओं में वे शामिल हुए थे, उन्हें अमान्य घोषित कर दिया गया है और सरकार ने अभी तक उनकी स्थिति स्पष्ट नहीं की है। हालांकि झारखंड उच्च न्यायालय ने गुरुवार को राज्य की 11वीं से 13वीं संयुक्त सिविल सेवा परीक्षा को रद्द करने पर रोक लगा दी। पिछले दिनों कॉकरोच जनता पार्टी नामक दबाव समूह द्वारा दिल्ली के जंतर मंतर पर किए गए विरोध प्रदर्शनों से प्रेरणा लेकर ये प्रदर्शन किए गए। प्रदर्शनकारियों ने भर्ती परीक्षाओं, विशेष रूप से झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) की संयुक्त स्नातक स्तरीय (सीजीएल) परीक्षा में गंभीर अनियमितताओं का आरोप लगाया। जेएसएससी-सीजीएल सहित अन्य परीक्षाओं का संचालन करने वाली टीडीपीएल एजेंसी सुर्खियों में है। वर्ष 2010 में स्थापित इस कम जानी पहचानी एजेंसी की नियुक्ति पर सवाल उठ रहे हैं क्योंकि इसके संस्थापकों पर उत्तर प्रदेश में अनियमितताओं और भाई-भतीजावाद के आरोप लगे हैं। विरोध प्रदर्शनों के प्रबंधन में विफल रहने के बाद, झारखंड सरकार समाधान खोजने में लगी है। उसने झारखंड उच्च न्यायालय से परीक्षा प्रश्नपत्र लीक करने वालों पर त्वरित सुनवाई के लिए एक त्वरित अदालत गठित करने का आग्रह किया है, परीक्षा सुधारों के लिए सुझाव देने हेतु एक आंतरिक निगरानी प्रकोष्ठ का प्रस्ताव रखा है और कई जांच के आदेश दिए हैं। ये कदम भले ही जल्दबाजी में की गई सुधार की कार्रवाई का संकेत देते हों, लेकिन इस समस्या के व्यावहारिक समाधानों की कोई कमी नहीं है। यह समस्या वर्षों से भारत में व्याप्त है। हालांकि नंदन निलेकणी के नेतृत्व में गठित उच्चस्तरीय कार्यबल इसे दुरुस्त करने के लिए उपयोगी सुझाव अवश्य देगा। सार्वजनिक निगरानी से कुछ समय के लिए परीक्षाओं के संचालन में पारदर्शिता सुनिश्चित होने की संभावना है, फिर भी एक बुनियादी ढांचागत कमजोरी बनी हुई है जो अनियमितताओं को बढ़ावा देती रहेगी, वह है अच्छे विश्वविद्यालय में सीटों और सुरक्षित नौकरियों की कमी। अवसरों की कमी परीक्षा लीक जैसी समस्याएं पैदा करती हैं। इसलिए नौकरियां और सीटें बढ़ाने की भी जरूरत है।

विचार

जिसकी हम अभिलाषा करते हैं और जिसकी सिद्धि के लिए संपूर्ण अंत:करण से प्रयास करते हैं, तो उसकी प्राप्ति हमे अवश्य होती है।

-स्वेट मॉर्डन.

अज्ञानता मन की रात के समान है। ऐसी रात जिसमें न तो चांद होते हैं और न ही तारे।

-कन्फ्यूशियस.

पेड़ अपने सिर पर गर्मी सह लेता है, लेकिन अपनी छाया के द्वारा औरों को धूप से बचाता है।

-कालिदास.

जो खुशमिस्मत हैं, संतोष रखते हैं। अगर तू भी खुश किस्मत होना चाहता है तो संतोष के नूर से अपनी जान रोशन कर।

-शेख सादी.

मस्तिष्क के लिए अध्ययन की उतनी ही आवश्यकता है जितना की शरीर को व्यायाम की आवश्यकता है।

-एडीसन.

# नाकामी का ठीकरा दूसरों पर फोड़ रहे ट्रंप


नौशाबा परवीन



सामयिक

सेव अमेरिका एक्ट को मद्देनजर रखते हुए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प भारत की मतदान प्रक्रिया से प्रभावित अवश्य नजर आते हैं, लेकिन ऐसा प्रतीत होता है कि वह भारत के विरुद्ध टैरिफ में अतिरिक्त वृद्धि करने जा रहे हैं, जिसका नई दिल्ली व वाशिंगटन के बीच जो व्यापार समझौता संभावित है उस पर भी गहरा असर पड़ सकता है। अमेरिका ने भारत पर आरोप लगाया है कि वह उन प्रथाओं का उल्लंघन कर रहा है जिन्हें वाशिंगटन फेयर ट्रेड प्रैक्टिस (निष्पक्ष व्यापार) समझता है। वाइट हाउस ने 'द ग्रेट ट्रांसशिपमेंट स्कैम' नामक एक रिपोर्ट प्रकाशित की है, जिसमें उसने भारत सहित 40 देशों पर अमेरिकी टैरिफ से बचने के लिए चीन की मदद करने का आरोप लगाया है। पहले यह समझ लेते हैं कि 'द ग्रेट ट्रांसशिपमेंट स्कैम' आखिर है क्या ताकि इन आरोपों का भारत के लिए अर्थ मालूम हो सके और यह भी कि क्या इनसे भारत की विकास कथा पर कोई असर पड़ेगा? पिछले लगभग तीन दशकों से अमेरिका व चीन की अर्थव्यवस्थाएं गहराई से गुंथ गई हैं। अमेरिका चीन के निर्माण हब पर बहुत अधिक निर्भर हो गया है। चीन बाजार व निवेश के लिए अमेरिका पर निर्भर है। यह इनके आर्थिक संबंध का सरल मूल्यांकन है, लेकिन वर्तमान संदर्भ में यह सबसे अधिक प्रासंगिक भी है। इस संबंध का नतीजा यह हुआ है कि चीन के साथ अमेरिका विशाल व्यापार घाटे में है। इसका अर्थ यह हुआ कि अमेरिका चीन से आयात तो अधिक कर रहा है, लेकिन चीन को निर्यात बहुत कम कर रहा है। ट्रम्प लम्बे समय से इस विशाल व्यापार घाटे पर चिंता व्यक्त करते आ रहे हैं। ट्रम्प ने अपने दूसरे कार्यकाल में अमेरिका के व्यापार पार्टनर्स पर जो भारी भरकम टैरिफ लगाने पर बल दिया उसकी मूल वजह यही व्यापार घाटा था, जिसे वह कम करना चाहते हैं।

चीन को अधिक टैरिफ का सामना ट्रम्प के पहले कार्यकाल से ही करना पड़ गया था। अमेरिका ने साल 2018 में चीनी गुड्स जैसे इलेक्ट्रिक वाहन, सेमीकंडक्टर्स, मेडिकल उत्पाद आदि पर अनुचित व्यापार व टेक प्रथाओं से संबंधित 1974 के ट्रेड एक्ट के सेक्शन 301 के तहत 7.5 प्रतिशत से लेकर 100 प्रतिशत तक का टैरिफ थोपा था। वाइट हाउस के अनुसार, इसके कारण वर्ष 2019 व 2020 में चीन के साथ अमेरिका के व्यापार घाटे में कमी आयी। फिर 24 जुलाई 2026 को अमेरिका ने इस टैरिफ में अतिरिक्त 12.5 प्रतिशत जोड़ा कि जबरन-श्रम अनुपालन में अंतर था और विस्तृत वैध आयात प्रतिबंधों का अभाव थो वाइट हाउस की रिपोर्ट के अनुसार 2018 के बाद से चीनी निर्यातक निरंतरता से अपनी गुड्स तीसरे देशों के माध्यम से अमेरिका भेज रहे हैं ताकि टैरिफ से बचा जा सके। रिपोर्ट में कहा गया है, 'जो उत्पाद पहले चीन से सीधे अमेरिका भेजे जाते थे, उन्हें तीसरे देशों के जरिये भेजा जाने लगा, जहां सीमित रूप से उन्हें जोड़ा, फिनिश, पुनः पैक, पुनः लेबल या डॉक्यूमेंटेशन परिवर्तन किया जाता ताकि ऐसा लगे जैसे वह अलग देश के उत्पाद हैं।'

तीसरे देशों के रूप में वाइट हाउस ने 40 से अधिक मुल्कों की पहचान की है, जिनमें भारत को टॉप पर रखा गया है। टैरिफ बचाने में चीन की 'मदद' करने के लिए और 'अत्यधिक अवैध ट्रांसशिपमेंट का खतरा' मोल लेने हेतु जिन अन्य देशों या क्षेत्रों को चीन के टॉप 'मददगारों' की श्रेणी में रखा गया है वह हैं मैक्सिको, कनाडा, यूरोपीय संघ, जापान व दक्षिण कोरिया। अमेरिका ने आरोप लगाया है कि यह देश/क्षेत्र चीनी गुड्स को आयात करते हैं, उनमें मामूली सी रद्दोबदल करते हैं और उनका अमेरिका को निर्यात कर देते हैं कम टैरिफ पर अगर ये गुड्स सीधे चीन से अमेरिका आते तो इनपर अधिक टैरिफ लगता। रिपोर्ट के अनुसार, इसकी वजह से अमेरिकी सरकार को जबरदस्त राजस्व नुकसान हुआ है। रिपोर्ट में कहा गया है, 'द ऑफिस ऑफ ट्रेड एंड इकनोमिक एनालिसिस का अनुमान है कि वर्ष 2025 में लगभग 67 बिलियन डॉलर की चीनी गुड्स मैक्सिको, भारत व वियतनाम से होते हुए अमेरिका आयीं, जिससे वाशिंगटन को टैरिफ राजस्व में तकरीबन 28 बिलियन डॉलर का नुकसान हुआ है'। रिपोर्ट में पुणे-गुजरात-चेन्नै उत्पादन बेल्ट की मिसाल दी गई है कि यह क्षेत्र चीन से पंप व कंप्रेसर 'हजम' कर लेता है, जिससे अमेरिका में सिनसिनाटी, डेटन व कोलंबस की औद्योगिक सप्लाई चेन प्रभावित होती हैं। मोटे तौरपर देखा जाये तो रिपोर्ट से यह निष्कर्ष निकल रहा है कि अमेरिका की टैरिफ नीति अमेरिका के आयात को कम करने व घरेलू उत्पादन में इजाफा करने में नाकाम रही है। हालांकि चीन से अमेरिकी आयात जो 2017 में 525.8 बिलियन डॉलर था वह 2025 में कम होकर 327.5 बिलियन डॉलर रह गया, लेकिन सभी देशों से अमेरिकी आयात में जबरदस्त उछाल आया और वह इस अवधि में 2.41 ट्रिलियन डॉलर से बढ़कर 3.50 ट्रिलियन डॉलर हो गया। संक्षेप में यह कि अमेरिका अधिकतर चीनी गुड्स को अन्य देशों से आयात करता रहा बजाय उनका उत्पादन अपने ही घर में करने के। कहने का अर्थ यह है कि ट्रम्प के टैरिफ ने आयात के स्त्रोत को तो बदल दिया, लेकिन आयतित गुड्स पर अमेरिका की कुल निर्भरता कम न हो सकी। कमी तो स्वयं अमेरिका की है, लेकिन वह दूसरों विशेषकर भारत की व्यापार नीतियों में गलतियां निकाल रहा है। अपने पहले कार्यकाल में ट्रम्प ने लक्जरी मोटरसाइकिलों पर भारतीय टैरिफ की आलोचना की थी, जिसके बाद भारत ने उसे कम कर दिया। पिछले साल ट्रम्प ने भारत पर आरोप लगाया कि रुसी तेल आयात करके वह यूक्रेन पर रूस के युद्ध को फाइनेंस कर रहा है। ट्रम्प ने भारत पर बतौर जुर्माना 50 प्रतिशत टैरिफ थोप दिया था। हाल ही में अमेरिकी सीनेट ने ट्रम्प के समर्थन से एक विधेयक पारित किया जिसमें रुसी तेल आयात करने पर भारत पर 100 प्रतिशत तक का टैरिफ लग सकता है। यह विधेयक अभी हाउस ऑफ रिप्रेजेन्टेटिव में पास होना शेष है। इसके अतिरिक्त अमेरिका ने बतौर जुर्माना भारत पर 10 प्रतिशत टैरिफ लगाया हुआ है कि वह जबरन श्रम को खत्म करने के लिए पर्याप्त प्रयास नहीं कर रहा है। एक अन्य जांच अतिरिक्त क्षमता (एक्स्स कैपेसिटी) को लेकर भी चल रही है, जिससे टैरिफ में और वृद्धि होने की आशंका है। अब जो यह नवीनतम आरोप लगे हैं कि भारत चीन को टैरिफ से बचने में मदद कर रहा है, उनमें फिलहाल जुर्माने की कोई बात नहीं है, लेकिन संभावनाएं प्रबल हैं। ट्रम्प तय कर सकते हैं कि इस संदर्भ में जो देश चीन की मदद कर रहे हैं उनपर अतिरिक्त टैरिफ लगाया जा सकता है।

भारत पर जुर्माने के रूप में अतिरिक्त टैरिफ उसकी विकास कथा को प्रभावित कर सकता है। पिछले कुछ वर्षों से भारत चीन की फिनिश्ड गुड्स आयात करने की बजाये कच्चा माल व इंटरमीडिएट गुड्स आयात कर रहा है, उनका इस्तेमाल देश में फिनिश्ड गुड्स तैयार करने के लिए कर रहा है और फिर उनका निर्यात कर रहा है। मसलन, 2015-16 के पहले क्वार्टर में चीन से भारत ने जो कुल आयात किया उसमें 3.3 प्रतिशत इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट्स थे, जो 2026-27 के पहले क्वार्टर में बढ़कर 13 प्रतिशत हो गये। इसी अवधि में फिनिश्ड गुड्स का आयात कम हुआ है, मसलन टेलिकॉम इंस्ट्रूमेंट्स 18 प्रतिशत से 11 प्रतिशत पर आये। दूसरे शब्दों में 'मेक इन इंडिया, फॉर द वर्ल्ड' कहानी आज भी बहुत अधिक चीन से आयात पर निर्भर है। अगर भारत को यह आयात कम करने पर मजबूर किया गया तो उसका निर्माण खर्च बढ़ जायेगा जिससे अंतर्राष्ट्रीय बाजार में मुकाबला करना कठिन हो सकता है।

> वाइट हाउस ने 'द ग्रेट ट्रांसशिपमेंट स्कैम' नामक एक रिपोर्ट प्रकाशित की है, जिसमें उसने भारत सहित 40 देशों पर अमेरिकी टैरिफ से बचने के लिए चीन की मदद करने का आरोप लगाया है।

सोशल मीडिया

स्कूल खोजो एक लाख पाओ, नगर शिक्षा अधिकारी जौनपुर का 25 मई 2026 का पत्र ध्यान से पढिये, उन्होंने लिखा 'कुछ विद्यालयों का अस्तित्व ही खत्म हो चुका है'। संजय सिंह.



अपने संकल्प और सद्प्रयासों से युवाओं के द्वारा उप्र के बस्ती जिले के 'लजघटा' से गुजरने वाली नदी को स्वच्छ बनाने का प्रयास सराहनीय और स्वागत योग्य है। अखिलेश यादव



विरासत हमारी पहचान है। संस्कृति हमारी आत्मा है, कार्य संस्कृति हमारी शक्ति है और विकास हमारा संकल्प है। जापान का सहयोग हमारी इस गति को और तेज करेगा। सीएम योगी.



# माया का बंधन

आत्मिक प्रगति का प्रथम चरण आत्म-निरीक्षण जितना गंभीर और प्रखर होता है। उसी अनुपात में शरीर और आत्मा की भिन्नता का वास्तविक आभास होता है। अन्यथा तोतारटन्त की तरह आत्मा परमात्मा की चर्चा का बाल विनोद चलता रहता है। माया के बंधन शिथिल होने या कटने का एक मात्र उपाय है कि अपनी सत्ता की स्थिति को समझा जाये। यह अनुभूति विकसित हो सके तो ही आत्मा का महत्व एवं हित सूझ पड़ता है और शरीर के पक्ष में झुकी हुई सारी प्रकृति को संतुलित करने का मन होता है। शरीर संसार में अनुरक्त रहता है और आत्मा की प्रायः उपेक्षा करता है। यह सोच तक नहीं पाता कि हमारे भीतर आत्मा नाम की कोई वस्तु भी है और उसकी भी कुछ मांग, पुकार, सुख एवं आवश्यकताएं भी हैं। इस प्रकार की अनुभूति तभी होती है जब शरीर तथा इसके सुखों पर सर्वस्व न्यौछावर किए रहने के ढर्रे में परिवर्तन किया जाये। आत्मा को परमात्मा का संदेश सुनने और आह्वान को अंगीकार करने की बात अंतरंग की गहराई तक प्रवेश कर जाती है। तभी यह सूझ पड़ता है कि शरीर की तरह आत्मा के निमित्त भी कुछ किया जाना चाहिए। क्या किया जाना चाहिए? इसके उत्तर में दो तथ्य उभर कर सामने आते हैं। एक यह कि आत्म गौरव के अनुरूप व्यक्तित्व के ढलने में जो त्रुटियां चल रही हैं, उनका कठोरतापूर्वक नियमन किया जाये। इसी को तप कहते हैं। इस संदर्भ में कठोरता बरतनी होती है। अभ्यस्त दुष्प्रवृत्तियां सहज पीछा नहीं छोड़तीं। तपश्चर्या का अभिप्राय शरीर को कष्ट देना नहीं है। इसका वास्तविक अर्थ है- ऐसा मनोबल विकतिस करना जो दुष्प्रवृत्तियों से मल्ल युद्ध करके उन्हें परास्त कर सके। इसी को संशोधन पक्ष कहते हैं। इसके अतिरिक्त दूसरा पक्ष श्रेष्ठता के अभिवर्द्धन का है। यह आत्मविश्वास एवं आत्मबल के आधार पर उपर्युक्त क्रम बना लेने से भी संभव हो सकता है। इसके लिए सत्प्रवृत्तियों के समन्वय द्वारा ईश्वर की उपासना सहायक होती है। इसे ही योग कहते हैं। विराट ब्रह्म से अपने आपको जोड़ना ही योग है। क्षुद्र स्वार्थपरता के संकीर्ण बंधनों को शिथिल करने का अभ्यास करना ही योग है। ऐसे साधक का दृष्टिकोण समता और क्रिया कल्याण सर्वजनीन हित साधन का होता है। इसके लिए कर्म ज्ञान भक्ति किसी भी मार्ग अथवा इसके समन्वय का अभ्यास आरम्भ किया जा सकता है। यही है यथार्थवादी आत्मिक प्रगति का राजमार्ग जिसे अपनाकर कोई भी साधक पूर्णता के लक्ष्य की ओर बढ़ सकता है।

अंतर्दृष्टि

# साहित्यिक वृत्ति की आस में

व्यंग्यलोक

आदरणीय, परमादरणीय सरकार जी! आज भी मेरा कद उतना ही है, वही अंगूठा भर। वैसे मेरा कद बढ़ता भी कैसे? मेरे लेखन से मेरा कद दो इंच बढ़ता है तो दूसरे मठ के मेरा कद चार इंच काट जाते हैं। सरकार जी! साहित्य लेखन से उपकृत संपृक्त हो बहुत जी लिया। अब मैं पुरस्कृत हो जीना चाहता हूं। मैं जानता हूं कि जिस पर मां सरस्वती का वरद हस्त होता है वह लेखन से उपकृत संपृक्त होता है और जिस पर सरकार जी का वरद हस्त होता है वह बिन लिखे ही पुरस्कृत होता है। सरकार जी! जैसे कि आपने साहित्यिक वृत्ति योजना में यह भी शर्त रखी है कि उस साहित्यकार को ही साहित्यकार वृत्ति योजना का लाभार्थी माना जाएगा जो साहित्यकार बीपीएल श्रेणी में होगा। तो सर जी! इस शर्त बाबत आपसे सादर निवेदन है कि मैं पूरी तरह से बीपीएल श्रेणी का ही साहित्यकार हूं। आप तो सरकार जी जानते ही हैं कि आज की तारीख में लेखन से कमाई ही क्या होती है? इसका जिंदा प्रमाण मेरे पास साहित्य से होने वाली वार्षिक आय का अपने क्षेत्र के प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट द्वारा जारी प्रमाण पत्र भी है। मत पूछो मैंने किस किस की मिन्नतें किस किस से मन्नतें कर यह असली प्रमाणपत्र बनवाया है। जो कभी किसी रोज कहीं से गलती से किसी महीने किसी रचना का पारिश्रमिक आ जाता है तो उस दिन पानी के दीए जला दीवाली मना लेता हूं। सरकार जी! बीसियों शारीरिक और मानसिक रोगों ने मुझे चारों ओर से बुरी तरह घेर रखा है। मेरी मानसिक बीमारी का अंदाजा आप इसी से लगा सकते हैं कि मुझे अपने से बड़ा साहित्यकार आज की डेट में पूरे ब्रह्मांड में कोई नहीं दिखता। कई बार तो मुझे जब मानसिक साहित्यिक बीमारी का दौरा पड़ता है तब मैं अपने सामने सूर, तुलसी, शेक्सपियर, आल्बेयर कामू, गोर्की को भी बहुत बौना पाता हूं। तब वे सब बेबस मुझे अपनी हीनता को दबाए टुकुर टुकुर निहारते हैं बस! अतः मैं साहित्यिक वृत्ति का सुपात्र आपके द्वारा अखबारों में प्रकाशित साहित्यकार वृत्ति का निर्धारित प्रपत्र को गौर से पूरी तरह भरकर आवश्यक दस्तावेजों सहित आपकी मेल आईडी पर आपको मेल कर ही रहा हूं, साथ ही साथ हार्ड कापी भरे प्रपत्र की प्रति पंजीकृत पत्र से आपकी सेवा में भेज रहा हूं। आपसे इल्तिजा है कि आप मेरे आवेदन पर ईमानदारी से गौर फरमाएं। **सरकार जी से साहित्यिक वृत्ति की आस में,** अनुग्रह से पूर्व धन्यवाद सहित, एक बीपीएली, शारीरिक और मानसिक अक्षम साहित्यिक बगुला।


अशोक गौतम

# नयी खोज से खुलेंगे आकाश गंगा के रहस्य



विज्ञान

आसमान में शक्ति और शिव का मिलना खगोल विज्ञान के क्षेत्र में निःसंदेह एक क्रांतिकारी घटना है। तारों के समूह के इस अतिप्राचीन श्रृंखला का हिंदू देवी-देवता के नाम पर शिव और शक्ति नामित करने के भी गहरे निहितार्थ हैं। हिंदू वांग्मय में शिव और शक्ति के मिलन से ब्रह्मांड की उत्पत्ति का विवरण मिलता है। सृजन और ब्रह्मांड के गठन का प्रतीक यह नामकरण आकाशगंगा की लौकिक कथा में भारतीय दर्शन की महत्वपूर्ण भूमिका दर्शाता है। सितारों के दो नए समूह शृंखला शिव और शक्ति के मिलने के बाद अब हम अपनी आकाशगंगा और बह्मांड के कई गूढ़ रहस्यों को जान सकेगें। ये तारा समूह आकाशगंगा की प्राचीन वंशावली का मानचित्रण करते हैं। नये भारत में खगोल विज्ञान, अंतरिक्ष विज्ञान या लाइफ साइंसेज जितना लोकप्रिय विषय नहीं रहा। माना जाता है कि यह आम जीवन को सीधे सीधे प्रभवित नहीं करता। इसलिए इस क्षेत्र की बड़ी से बड़ी खोजों पर पर्याप्त चर्चा नहीं हो पाती और बहुधा नक्षत्र या ज्योतिष विज्ञान तक पहुंचकर ऐसी चर्चाओं की इतिश्री हो जाती है।

आमधारणा है कि जीवन संभावना से रहित किसी ग्रह, नये सितारे, उसके व्यवहार, क्रिया कलापों की खोज अथवा फिर उनके नामकरण से हमें आखिर क्या हासिल होने वाला है? आकाशगंगा के शोध अध्ययन से जो भी निकलेगा वह मात्र खगोल संबंधी, वायवीय और सैद्धांतिक होगा, व्यवहारिक नहीं। पर ऐसा नहीं है। इस संदर्भ में मात्र इतना ही कहना पर्याप्त है कि आकाशगंगाएं तारों की एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक जिन सामग्री या तत्वों का पुनर्चक्रण करती हैं, उनके और इस पुनर्चक्रण की क्रिया के बिना हमारा अस्तित्व ही नहीं होता। आकाशगंगाएं हमारा आकाशीय घर हैं, हमारी उत्पत्ति और उद्भव की मूल हैं। हमें अपनी जड़ों को जहां तक हो, जानना चाहिए। आकाशगंगाओं के अध्ययन से हम ब्रह्मांड की प्रकृति के अलावा यह भी जान पाते हैं कि ब्रह्मांड में पदार्थ बड़े पैमाने पर कैसे व्यवस्थित रहता है? आकाश गंगाओं का इतिहास हमें बताएगा कि वर्तमान आकाशगंगा और उसका संगठन पुरानी आकाश गंगा से क्यों और कैसे भिन्न है? आकाशगंगा में स्थित तारों की आबादी की घटत-बढ़त का पता लगाने से तारों के विलय, जन्मने या मर जाने का पता चलता है। 100 अरब आकाशगंगाओं वाली इस अंतरिक्ष प्रणाली में गुरुत्वाकर्षण से बंधे अरबों तारे, तारकीय अवशेष, धूल, अंततारकीय गैस और ब्लैक मैटर मौजूद हैं। पृथ्वी के आकार के कम से कम 17 अरब क्षुद्र ग्रह आकाशगंगा में रहते हैं और हम अपनी आकाशगंगा की विकास प्रक्रिया को जानने के बाद इसे दूसरी आकाश गंगाओं पर लागू करके देख सकते हैं कि यह प्रक्रिया उन पर कैसे काम करती है। इन संदर्भों में देखें तो जर्मनी के मैक्स प्लांक इंस्टिट्यूट में खगोलविद ख्याति मल्हान द्वारा यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के गाइया टेलीस्कोप से पुरानी सितारों की दो श्रृंखलाओं शिव और शक्ति की खोज का महत्व समझ में आता है।

'एस्ट्रोफिजिकल' नामक पत्रिका में प्रकाशित शोधपत्र बताता है कि हमारे सूर्य से एक-एक करोड़ गुना ज्यादा भार वाली ये दोनों शिव और शक्ति श्रृंखलाएं 12 से 13 अरब साल पुरानी हैं। बिग-बैंग से आकाशगंगाओं का निर्माण भी 13.8 अरब पहले आरंभ हुआ था, इस लिहाज से ये तकरीबन नई आकाशगंगा के निर्माण की समकालीन हुईं। ऐसे में हमारी आकाशगंगा कैसे बनी यह रहस्य जाना जा सकेगा? आकाशगंगा के केंद्र से 30 हजार प्रकाश वर्ष दूर स्थित शिव और शक्ति दो धाराएं हैं। शिव केंद्र के पास है, जबकि शक्ति समूह दूर। माना जाता है कि बड़ी आकाश गंगा का निर्माण छोटी आकाशगंगाओं के टकराने से होता है। टक्कर में तारे नहीं टकराते बल्कि तारों का समूह मिलता है और छोटी आकाशगंगा का बड़ी में विलय हो जाता है। ज्यादातर सितारे विलय के बावजूद मूल आकाशगंगा की कोणीय गति और दिशा से जुड़े बुनियादी गुण बनाए रखते हैं, सितारों की स्थिति, दूरियां और गति का आंकलन करने से पता चला कि शिव और शक्ति दो अलग-अलग आकाशगंगाओं के अवशेष हैं, जिन्होंने मिलकर संभवतः हमारी पृथ्वी की आकाशगंगा मंदाकिनी के निर्माण में महती भूमिका निभाई। शोधकताओं ने यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के गाइया दूरबीन से उपलब्ध कराए गए डाटा और यूएस स्लोअन डिजिटल स्काई सर्वे के आंकड़ों का मिलान करने पर पाया कि शिव और शक्ति के तारों की कोणीय गति आकाशगंगा के केंद्र में स्थित तारों की तुलना में अधिक है। नए तारों में धात्विक तत्व अधिक होते हैं, जबकि इनमें बहुत कम था सो जाहिर है इनका निर्माण बहुत समय पहले हुआ होगा। **संजय श्रीवास्तव.**

## आप की बात

### जनसंख्या का बोझ

देश बढ़ती जनसंख्या के बोझ से दब रहा है। इसलिए देश में विवेक पूर्ण जनसंख्या हमारी जरूरत है अन्यथा देश को गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। आज देश की जनसंख्या 144 करोड़ से अधिक है, जो विश्व में सर्वाधिक है। हालांकि 2021 में जनगणना नहीं की जा सकी, क्योंकि वह कोरोना महामारी का दौर था। जनगणना 2011 में की गई थी, उसके बाद 13 साल गुजर चुके हैं, लेकिन कोई अधिकृत जनगणना नहीं हुई है। 2011 में हिंदू आबादी 79.80 फीसदी थी, जबकि मुस्लिम आबादी 14.20 फीसदी थी। मुसलमानों की दशकीय बढ़ोतरी दर करीब 25 फीसदी थी, जबकि हिंदुओं की दशकीय बढ़ोतरी दर करीब 17 फीसदी थी। यानी हिंदुओं की तुलना में मुसलमानों की आबादी अधिक तेजी से बढ़ रही है। आजादी के बाद 1951 में देश में करीब 3.5 करोड़ मुसलमान थे, जिनकी आबादी 2023 में बढ़ कर 20 करोड़ के पार हो गई। अब तो यह आंकड़ा भी बदल चुका होगा! अब प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद की एक रपट के जरिए चौंकाने वाले आंकड़े और रुझान सामने आए हैं। रपट में 1950 से 2015 तक जनसंख्या के रुझान के आंकड़े दिए गए हैं।

ये इस कालखंड में जनगणना के दौरान भी सामने आए होंगे! तो फिर आर्थिक सलाहकार परिषद की ऐसी रपट तब क्यों सार्वजनिक की गई, जब आम चुनाव, 2024 के तीन चरण के मतदान सम्पन्न हो चुके हैं? लोकसभा की 282 सीटों, करीब 52 फीसदी पर जनादेश ईवीएम में दर्ज हो चुका है। रिपोर्ट के मुताबिक 1950 से 2015 तक की 65 साल की अवधि में बहुसंख्यक हिंदू आबादी 84.68 फीसदी से घट कर 78.6 फीसदी हो गई है, जबकि मुस्लिम आबादी 9.84 से बढ़ कर 14.09 फीसदी हो गई है। हिंदू करीब 8 फीसदी घटे हैं और मुसलमानों की बढ़ोतरी 43.15 फीसदी हुई है। आबादी का यह असंतुलन चुनौतीपूर्ण, खतरनाक, चिंताजनक और विस्फोटक हो सकता है। भारत इंडोनेशिया, मलेशिया, सूडान, सर्बिया आदि देशों में आबादी के असंतुलन के कारण विभाजन देख चुका है। देश दो फाड़ हुए हैं और नए देश बने हैं। इंडोनेशिया कभी हिंदू, बौद्ध बहुल देश था, लेकिन आज दुनिया के सबसे अधिक मुसलमान इंडोनेशिया में ही रहते हैं और बौद्ध अल्प संख्यक हो गए हैं। भारत में मुसलमान आबादी में वे शामिल नहीं हैं, जो जनगणना जैसे अभियानों का बहिष्कार करते रहे हैं। इस लिहाज से मुस्लिम आबादी की बढ़ोतरी अधिक हो सकती है। रिपोर्ट के मुताबिक, हिंदुओं के साथ-साथ जैन और पारसी की आबादी भी घटी है। मुसलमानों के अलावा सिख, बौद्ध, ईसाई की आबादी बढ़ी है। जैन, पारसी, ईसाई, बौद्ध, सिख समुदाय भी अल्पसंख्यक वर्ग में आते हैं। देश में पारसियों की आबादी तो करीब 57000 बताई जाती है, लेकिन उन्होंने अपने अधिकारों के लिए कभी भी जन-आंदोलन नहीं छेड़े। मुस्लिम आबादी लगातार बढ़ती रही है, जो चिंता का विषय है।

**प्रवीण कुमार सिंह, लखनऊ.**

### भविष्य की ऊर्जा

सभ्यता के प्रारम्भ से आधुनिक और स्मार्ट दौर तक हर चीज में बदलाव आया है। परिवर्तन समाज का नियम है। जो इसे समझने में देर करता है वह पिछड़ जाता है। आयात पर अत्यधिक निर्भरता को घटाने, प्रदूषण फैलाने वाले जीवाश्म ईंधन के स्थान पर स्वच्छ ईंधन की तरफ बढ़ने और ऊर्जा आत्म निर्भरता को मजबूत करने के लिए पिछले कुछ सालों में सरकार ने कई पहल की है। दस हजार सीएनजी स्टेशन खोलने और 400 जिलों में खाना बनाने के लिए पाइप से गैस की आपूर्ति की महत्वाकांक्षी परियोजना की शुरुआत की गयी है। ऊर्जा आज समाज की एक ऐसी जरूरत है जिसके बिना किसी भी व्यक्ति का एक मिनट भी गुजारा संभव नहीं है। ऊर्जा की इस अपरिहार्यता के मद्देनजर ही आज पूरी दुनिया ऊर्जा के नये-नये विकल्पों की तलाश में है। राष्ट्रों की डिप्लोमेसी ऊर्जा हितों के संरक्षण के आसपास घूमती है।

**राहुल विश्वकर्मा, लखनऊ.**

संक्षेप

## ट्रैक्टर पकड़वाने के शक में युवक पर लाठी से हमला

**ललितपुर।** थाना बानपुर क्षेत्र के ग्राम ककड़ारी में पुरानी रंजिश और ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़े जाने के शक में एक युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि पुलिस द्वारा बजरी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़े जाने से नाराज आरोपी ने गेहूं पिसाने जा रहे युवक को रास्ते में रोक लिया और गाली-गलौज करते हुए लाठी से मारपीट कर दी। शोर सुनकर ग्रामीणों के पहुंचने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया। तहरीर पर थाना बानपुर पुलिस ने नामजद आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। ग्राम ककड़ारी निवासी विजय सिंह पुत्र भवानी सिंह ठाकुर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 23 अगस्त 2026 की सुबह करीब आठ बजे वह गेहूं पिसाने के लिए गांव की आटा चक्की की ओर जा रहा था। इसी दौरान गांव का ही चंदन राजा पुत्र बल्लू राजा ठाकुर दो ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में बजरी भरकर ले जा रहा था। इनमें से एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को थाना बार पुलिस ने जरावली के पास पकड़ लिया और थाने ले गई।

# तुवन मंदिर प्रांगण से निकली विशाल कांवड़ यात्रा



**ललितपुर।** सावन माह के आखिरी सोमवार के दिन जनपद के शिवालयों एवं देवालयों में विशेष पूजा अर्चना का कार्यक्रम दिन भर चला। इस दौरान हजारों की संख्या में भक्तों ने मंदिरों में जाकर माथा टेका और भगवान शिवशंकर का पूजन अर्चन कर धर्मलाभ लिया। इस मौके पर जहां एक ओर चण्डी धाम मंदिर में पांच करोड़ शिवलिंग निर्माण का आयोजन किया गया, तो वहीं दूसरी ओर नगर सहित जनपद भर के शिवालयों एवं देवालयों में अनेकों धार्मिक कार्यक्रम, जाप एवं पूजाओं का दौर चला। इधर

- **नगर के विभिन्न इलाकों से होती हुई पहुंची नीलकंठेश्वर मंदिर**

तुवन मंदिर प्रांगण से विधिवत रूप से महंत राम लखन दास जी महाराज द्वारा भोलेनाथ का पूजन कर विशाल कांवडयात्रा को प्रारंभ कराया गया, इस यात्रा में 1100 रजिस्ट्रेशन हुए और लगभग पांच हजार की संख्या में कांवडियों ने तुवन प्रांगण से यात्रा प्रारंभ की। तुवन मंदिर प्रांगण में सदर विधायक रामरतन कुशवाहा एवं डा0 संदीप सरावगी मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि जिलाधिकारी सत्यप्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार बाजपेई रहे। आयोजनकर्ताओं में दिनेश साहू, छोटू चैबे, देवेन्द्र कुशवाहा, पुष्पेन्द्र राजा परमार, चन्दन सिंह परमार, बबुआ राजा, अरविन्द पलथा, वीरेन्द्र सैनी, राजेन्द्र शुक्ला, बंटी सिंघी, बंटी सेन, आयुष नामदेव, रोहित चैबे एवं कांवड यात्रा के अध्यक्ष हिन्दू सचिन दुबे एवं समाजसेवी सोनू ठाकुर झांसी का सहयोग रहा। यह विशाल कांवड़ यात्रा तुवन मंदिर से होती हुई जेल चोराहा, एलीट चोराहा, रामनगर खिरकापुरा का सफर तय करते हुए हाईवे से ग्राम घटवार, निवाई से 25 किलोमीटर दूर नगर पंचायत पाली स्थित विश्वप्रसिद्ध भगवान नीलकंठेश्वर मंदिर पहुंची। यात्रा के दौरान कांवड़ियों का जगह-जगह जनता के द्वारा स्वागत किया गया।

इस यात्रा में मुख्य रूप से जिला सहकारी बैंक के उपसभापति श्रीकांत कुशवाहा व समाजसेवी संदीप सरावगी झांसी रहे। यात्रा में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

## श्रावण मास का चतुर्थ सोमवार सकुशल संपन्न, आस्था के साथ दिखी प्रशासन की मुस्तैदी



**बाराबंकी।** श्रावण मास के चतुर्थ सोमवार पर जनपद के प्रमुख शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी उपस्थिति के बीच पूजा-अर्चना एवं जलाभिषेक का कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं सकुशल सम्पन्न हुआ। श्रद्धालुओं की

- **श्री लोधेश्वर महादेवा मंदिर में मौजूद रहे डीएम-एसपी, श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं की लगातार की निगरानी**

सुविधा, सुरक्षा तथा सुगम आवागमन के लिए जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन द्वारा किए गए समन्वित प्रबंधों का प्रभावी परिणाम देखने को मिला। पूरे दिन प्रमुख मंदिरों एवं कांवड़ मार्गों पर प्रशासन की सतर्क निगरानी बनी रही। श्री लोधेश्वर महादेवा मंदिर में श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने रविवार रात्रि से ही मौके पर रहकर व्यवस्थाओं की कमान संभाली। तथा मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

भीड़ के दबाव वाले स्थानों पर पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा लगातार निगरानी रखी गई। सुरक्षित यात्रा को लेकर भी प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। इसके साथ-साथ औसानेश्वर महादेव, बुढ़वा बाबा सहित जनपद के अन्य प्रमुख शिवालयों पर भी संबंधित अधिकारियों द्वारा व्यवस्थाओं की निगरानी की गई।

## नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर में पूर्व कैबिनेट मंत्री गोप ने किया रुद्राभिषेक



**बाराबंकी।** सावन मास भगवान भोलेनाथ को अत्यंत प्रिय है। सावन के महीने में भगवान भोलेनाथ मां पार्वती की पूजा की जाती है। सावन माह में भगवान भोलेनाथ की पूजा करने से मनुष्य को वह सब प्राप्त होता है जिसकी वह अभिलाषा रखता है वह निश्चित ही पूर्ण होती है। उक्त उद्गार समाजवादी पार्टी पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने विधानसभा हैदरगढ़ अन्तर्गत सुबेहा रोड ग्राम हरपालपुर स्थित नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर में देवाधिदेव भगवान भोलेनाथ महाराज का विधि विधान से रुद्राभिषेक करने के उपरांत व्यक्त किये। रुद्राभिषेक के दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ0 कुलदीप सिंह, अजय वर्मा बबलू, वीरेंद्र प्रधान, बबलू सिंह, रणविजय सिंह हैदरगढ़ बार अध्यक्ष संजय सिंह अय्यूब कुरैशी, बलराम सिंह, आकाश यादव आदि मौजूद रहे।

## महिलाओं के विधिक अधिकारों के प्रति साक्षरता शिविर का शुभारंभ



**बाराबंकी।** विकासखंड देवा में महिलाओं के सशक्तिकरण एवं विधिक अधिकारों के प्रति जागरूकता हेतु विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का शुभारम्भ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव उज्जवल उपाध्याय ने दीप प्रज्जवलित कर किया। शिविर मे सचिव श्री उपाध्याय ने कहा कि महिलाओं को अपने कानूनी अधिकारों एवं शासन द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने उपस्थित महिलाओं से अपील की कि वे स्वयं जागरूक हों तथा अपने आसपास की अन्य महिलाओं को भी उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करें। इस अवसर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी सूरज सिंह, खंड विकास अधिकारी, बाल विकास परियोजना अधिकारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। इसके अतिरिक्त जिला कारागार में बंदियों के अधिकारों के संबंध में भी विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया।

## उत्पीड़न के आरोपी बीपीएम की जखौरा सीएचसी में वापसी की तैयारी

ललितपुर। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मडावरा में तैनात ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर अतुल दुबे और डा.समीर प्रधान पर उत्पीड ? के गंभीर आरोप सिद्ध होने के बाद भी उनका दोबारा प्रभाव बढ़ाने की कोशिशों का मामला सामने आया है। स्टाफ नर्स मनसा देवी ने इस संबंध में जिलाधिकारी को एक शिकायत पत्र सौंपकर सख्त कार्रवाई की मांग की है। स्थानीय परिवाद समिति की जांच रिपोर्ट में डा.समीर प्रधान और अतुल दुबे को महिला कर्मचारी के साथ मानसिक एवं शारीरिक उत्पीड ? का दोषी पाया गया था।

जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक के निर्णय के तहत मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा 20 अगस्त 2024 को प्रशासनिक आधार पर अतुल दुबे बीपीएम का तबादला सीएचसी जखौरा से सीएचसी मडावरा कर दिया गया था। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि स्थानांतरण के बाद से ही डा.समीर प्रधान अपने पद का दुरुपयोग करते हुए अतुल दुबे को वापस सीएचसी जखौरा में तैनात करवाने का प्रयास कर रहे हैं। शिकायती पत्र में बताया कि जालौन में कार्यप्रणाली के दौरान भी डा.समीर प्रधान पर महिला कर्मचारियों द्वारा शारीरिक, मानसिक व आर्थिक उत्पीड ? के गंभीर आरोप लग चुके हैं। पीड़िता मनसा देवी स्टाफ नर्स ने पत्र के माध्यम से बताया कि यदि दोषियों की मनमुताबिक वापसी होती है तो यह महिला उत्पीड ? को बढ़ावा देने जैसा होगा।

उन्होंने जांच रिपोर्ट संलग्न करते हुए जिलाधिकारी से मामले में निष्पक्ष व उचित कार्रवाई की मांग की है। बीपीएम पर वित्तीय अनियमितता के भी लगे थे आरोप, फर्जी हस्ताक्षर से 2 करोड़ के भुगतान का मामला आया था।

# ललितपुर-राजघाट मार्ग पर अवैध कब्जों का आरोप

ललितपुर। ललितपुर-राजघाट मुख्य मार्ग पर सरकारी, लोक निर्माण विभाग और ग्राम सभा की भूमि पर कथित अवैध कब्जों एवं अतिक्रमण को लेकर जिला बार एसोसिएशन ने मोर्चा खोल दिया है। जिला बार एसोसिएशन अध्यक्ष राजेश देवलिया एड. एवं महामंत्री लखन यादव एड. के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने जिलाधिकारी को शिकायती ज्ञापन सौंपकर मामले की निष्पक्ष जांच कराकर अवैध निर्माणों को हटाने की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि एक सप्ताह के भीतर कार्रवाई नहीं हुई तो संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध इलाहाबाद हाईकोर्ट में कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बार एसोसिएशन अध्यक्ष राजेश देवलिया ने बताया कि ललितपुर-राजघाट मार्ग उत्तर प्रदेश को मध्य प्रदेश से जोड ? वाला महत्वपूर्ण मार्ग है। इस मार्ग पर प्रतिदिन भारी वाहनों सहित बड़ी संख्या में वाहनों का आवागमन होता है। आरोप है कि मार्ग से जुड़े करीब दस गांवों में कई लोगों ने पीडब्ल्यूडी की अनुमति एवं नियमानुसार भू-उपयोग परिवर्तन कराए बिना सड़क किनारे मकान, दुकान एवं अन्य निर्माण कर लिए हैं।

- **बार एसोसिएशन ने डीएम को सौंपा ज्ञापन**
- **एक सप्ताह में कार्रवाई न होने पर हाईकोर्ट जाने की चेतावनी**

शिकायत के अनुसार, सड़क किनारे बने इन निर्माणों तथा दुकानों के बाहर खड़े होने वाले वाहनों के कारण मार्ग पर आवागमन प्रभावित होता है और दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है। बार एसोसिएशन का दावा है कि इन परिस्थितियों के कारण मार्ग पर कई गंभीर दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, जिनमें लोगों की जान जाने के साथ कई लोग गंभीर रूप से घायल होकर दिव्यांग भी हुए हैं। ज्ञापन में विभिन्न स्थानों पर सरकारी एवं ग्राम सभा की भूमि की जांच कराने की मांग की गई है। ग्राम सिलगन में रेलवे फाटक से गनगौरा मौजे तक सड़क किनारे एवं ग्राम सभा की भूमि पर बिना नक्शा पास कराए बनाए गए मकानों और दुकानों की जांच जेई के माध्यम से कराने की मांग की गई है। इसी प्रकार ग्राम गनगौरा एवं टोरिया के बस स्टैंड समेत अन्य स्थानों पर पीडब्ल्यूडी एवं ग्राम सभा की भूमि पर कथित रूप से बिना अनुमति किए गए निर्माणों की जांच के लिए नायब तहसीलदार की अध्यक्षता में लेखपालों की टीम गठित करने की मांग की गई है। वहीं मड़वारी, कालापहाड़ से राजघाट तक सड़क किनारे ग्राम सभा एवं वर्ग-6 की भूमि पर किए गए कथित अवैध कब्जों को चिह्नित कर नियमानुसार कार्रवाई और अवैध निर्माणों को हटाने की मांग की गई है।

जिला बार एसोसिएशन ने ज्ञापन में कहा कि इस मामले को लेकर पूर्व में भी शिकायतें की जा चुकी हैं। बार के पूर्व अध्यक्ष हरीराम राजपूत ने 11 दिसंबर 2025 को तथा अधिवक्ता संवाद उत्तर प्रदेश के पुष्पेन्द्र सिंह चैहान ने 2 मई 2026 को संबंधित अधिकारियों को शिकायत दी थी। आरोप है कि इसके बावजूद अब तक मामले में प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। जिला बार एसोसिएशन ने प्रशासन को एक सप्ताह का समय देते हुए कहा है कि निर्धारित अवधि में यदि निष्पक्ष जांच कराकर सरकारी एवं ग्राम सभा की भूमि से अवैध कब्जे और निर्माण नहीं हटाए गए तो संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों, लेखपालों, कानूनगो, तहसीलदार, एसडीएम तथा पीडब्ल्यूडी के जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद में कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बार एसोसिएशन ने प्रशासन से पूरे मार्ग की राजस्व एवं पीडब्ल्यूडी अभिलेखों के आधार पर जांच कराकर अतिक्रमण की स्थिति स्पष्ट करने तथा सार्वजनिक भूमि को कब्जामुक्त कराने की मांग की है।

## यूपी नेशनल ट्रेड शो में जलवा बिखेरेगा ललितपुर का दूध का हलवा

ललितपुर। सरवती गेहूॅ और उर्द की दाल की होगी जीआई टैगिंग, देश-विदेश में मिलेगी पहचान, स्थानीय उद्यमियों व किसानों को मिलेगा लाभ

ललितपुर। ग्रेटर नोयडा में सितम्बर में आयोजित होने यूपी इन्टरनेशनल ट्रेड शो में जिले से एक जनपद एक व्यंजन योजना के तहत दूध का हलवा का चयन हुआ है, जिसके प्रजेन्टेशन के लिए व्यापारी बृजेश जैन को भेजा जा रहा है, यह जानकारी आज सोमवार को जिलाधिकारी सत्य प्रकाश की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला उद्योग बंधु समिति की बैठक में दी गई। जिलाधिकारी ने इस उपलब्धी के लिए जनपदवासियों व उद्यमियों को बधाई दी और कहा कि जनपद के उत्पादों को देश-विदेश में बढ़ावा मिले, इसके लिए जिला प्रशासन पूरी तहर कटिबद्ध है।इसके साथ ही उन्होंने जिले के स्थानीय उत्पाद सरवती गेहूॅ और उर्द की दाल की जीआई टैगिंग कराने के भी निर्देश उप कृषि निदेशक को दिये, उन्होंने कहा कि यहां के सरवती गेहूॅ और उर्द की दाल में विशेष पोषक तत्व होते हैं, इसकी जीआई टैंगिंग होने से देश विदेश में इन्हें पहचान मिलेगी साथ ही सानीय उद्यमियों और किसानों को इसका लाभ मिलेगा।इसके उपरान्त जिलाधिकारी ने उद्यमीगणों की समस्याएं सुनी और मौके पर निस्तारण किये जाने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। जिलाधिकारी द्वारा औद्योगिक आस्थान, चन्देरा में विद्युत की समस्या के निराकरण किये जान हेतु अधिशासी अभियन्ता विद्युत को एक सप्ताह में इकाइयों का लोड़ के अनुसार सर्व कराते हुए निर्धारित उपकरण एमसीसीबी एवं यूसीसीबी की स्थापना की कार्यवाही सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने औद्योगिक संगठनों एवं उद्यमीगणों से अपेक्षा की कि वह अपनी इकाई में अग्निशमन संयन्त्र कार्य को त्वरित गति से पूर्ण करायें। इसके साथ ही औद्योगिक आस्थान, चन्देरा में ड्रेनेज सिस्टम निर्माण के कार्य को प्रारम्भ करने के भी कार्यदायी संस्था को निर्देश दिये गये। बैठक में उपजिलाधिकारी, अग्निशमन अधिकारी, जिला पंचायतराज अधिकारी, वरिष्ठ निरीक्षक वाट माप अधिकारी, अधिशासी अभियन्ता विद्युत एवं जल निगम, सहायक अभियन्ता लो0नि0वि0, खनन अधिकारी एवं मुकेश जैन, नीतेश कुमार जैन, संतोष इमलिया, अशोक अनौरा एवं अन्य सम्मानित उद्यमीगण उपस्थित रहे।

# उ.प्र.आदर्श व्यापार मंडल के 22वे स्थापना दिवस पर हुआ सम्मान समारोह



**बाराबंकी।** उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मण्ड़ल के 22वे स्थापना दिवस पर गल्ला मण्ड़ी प्रांगण मे सर्वश्रेष्ठ व्यापारी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल प्रदेश उपाध्यक्ष व जिलाध्यक्ष राजीव गुप्ता बब्बी ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इसके उपरान्त उद्योग क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य, ईमानदारी और सामाजिक योगदान देने वाले 63 व्यापारियों आलोक जायसवाल, मो0 सलमान सल्लू, अंजय जैन, आदित्य सिंह, रामशंकर गुप्ता, संजय निगम, मो0 सरताज, सर्वेश निगम, सोनू जायसवाल, अमित गुप्ता, महेश जायसवाल, रईस अंसारी, हिमाशू गुप्ता, रोहित गुप्ता, संदीप गुप्ता, नवीन गुप्ता, ओम प्रकाश जायसवाल, जगदीश, संत कुमार, तरुन अग्रवाल, अजय नाग आदि व्यापारियो को

- **व्यापारियों को ईमानदारी और सामाजिक योगदान देने की प्रेरणा देता रहेगा सम्मान समारोह: राजीव गुप्ता बब्बी**
- **सामाजिक योगदान देने वाले 63 व्यापारियो को दिया सर्वश्रेष्ठ व्यापारी प्रशांसा**

अतुल निगम, इमरान सोनू, एड़वोकेट गामा यादव, इस्लाम अंसारी, जबीरुद्दीन अंसारी, जावेद अंसारी, कृष्णा गुप्ता, महमूद अंसारी, माता प्रसाद वर्मा, मेराज अंसारी, मोहित सैनी, नरुल हुदा, राजेश गुप्ता, के0पी सिंह, राजेश चैबे, राकेश वर्मा, गुप्ता, नितिन गुप्ता, सरताज अंसारी, उमेश गुप्ता, विनोद शर्मा, संजय कश्यप, आंशू गुप्ता, सुशील सोहन गुप्ता, मो0जुनैद, सौरभ गुप्ता, दीपू गुप्ता, मो0नजीब, विजय गुप्ता, ओम प्रकाश जायसवाल, राजेन्द्र गुप्ता, रवि चैरसिया, मो0 अरशद, मेराज, अजय सर्वश्रेष्ठ व्यापारी सम्मान प्रशांसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल प्रदेश उपाध्यक्ष व जिलाध्यक्ष श्री बब्बी ने व्यापारियो को सम्बोधित करते हुये कहा कि यह सम्मान व्यापारियों को अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने और ईमानदारी से कार्य करने की प्रेरणा देता रहेगा। व्यापार मंडल सदैव ही व्यापारी हित में काम करता रहा है ।

## रक्षाबंधन पर सुरक्षित सफर को लेकर एआरटीओ दिये दिशा निर्देश

ललितपुर। आगामी रक्षाबंधन पर्व को देखते हुए यात्रियों को सुगम, सुरक्षित और व्यवस्थित परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एआरटीओ कार्यालय के सभा कक्ष में बस ऑपरेटर्स एवं टेम्पो-टैक्सी यूनियन पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी विपिन चोधरी ने की। बैठक में त्योहारी सीजन के दौरान बढ ? वाली यात्री संख्या को देखते हुए वाहन संचालन और यात्री सुविधाओं को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। एआरटीओ ने बस एवं टैक्सी संचालकों को स्पष्ट निर्देश दिए कि यात्रियों से शासन द्वारा निर्धारित किराये से अधिक वसूली किसी भी स्थिति में न की जाए।

यात्रियों के साथ चालक एवं परिचालक भद्र एवं विनम्र व्यवहार करें तथा यात्रा के दौरान किसी प्रकार की अभद्रता या मनमानी की शिकायत नहीं मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि त्योहारी भीड़ के दौरान यात्रियों की संख्या बढ़ने की संभावना रहती है।,

## कानपुर आरटीओ कार्यालय में पुलिस का छापा, हिरासत में 22 दलाल

जिला संवाददाता

**कानपुर/लखनऊ।** संभागीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) में सोमवार को पुलिस और क्राइम ब्रांच की संयुक्त कार्रवाई से हड़कंप मच गया। पुलिस टीम ने अचानक आरटीओ परिसर में छापा मारकर दोनों प्रवेश द्वार बंद कर दिए और पूरे परिसर की घेराबंदी कर दी। कार्रवाई के दौरान परिसर में मौजूद संदिग्ध लोगों की जांच की गई। पुलिस ने कई दलालों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की है। जानकारी के अनुसार, सोमवार दोपहर करीब दो बजे क्राइम ब्रांच की टीम भारी पुलिस बल के साथ आरटीओ कार्यालय पहुंची।

टीम ने कार्यालय के साथ सारथी भवन को भी घेरे में ले लिया। दोनों गेट बंद कर दिए जाने के बाद किसी को भी परिसर से बाहर जाने या अंदर आने की अनुमति नहीं दी गई। अचानक हुई कार्रवाई से कर्मचारियों, वाहन स्वामियों और वहां काम कराने पहुंचे लोगों में अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने कार्रवाई के दौरान ड्रोन कैमरे से आरटीओ परिसर और आसपास के क्षेत्र की निगरानी भी की। इससे दलालों में खलबली मच गई। पुलिस का मुख्य फोकस आरटीओ कार्यालय में सक्रिय दलालों और अनधिकृत गतिविधियों की जांच पर रहा। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक कार्रवाई में 22 दलालों को हिरासत में लिया गया है। कुछ संदिग्धों से वाहन संबंधी कागजात, फॉर्म और नकदी के संबंध में पूछताछ की जा रही है। छापेमारी के दौरान कैश काउंटर और कार्यालय में होने वाले विभिन्न कार्यों से जुड़े दस्तावेजों की भी जांच किए जाने की जानकारी सामने आई है। पुलिस लगाने में जुटी है कि आरटीओ परिसर में दलालों की गतिविधियां किस तरह संचालित हो रही थीं और इनमें किसी कर्मचारी या अन्य व्यक्ति की भूमिका तो नहीं थी। आरटीओ कार्यालय में पुलिस की इस बड़ी कार्रवाई को दलाली और अनियमितताओं पर शिकंजा कसने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। अब हिरासत में लिए गए लोगों से पूछताछ के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## राष्ट्रगान के दौरान विधानसभा अध्यक्ष के कार्यक्रम स्थल से जाने पर कांग्रेस ने जताया विरोध



ललितपुर। राष्ट्रगान के दौरान उ.प्र.विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना के एक कार्यक्रम स्थल से चले जाने के आरोप को लेकर जिला एवं नगर कांग्रेस कमेटी ने सोमवार को घंटाघर मैदान में धरना-प्रदर्शन किया। नगर कांग्रेस अध्यक्ष के नेतृत्व में आयोजित प्रदर्शन में कांग्रेसजनों ने वायरल वीडियो के आधार पर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग उठाई। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि उन्नाव में आयोजित एक कार्यक्रम से संबंधित वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में राष्ट्रगान के दौरान विधानसभा अध्यक्ष के मंच से नीचे उतरकर कार्यक्रम स्थल से जाने का दृश्य दिखाई देने का दावा किया जा रहा है। कांग्रेस ने कहा कि वीडियो की वास्तविकता और घटनाक्रम को लेकर स्थिति स्पष्ट करने के लिए निष्पक्ष जांच आवश्यक है। नगर कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि राष्ट्रगान देश की एकता, अखंडता और सम्मान का प्रतीक है। राष्ट्रगान के दौरान प्रत्येक नागरिक से गरिमा और सम्मान बनाए रखने की अपेक्षा की जाती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस किसी संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति के प्रति व्यक्तिगत टिप्पणी नहीं कर रही है, बल्कि राष्ट्रगान और संवैधानिक मयार्दाओं के सम्मान की मांग कर रही है। वायरल वीडियो को लेकर उठ रहे सवालों का तथ्यात्मक जांच के माध्यम से समाधान होना चाहिए।

धरना-प्रदर्शन के बाद कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने संबंधित थाने में लिखित शिकायत/तहरीर भी प्रस्तुत की। शिकायत में मांग की गई कि वायरल वीडियो के साथ-साथ कार्यक्रम स्थल पर उपलब्ध सीसीटीवी फुटेज और अन्य वीडियो रिकॉर्डिंग की जांच कराई जाए। इसके अलावा वीडियो की वास्तविकता, समय, घटनाक्रम तथा उसमें दिखाई दे रहे तथ्यों का सत्यापन कर आवश्यक कार्रवाई की जाए। कांग्रेस ने जांच के निष्कर्ष को सार्वजनिक करने की भी मांग की। कांग्रेसजनों ने कहा कि राष्ट्रगान और राष्ट्रीय प्रतीकों का सम्मान सर्वोच्च है। ऐसे मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही सामने आती है तो उसकी निष्पक्ष जांच कर स्थिति स्पष्ट की जानी चाहिए। धरना-प्रदर्शन में नाती राजा जाखलौन, अजय प्रताप सिंह तोमर, महेंद्र पनारी, प्रदेश महासचिव युवा कांग्रेस मोंटी शुक्ला, जिलाध्यक्ष युवा कांग्रेस अंकित यादव, सोनू शुक्ला, उपेंद्र राजा, रोमान खान, सौरभ रायकवार सहित जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, वरिष्ठ कांग्रेसजन और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कार्यकर्ताओं को स्वस्थ, ऊर्जावान, संघर्षशील बनाने का कार्य ही संगठन सृजन अभियान का मकसदः तनुज पुनिया



जिला संवाददाता

**बाराबंकी।** नगर पंचायत जैदपुर सभागार में संगठन सृजन अभियान के अन्तर्गत कार्यकर्ताओ व पदाधिकारियो के साथ पूर्व केन्द्रीय मंत्री सी0पी0 जोशी, सांसद तनुज पुनिया ने बैठक की। बैठक मे पूर्व केन्द्रीय मंत्री श्री जोशी ने कार्यकर्ताओ को सम्बोधित करते हुये कहा कि किसी भी संगठन या समूह में जब तक जोश और लड़ने की क्षमता नही होती है वह किसी भी रूप में संघर्ष नही कर सकता। संगठन सृजन अभियान के अन्तर्गत मेरा मकसद है कि संगठन को स्वस्थ ऊजार्वान एवं लक्ष्य निर्धारित करना और बिन्दु को भेद देना ही संगठन की पहचान विजय ध्वज फहरा सकती है। काग्रेस सांसद श्री पुनिया ने कहा कि 2024 में जिस प्रकार संगठन ने अपनी क्षमता का भरपूर प्रयोग कर लोकसभा 53 में विजय ध्वज फहराने का कार्य किया है। उसी प्रकार भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकताओं को स्वस्थ और ऊजार्वान साथ ही संघर्षशील बनाने का कार्य ही संगठन सृजन अभियान का मकसद है।

## पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य ने सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं



**ललितपुर।** ललितपुर प्रवास के दौरान तहसील तालबेहट के ग्राम खैरी में आयोजित जन चैपाल में उत्तर प्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य सत्येंद्र कुमार बारी (बीनू) का जनसरोकार से जुड़ा संवेदनशील और प्रभावी अंदाज देखने को मिला। मंचीय औपचारिकताओं से अलग हटकर उन्होंने सीधे ग्रामीणों के बीच पहुंचकर बुजुर्गों, महिलाओं और अन्य फरियादियों से व्यक्तिगत संवाद किया तथा उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। जन चैपाल में ग्रामीणों ने विभिन्न समस्याओं और शिकायतों को आयोग के सदस्य के समक्ष रखा। सत्येंद्र बारी ने एक-एक फरियादी की बात सुनने के बाद संबंधित अधिकारियों से शिकायतों के संबंध में जानकारी ली और समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में रहने वाला प्रत्येक नागरिक परिवार के समान है और उसकी पीड़ा को अपनी व्यक्तिगत पीड़ा समझकर उसका समाधान कराया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है कि कोई भी व्यक्ति अपनी समस्या लेकर इधर-उधर भटकने को मजबूर न हो। अधिकारी स्वयं जनता के बीच पहुंचें, उनकी समस्याएं सुनें और उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें। सत्येंद्र बारी ने कहा कि शासन की योजनाओं एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं का वास्तविक उद्देश्य तभी पूरा होगा, जब उनका लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। अधिकारियों को चाहिए कि वह केवल कार्यालयों में बैठकर जनता के आने की प्रतीक्षा न करें, बल्कि स्वयं गांवों और ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों की समस्याओं को समझें तथा मौके पर ही उनके समाधान की प्रभावी पहल करें। जन चैपाल के उपरांत सत्येंद्र कुमार बारी ने कलेक्ट्रेट सभागार में मीडिया से संवाद किया। इस दौरान जिला प्रोबेशन अधिकारी एवं प्रभारी जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी नन्दलाल सिंह, डीआईओ सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

संक्षेप

## सोना 1.64 लाख रुपये पर चांदी चार माह के शीर्ष पर

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोमवार को सोने की कीमतें पांच महीने से अधिक के उच्चतम स्तर 1.64 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गईं। ऐसा वैश्विक रुख और अमेरिका-ईरान के बीच बढ़ते तनाव के कारण मांग बढ़ने से हुआ। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 900 रुपये बढ़कर 164,400 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर सहित) हो गई, जो शुक्रवार को 163,500 रुपये प्रति 10 ग्राम रही थी। सोने की कीमत आखिरी बार नौ मार्च को इस स्तर के आसपास थी। उस समय यह 164,300 रुपये प्रति 10 ग्राम थी। सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी में भी लगातार तीसरे सत्र में बढ़त देखी गई और यह 3,500 रुपये बढ़कर चार महीने से अधिक के उच्चतम स्तर 2,53,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर सहित) पर पहुंच गई। पिछले सत्र में चांदी 2,50,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। आखिरी बार यह 17 अप्रैल को इस स्तर के आसपास थी, जब इसकी कीमत 2,53,000 रुपये प्रति किलोग्राम थी।

## द बॉडी शॉप के साथ मनायें रक्षाबंधन

नई दिल्ली। ब्रिटिश एथिकल ब्यूटी ब्रांड द बॉडी शॉप अपने लिमिटेड-एडिशन वेलवेट फिग एंड पिस्ता और अजवा डेट एंड हनी कलेक्शंस के साथ ही पर्सनलाइज्ड क्रिएट योर ओन गिफ्ट बॉक्सेस के जरिए रक्षाबंधन मना रहा है। शानदार गॉरमंड फ्रैग्रेंस और पौष्टिक बॉडीकेयर का यह त्यौहारी मेल भाई-बहन के प्यार भरे रिश्ते का जश्न मनाने के लिए एक विशिष्ट उपहार का विकल्प देता है क्रिएट योर ओन गिफ्ट बॉक्सेस केवल द बॉडी शॉप के एक्सक्लूसिव ब्रांड आउटलेट्स पर ही उपलब्ध हैं, जो ग्राहकों को अपने मनपसंद स्किनकेयर, बॉडीकेयर और हेयरकेयर प्रोडक्ट्स चुनकर स्वयं का पर्सनलाइज्ड हैम्पर तैयार करने की सुविधा देते हैं। ये बॉक्सेस दो खूबसूरत फेस्टिव डिजाइनों में आते हैं, और जरूरत के अनुसार चुनिंदा आउटलेट्स पर इनके साथ हैप्पी राखी टैग भी दिए जा रहे हैं। द बॉडी शॉप ने अपनी हेयरकेयर रेंज में रोजमेरी हेयर ऑयल और आमंड हेयर ऑयल भी जोड़े हैं। ये लाइटवेट और नॉन-स्टिकी फॉर्मूला खास तौर पर भारतीय केश संबंधी समस्याओं जैसे बालों का पतला होना, टूटना, फ्रिज और डैमेज को ध्यान में रखकर तैयार किए गए हैं। प्राकृतिक सामग्री और आधुनिक देखभाल का यह मिश्रण पारंपरिक हेयर ऑयलिंग को एक आसान सेल्फ-केयर दिनचर्या में बदल देता है।

## देश में चीनी की किल्लत नहीं, घटेंगे खुदरा दाम

नयी दिल्ली। चीनी उद्योग निकाय इस्मा ने सोमवार को कहा कि देश में चीनी की कोई किल्लत नहीं है और खुदरा बाजार में इसकी कीमतें आने वाले दिनों में घटने की उम्मीद है। चीनी की कीमतों में हाल में आई तेजी के पीछे कई कारण हैं। कीमतें बढ़ने की उम्मीद में कारोबारियों एवं थोक उपभोक्ताओं की तरफ से की गई खरीदारी और खराब मौसम के कारण उत्पादन में कमी इसके प्रमुख कारण हैं। कृत्रिम किल्लत पैदा करने या मिलों के स्तर पर कीमतें बढ़ाने के पीछे चीनी मिलें शामिल नहीं हैं। पिछले कुछ दिनों में चीनी के खुदरा दाम बहुत तेजी से बढ़े हैं जिसके बाद सरकार के स्तर पर कई कदम उठाए गए हैं। सरकार द्वारा 10 लाख टन कच्ची चीनी के शुल्क-मुक्त आयात की अनुमति दिए जाने के बाद चीनी की कीमतों में नरमी आनी शुरू हो गई है। भारत में चीनी की कोई कमी नहीं है। सितंबर के अंत में मौजूदा चीनी विपणन सत्र समाप्त होने पर 35 लाख टन का भंडार रहेगा।

## अमेरिका के और प्रतिबंधों की तैयारी के बीच ईरानी रियाल रिकॉर्ड निचले स्तर पर

दुबई। ईरान की मुद्रा रियाल सोमवार को कारोबार शुरू होने के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 20.2 लाख रियाल के नए रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गई। ईरान की अर्थव्यवस्था लगातार जारी प्रतिबंधों और अमेरिकी नौसैनिक नाकाबंदी से बुरी तरह प्रभावित हुई है। ईरान के अनौपचारिक मुद्रा बाजार में रियाल में यह गिरावट ऐसे समय आई है जब अमेरिका और व्यापक प्रतिबंधों की घोषणा करने की तैयारी कर रहा है। अमेरिका ने कहा है कि ये प्रतिबंध आर्थिक रूप से निर्णायक होंगे और इससे ईरान पर दबाव और बढ़ेगा। अमेरिका और इज़राइल के 28 फरवरी को ईरान पर हमला करने से पहले ही उसकी मुद्रा पर दबाव कायम था। उस समय ईरान दोहरे अंक की मुद्रास्फीति और नकारात्मक वृद्धि से जूझ रहा था।

# सेंसेक्स में 172 अंकों की गिरावट




मुंबई। वैश्विक स्तर पर तनाव बढ़ने और कच्चे तेल की ऊंची कीमत से घरेलू शेयर बाजार में सोमवार को गिरावट आई और दोनों मानक सूचकांक नुकसान में रहे। बीएसई सेंसेक्स 172 अंक टूटा, जबकि एनएसई निफ्टी 33 अंक के नुकसान में रहा। विशेषज्ञों के अनुसार, अमेरिका की ओर से ईरान पर नए प्रतिबंध लगाए जाने की आशंका के बीच निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया। वैश्विक स्तर पर तनाव बढ़ने और कच्चे तेल की ऊंची कीमत से जोखिम लेने की धारणा प्रभावित हुई है।

सकारात्मक शुरुआत के बावजूद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स शुरुआती बढ़त कायम नहीं रख सका और 171.72 अंक यानी 0.22 प्रतिशत टूटकर 77,369.11 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 339.17 अंक तक लुढ़क गया था। इसी तरह 50 शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 32.95 अंक यानी 0.14 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,219.05 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में अदाणी पोर्ट्स, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व, ट्रेंट, एक्सिस बैंक, भारतीय स्टेट बैंक और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज के शेयरों में प्रमुख रूप से गिरावट रही। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में टाटा स्टील, एचसीएल टेक, इन्फोसिस और हिंदुस्तान यूनिलीवर शामिल हैं। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.68 प्रतिशत की गिरावट के साथ 92.80 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। अमेरिका के ईरान और उसके व्यापारिक साझेदारों पर नए प्रतिबंध लगाए जाने की आशंका के बीच बाजार में सतर्कता रही। अमेरिका ने ईरान के खिलाफ आर्थिक कार्रवाई की चेतावनी दी है, जबकि ईरान ने जवाबी कार्रवाई में खाड़ी देशों से होने वाले तेल निर्यात को रोकने की धमकी दी है। इससे तनाव और बढ़ने की आशंका को लेकर निवेशक चिंतित रहे। मझोली कंपनियों से जुड़ा बीएसई मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.11 प्रतिशत टूटा, जबकि स्मॉलकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.06 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ बंद हुआ। क्षेत्रवार सूचकांकों में बीमा क्षेत्र 0.86 प्रतिशत, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों का सूचकांक 0.82 प्रतिशत, आवास वित्त 0.76 प्रतिशत, वित्तीय सेवाएं 0.39 प्रतिशत और बैंकेक्स (बैंक सूचकांक) 0.35 प्रतिशत नुकसान में रहे। वहीं, धातु क्षेत्र में 1.38 प्रतिशत की तेजी रही। इसके अलावा, दूरसंचार 1.05 प्रतिशत, जिंस 0.55 प्रतिशत, रियल्टी 0.43 प्रतिशत और तेल एवं गैस क्षेत्र 0.34 प्रतिशत लाभ में रहे। निवेशकों की नजर अमेरिका के ईरान पर नये प्रतिबंधों पर है।

# रुपया तीन पैसे टूटकर 95.74 प्रति डॉलर पर



मुंबई। अमेरिकी मुद्रा में मजबूती और घरेलू बाजारों में कमजोरी के बीच रुपया शुरुआती बढ़त गंवाकर सोमवार को तीन पैसे की गिरावट के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 95.74 (अस्थायी) पर रहा।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि डॉलर-रुपये की जोड़ी सीमित दायरे में कारोबार करती रही। ब्रेंट कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों, आयातकों की ओर से डॉलर की निरंतर मांग और ईरान को निशाना बनाने वाले अमेरिका के नए प्रतिबंधों को लेकर सतर्क रुख से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 95.65 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान यह 95.64 के उच्च स्तर तक गया और 95.75 के निचले स्तर तक आया। अंत में यह 95.74 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा जो पिछले बंद भाव से तीन पैसे की गिरावट है। रुपया शुक्रवार को तीन पैसे की मामूली बढ़त के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 95.71 पर बंद हुआ था। अमेरिका और ईरान के बीच अनिश्चितता के कारण रुपये में हल्का नकारात्मक रुख रहने के आसार हैं। कच्चे तेल की ऊंची कीमतें भी रुपये पर दबाव डाल सकती हैं। हालांकि, ब्याज दर में बढ़ोतरी की संभावना घटने से अमेरिकी डॉलर में कुल मिलाकर कमजोरी रुपये को निचले स्तर पर समर्थन दे सकती है। डॉलर के मुकाबले रुपये का हाजिर भाव 95.50 से 96 के दायरे में रहने का अनुमान है। इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.18 प्रतिशत बढ़कर 98.98 पर रहा। घरेलू शेयर बाजार में सेंसेक्स 171.72 अंक टूटकर 77,369.11 अंक पर जबकि निफ्टी 32.95 अंक की गिरावट के साथ 24,219.05 अंक पर बंद हुआ। अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट कच्चा तेल वायदा कारोबार में 1.62 प्रतिशत फिसलकर 92.86 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने शुक्रवार को शुद्ध रूप से 542.71 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे।

## सरकार ने गेहूं और उसके उत्पादों के निर्यात पर लगी रोक हटायी

नयी दिल्ली। सरकार ने सोमवार को गेहूं और उसके उत्पादों के निर्यात पर लगी रोक तत्काल प्रभाव से हटा दी। इस कदम से अंतरराष्ट्रीय बाजार में गेहूं की उपलब्धता बढ़ने की उम्मीद है।

दुनिया में गेहूं के दूसरे बड़े उत्पादक देश भारत ने घरेलू कीमतों में बढ़ोतरी पर काबू पाने के लिए मई, 2022 में गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था। रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद से गेहूं की वैश्विक आपूर्ति शृंखला पर असर देखने का मिला है। विदेश व्यापार महानिदेशालय की तरफ से जारी अधिसूचनाओं के मुताबिक, सरकार ने गेहूं के आटे और मैदा, सूजी एवं साबुत गेहूं के आटे जैसे अन्य उत्पादों के निर्यात पर लगी रोक भी हटा दी है। एक अधिसूचना में कहा गया, गेहूं की निर्यात नीति को तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित के स्थान पर मुक्त कर दिया गया है। सरकार ने इस साल फरवरी में 25 लाख टन गेहूं के निर्यात की अनुमति दी थी। बेमौसम बारिश और प्रमुख गेहूं उत्पादक राज्यों में ओलावृष्टि से फसल को हुए नुकसान के बाद फसल वर्ष 2025-26 में देश का गेहूं उत्पादन 11 से 12 करोड़ टन के बीच रहने का अनुमान है। इस साल गेहूं का उत्पादन 11.06 करोड़ टन रहने का अनुमान लगाया है, जो हाल में मौसम से हुए नुकसान को ध्यान में रखते हुए भी 2024-25 के 10.96 करोड़ टन के उत्पादन से थोड़ा अधिक है।

## यूपीआई से लेनदेन 13 हजार गुना बढ़ा




नयी दिल्ली। एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई) पिछले 10 साल में देश के डिजिटल भुगतान व्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी बनने के साथ-साथ वास्तविक समय में भुगतान के लिए वैश्विक मानक बन गया है।

वित्त मंत्रालय ने बयान में कहा कि यूपीआई ने 25 अगस्त, 2016 को शुरू होने के बाद से देश के डिजिटल भुगतान क्षेत्र में महत्वपूर्ण बदलाव लाया है। यूपीआई के जरिये सालाना लेनदेन की संख्या बढ़कर 2025-26 में 24,162 करोड़ से अधिक हो गई जबकि 2016-17 में यह 1.78 करोड़ थी। यानी इसमें करीब 13,000 गुना वृद्धि हुई है। इसी अवधि में लेनदेन का मूल्य 4,000 गुना से अधिक की वृद्धि के साथ बढ़कर करीब 314 लाख करोड़ रुपये हो गया, जो 2016-17 में 7,000 करोड़ रुपये था। भारतीय रिजर्व बैंक की निगरानी में भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) द्वारा विकसित यूपीआई ने पिछले 10 वर्षों में लेनदेन की संख्या और मूल्य, दोनों में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की है। वर्ष 2026 यूपीआई की वृद्धि यात्रा में महत्वपूर्ण पड़ाव साबित हुआ। मई, 2026 में पहली बार एक महीने में लेनदेन की संख्या 2,320 करोड़ पहुंच गयी। यह रफ्तार जुलाई में भी जारी रही और इस महीने 2,366 करोड़ लेनदेन हुए, जो यूपीआई के एक दशक के इतिहास में एक महीने में सबसे अधिक लेनदेन है। यूपीआई से जुड़े बैंकों और वित्तीय संस्थानों की संख्या भी लगातार बढ़ी है। संचालन के पहले वर्ष 2016-17 में 44 बैंक यूपीआई से जुड़े थे, जिनकी संख्या 2025-26 में बढ़कर 703 हो गई। वित्त मंत्रालय ने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 में 24,162 करोड़ यूपीआई लेनदेन हुए, जो देश में रोजमर्रा के डिजिटल भुगतान में इसकी गहरी पैठ को दर्शाता है। इसमें व्यापारियों से जुड़े लेनदेन में भी मजबूत वृद्धि देखी गई। यूपीआई भारत के डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे का एक प्रमुख आधार बन गया है। यह एक ही माध्यम से व्यक्ति-से-व्यक्ति और व्यक्ति-से-व्यापारी भुगतान की सुविधा देने वाला, विभिन्न प्रणालियों के बीच काम करने वाला और वास्तविक समय का मंच है।

## आयकर विभाग ने गैर-ऑडिट करदाताओं से 31 अगस्त से पहले आईटीआर दाखिल करने को कहा

नयी दिल्ली। आयकर विभाग ने सोमवार को कारोबार या पेशे से कमाई करने और लेखा-परीक्षण के दायरे में नहीं आने वाले करदाताओं से 31 अगस्त तक आकलन वर्ष 2026-27 का आयकर रिटर्न दाखिल करने को कहा। ई-फाइलिंग पोर्टल पर 20 अगस्त तक दो करोड़ से अधिक आईटीआर-3 और आईटीआर-4 दाखिल किए जा चुके हैं, जिससे आकलन वर्ष 2026-27 के लिए दाखिल कुल आयकर रिटर्न की संख्या 6.5 करोड़ से अधिक हो गई है।

इसमें 5.9 करोड़ से अधिक वे आईटीआर-। और आईटीआर-2 भी शामिल हैं, जो 31 जुलाई की नियत तिथि तक दाखिल किए गए थे। जिन करदाताओं की व्यावसायिक या पेशेवर आय है और जिनका ऑडिट होना अनिवार्य नहीं है, उनके लिए निर्धारण वर्ष 2026-27 के लिए आईटीआर दाखिल करने की नियत तारीख 31 अगस्त 2026 है। समय पर रिटर्न दाखिल कर टैक्स हीरो बनें। यदि कोई करदाता गैर-ऑडिट श्रेणी में आता है, तो वह लागू आईटीआर (आईटीआर-3, आईटीआर-4, आईटीआर-5 या आईटीआर-7) दाखिल कर सकता है। आईटीआर-3 उन व्यक्तियों और हिंदू अविभाजित परिवारों (एचयूएफ) द्वारा दाखिल किया जाता है, जिनकी आय किसी एकल स्वामित्व वाले व्यवसाय या पेशे से होती है।

## यूएफबीयू ने 11 सितंबर को देशव्यापी हड़ताल की दी धमकी




नयी दिल्ली। यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस (यूएफबीयू) ने पांच दिन की बैंकिंग व्यवस्था लागू करने में देरी, प्रदर्शन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना को लेकर मतभेद और पेंशन संबंधी मुद्दों समेत कई लंबित मांगों को लेकर 11 सितंबर को देशव्यापी हड़ताल करने का फैसला किया है।

हड़ताल होती है तो देश के कई हिस्सों में बैंकिंग सेवाएं, खासकर सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की सेवाएं, चार दिनों तक प्रभावित हो सकती हैं। 11 सितंबर शुक्रवार है और इसके बाद के दो दिन बैंक अवकाश हैं। कुछ राज्यों में 14 सितंबर को गणेश चतुर्थी का अवकाश भी रहेगा। यूएफबीयू नौ बैंक कर्मचारी एवं अधिकारी श्रम संघों का नेतृत्व करता है। इस शीर्ष संगठन ने 28 सितंबर से तीन दिन की एक और देशव्यापी हड़ताल करने की भी चेतावनी दी है। यह हड़ताल छमाही लेखा बंदी के समय होगी। यूएफबीयू ने कहा कि यदि सरकार और बैंक प्रबंधन उनकी मांगों पर ध्यान नहीं देते हैं तो 26 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल करने का भी फैसला किया गया है। बयान में कहा गया कि यह फैसला रविवार को हुई बैठक में लिया गया। श्रम संघों के अनुसार, सरकार का उनकी प्रमुख मांगों के प्रति नकारात्मक रवैया रहा है। पांच दिन की बैंकिंग व्यवस्था के मुद्दे पर संगठन ने कहा कि भारतीय बैंक संघ (आईबीए) ने आठ मार्च, 2024 को हस्ताक्षरित 12वें द्विपक्षीय समझौते/नौवें संयुक्त पत्र (नोट) के तहत इस प्रस्ताव पर सहमति जताई थी। इसके तहत सोमवार से शुक्रवार तक काम के घंटों में 40 मिनट की बढ़ोतरी की जानी थी। यूएफबीयू ने कहा कि बाद में इस प्रस्ताव की सरकार से सिफारिश की गई, लेकिन यह दो साल से अधिक समय से लंबित है। यूनियनों ने स्केल और उससे ऊपर के स्तर के बैंक अधिकारियों के लिए सरकार की पीएलआई योजना पर भी आपत्ति जताई है। उनका कहना है कि यह आईबीए के साथ बनी उस सहमति से अलग है, जिसके तहत प्रदर्शन आधारित प्रोत्साहन व्यक्तिगत बैंक के समग्र प्रदर्शन से जुड़ा होना था और स्केल- तक के कर्मचारियों एवं अधिकारियों के लिए एक समान होना था। यूएफबीयू ने कहा कि सरकार की योजना के तहत स्केल और उससे ऊपर के स्तर के अधिकारियों को व्यक्तिगत प्रदर्शन के आधार पर अधिकतम 365 दिन के मूल वेतन के बराबर पीएलआई मिल सकता है। वहीं, कामगार कर्मचारियों और स्केल तक के अधिकारियों को अधिकतम 15 दिन के मल वेतन के साथ महंगाई भत्ता मिल सकता है। उसने दावा किया कि पीएलआई का मुद्दा यूएफबीयू की हड़ताल की घोषणा के बाद फिलहाल मुख्य श्रम आयुक्त के समक्ष सुलह प्रक्रिया में है।

## हवाई यात्री सेवाओं की मुद्रास्फीति 32 प्रतिशत बढ़ी, रेल सेवा भी हुई महंगी



नयी दिल्ली। चालू वित्त वर्ष की जून तिमाही में हवाई यात्री सेवाओं में 32 प्रतिशत की मुद्रास्फीति दर्ज की गई। सोमवार को सात प्रमुख सेवाओं के लिए मुद्रास्फीति के आंकड़े जारी किए गए, जिनमें यह मूल्य वृद्धि की सबसे ऊंची दर है।

सरकार ने सोमवार को वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही के लिए सात प्रमुख सेवाओं - बैंकिंग, प्रतिभूति लेनदेन, बीमा, पेंशन कोष प्रबंधन, रेलवे, हवाई यात्रा (यात्री) और दूरसंचार - के अस्थायी सेवा उत्पादक मूल्य सूचकांक (सेवा पीपीआई) जारी किए, जिसका आधार वर्ष 2022-23 है। इन आंकड़ों में वित्त वर्ष 2025-26 की मार्च तिमाही के लिए सेवा पीपीआई मुद्रास्फीति के अंतिम अनुमान भी शामिल हैं। सेवा पीपीआई किसी सेवा के उत्पादन पर उत्पादकों द्वारा प्राप्त औसत मूल्यों में होने वाले बदलाव को मापता है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, हवाई (यात्री) सेवा मूल्य सूचकांक में वार्षिक आधार पर 31.94 प्रतिशत की वृद्धि हुई। चालू वित्त वर्ष की जून तिमाही में रेलवे यात्री सेवा मूल्य सूचकांक में वार्षिक मुद्रास्फीति 3.50 प्रतिशत बढ़ी, जो वित्त वर्ष 2025-26 की मार्च तिमाही के समान है। बैंकिंग सेवा अंशदान क्षेत्र में मुद्रास्फीति वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में 6.90 प्रतिशत रही, जो वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में 3.30 प्रतिशत थी। बैंकिंग सेवा मूल्य सूचकांक और प्रतिभूति लेनदेन सेवा मूल्य सूचकांक में जून तिमाही के दौरान क्रमशः 3.35 प्रतिशत और 1.32 प्रतिशत की अवस्फीति दर्ज की गई। पिछली मार्च तिमाही में इनमें क्रमशः 4.10 प्रतिशत और 0.55 प्रतिशत की मुद्रास्फीति रही थी।

पेंशन कोष, बीमा और दूरसंचार क्षेत्रों के सूचकांकों में जून तिमाही के दौरान क्रमशः 5.20 प्रतिशत, 0.98 प्रतिशत और 0.72 प्रतिशत की मुद्रास्फीति दर्ज की गई।

## पेज एक का शेष

### सावन के

एक लाख श्रद्धालु दर्शन कर चुके थे। मंदिर को फूलों और रुद्राक्ष की मालाओं से सजाया गया था। श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए उन पर गुलाब की पंखुड़ियों की वर्षा भी की गई।

भारी भीड़ को नियंत्रित करने के लिए विभिन्न स्थानों पर बैरिकेडिंग की गई थी। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए छाया, पेयजल, चिकित्सा शिविर और खोया-पाया केंद्र की भी व्यवस्था की गई।

### यूपी-जापान

बढ़ावा देने के लिए आवश्यक कदम उठाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बौद्ध सर्किट में पर्यटन गतिविधियों को व्यापक स्तर पर प्रोत्साहित किया जाए।

### वर्तमान पीढ़ी

समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने 21 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से नवनिर्मित राना बेनी माधव बख्श सिंह स्मृति सभागार का लोकार्पण, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों व शहीदों के परिजनों का सम्मान तथा अवध केसरी स्मारिका एवं विशेष आवरण (स्पेशल कवर) का विमोचन भी किया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को पुणे में कांग्रेस के युवा संपर्क कार्यक्रम छात्रों की गूंज में कहा था कि महिलाओं का अपना अस्तित्व है और उनकी पहचान को उनके पिता, पति या बेटों के अधीन नहीं रखा जाना चाहिए। उन्होंने मनुस्मृति के उस नियम को शर्मनाक बताया, जिसके अनुसार महिला को जीवन के हर चरण में पुरुष रिश्तेदारों के अधीन रहना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं रायबरेली के सांसद राहुल गांधी के महाराष्ट्र में दिए एक बयान को पढ़ रहा था, जिसमें उन्होंने कहा कि महिलाएं मनु स्मृति के बंधन को तोड़कर अब बाहर आ जाएं। राहुल गांधी के रूप में आपसे यह देश बहुत अपेक्षा नहीं करता है, कोई अपेक्षा नहीं करता है, लेकिन भारत की संसद में, भारत की सर्वोच्च पंचायत में नेता प्रतिपक्ष के रूप में आप देश के लोकतंत्र के प्रति जवाबदेह बनते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राहुल मनु पर या राम पर या भारत की विरासत पर टिप्पणी करते हैं। उन्होंने कहा कि मनु को जानना है तो अथर्ववेद, सप्तपदी ब्राह्मण और मत्स्य पुराण पढ़िए, आपको सारी जानकारी मिल जाएगी। उन्होंने कहा कि कौन ऐसा व्यक्ति है जिसके जीवन में मां के रूप में या बहन के रूप में या पत्नी के रूप में या फिर बेटे के रूप में किसी महिला का संरक्षण उसे न प्राप्त होता हो? क्या कोई बेटी पिता के बगैर, क्या कोई बहन भाई के बगैर, क्या कोई पत्नी पति के बगैर और क्या कोई मां बेटे के बगैर अपने अस्तित्व को पूर्ण मानती है? योगी ने कहा कि क्या मनु स्मृति ने यह बात कही है? आप बताइए सही बात क्या है? आप भारत के बच्चों को उस दिशा में क्यों ले जाना चाहते हैं, जहां किसी माता या किसी अन्य को बाद में लज्जित होकर माफी मांगनी पड़े? दिल्ली में जंतर-मंतर में हुए विरोध प्रदर्शन के बाद एक लड़की के माफी मांगने की घटना का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि उसके माता पिता ने भी माना कि उनकी बेटी ने गलत किया। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जो समाज अपने पूर्वजों को विस्मृत करता है, उसका कोई भविष्य नहीं होता है। उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य से भारत की परंपरा और मूल्यों को विस्मृत करके उसको भ्रम में डालकर कुछ लोगों ने भारत के खिलाफ षड्यंत्र करने का एक ठेका सा ले लिया है, जिसे देखकर वह स्तब्ध हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने भारत के संविधान की शपथ ली थी और संविधान की शपथ लेकर वे भारत की परंपरा और भारत की विरासत को कोसना अपना जन्मसिद्ध अधिकार समझते हैं। वे उप्र के बाहर जाते हैं तो उप्र को अपमानित करते हैं, भारत के बाहर जाते हैं तो भारत का अपमान करते हैं। योगी ने आरोप लगाया कि भारत की सेना जब सीमाओं पर दुश्मनों के खिलाफ लड़ती है तो राहुल गांधी सेना के जवानों से प्रमाण मांगते हैं। आतंकवाद के खिलाफ देश की लड़ाई में देशद्रोही तत्वों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से प्रोत्साहित करते हैं। उन्होंने कहा कि अयोध्या में राम के अस्तित्व पर उनकी पार्टी सवाल उठाती है और लोकतंत्र के प्रति उनकी निष्ठा क्या है, यह तो इस देश ने 1975 में आपातकाल के रूप में देखा है। इस मौके पर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह, खाद्य एवं रसद, नागरिक आपूर्ति मंत्री मनोज पांडेय, खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री एवं रायबरेली के प्रभारी राकेश सचान, व विधायक अदिति सिंह समेत कई प्रमुख लोग मौजूद थे।

### मुख्यमंत्री ने

की ओर से उन्हें पात्रता के अनुसार सभी योजनाओं का लाभ दिलाया जाएगा। उन्होंने गोसेवा के प्रति समर्पण के साथ कार्य करने की प्रेरणा दी। पूनम देवी ने श्रावण मास में अपनी इच्छा पूरी करने के लिए मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। जनता दर्शन में पहुंचे एक दिव्यांग व्यक्ति ने मुख्यमंत्री से अपनी भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत की। मुख्यमंत्री ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों को जमीन की जांच कराने और नियमानुसार समस्या का समाधान करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने जनता दर्शन में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए लोगों की समस्याएं भी सुनीं। उन्होंने अधिकारियों को सभी शिकायतों का समयबद्ध और प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### लखनऊ में चैंबर

वकील तोड़फोड़ नोटिस का जवाब दाखिल कर सकते हैं। इस पर वकील ने कहा कि नोटिस तोड़फोड़ की कार्वाई आगे बढ़ाने के इरादे से जारी किए गए हैं।

### स्वाइन फ्लू,

जाए। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने स्वाइन फ्लू की स्थिति को गंभीरता से लेते हुए प्रदेश में निगरानी व्यवस्था और मजबूत करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अपर मुख्य सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य तथा महानिदेशक स्वास्थ्य को पत्र जारी कर स्वाइन फ्लू के मामलों की लगातार समीक्षा और प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने को कहा है। इन संबंध में पत्र भी जारी कर दिया गया है। डिप्टी सीएम ने विशेष रूप से गंभीर मरीजों की समय रहते पहचान और तत्काल चिकित्सकीय उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे मरीजों की स्थिति बिगड़ने से पहले उनकी पहचान कर उन्हें आवश्यक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए, ताकि गंभीर परिस्थितियों से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके। उन्होंने अस्पतालों में निगरानी व्यवस्था को और मजबूत करने के साथ ही स्वाइन फ्लू से संबंधित मामलों की सूचना एवं फॉलोअप व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने के निर्देश दिए। जिलों के स्वास्थ्य अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में स्थिति की नियमित समीक्षा करने और आवश्यकता पड़ने पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया है। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि प्रदेश के अस्पतालों में आवश्यक व्यवस्थाएं उपलब्ध हैं और स्वास्थ्य विभाग किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अस्पतालों में आवश्यक दवाओं, जांच एवं उपचार की सुविधाएं और दुरुस्त रखी जाएं। मरीजों को उपचार के लिए किसी प्रकार की परेशानी न हो और जरूरतमंद मरीजों को समय पर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की टीमें लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। स्वाइन फ्लू के मामलों को लेकर जिलों से मिलने वाली सूचनाओं की समीक्षा की जा रही है।

### साफ-सफाई

लेकर मरीज कतई घबराएं नहीं, नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र अथवा अस्पताल जाकर चिकित्सकीय सहायता प्राप्त करें।

जनता से अपील, घबराएं नहीं, सतर्क रहें

उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने प्रदेशवासियों से अपील करते हुए कहा कि स्वाइन फ्लू को लेकर घबराने की आवश्यकता नहीं है। सरकार पूरी तरह तैयार है और स्वास्थ्य विभाग स्थिति की लगातार समीक्षा कर रहा है। उन्होंने कहा कि लोगों को सतर्क रहने की जरूरत है, लेकिन किसी भी प्रकार की अफवाह या अनावश्यक भय से बचें। उन्होंने प्रदेशवासियों से स्वास्थ्य संबंधी परेशानी होने पर समय रहते चिकित्सकीय परामर्श लेने की अपील की। साथ ही अधिकारियों एवं चिकित्सकीय टीमों को पूरी मुस्तैदी के साथ कार्य करने और मरीजों को समय पर बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। डिप्टी सीएम ने स्पष्ट किया कि प्रदेश सरकार की प्राथमिकता प्रत्येक नागरिक को सुरक्षित, सुलभ और समयबद्ध स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है।

### रूसी राष्ट्रपति

और आर्थिक सहयोग को और बढ़ावा देने के तौर-तरीकों पर चर्चा की।

जयशंकर ने मंतुरोव के साथ एक कार्यक्रम की सह-अध्यक्षता करते हुए कहा, भारत-रूस साझेदारी ने लगातार मजबूती और हालात के अनुसार ढलने की अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया है।

### महिलाओं के

का अवसर मिलेगा।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि उत्तराखंड की महिलाएं पारंपरिक रूप से खेती, पशुपालन और अन्य ग्रामीण आजीविका गतिविधियों में महत्वपूर्ण योगदान देती रही हैं। अब स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से वे स्थानीय संसाधनों और अपने कौशल को आय के स्थायी साधन में बदल रही हैं। उन्होंने कहा कि सरकार का फोकस केवल समूह बनाने तक सीमित नहीं है, बल्कि महिलाओं को उत्पादन से लेकर बाजार और बिक्री तक पूरी शृंखला से जोड़ना है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2023 में शुरू किए गए सशक्त बहना उत्सव का उद्देश्य स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों को स्थानीय बाजार से आगे ले जाकर व्यापक उपभोक्ता वर्ग तक पहुंचाना था। वर्तमान में प्रदेश में 70 हजार से अधिक स्वयं सहायता समूह कार्य कर रहे हैं, जिनसे 5.20 लाख से अधिक ग्रामीण परिवार जुड़े हुए हैं। इनके सहयोग के लिए 8 हजार से अधिक ग्राम संगठन और 615 क्लस्टर लेवल फेडरेशन भी सक्रिय हैं।

### दवा कारोबार

भी देखा जाएगा कि प्रतिष्ठान वास्तविक लाइसेंसधारी ही चला रहा है या किसी दूसरे व्यक्ति द्वारा उसके नाम पर कारोबार किया जा रहा है। बैंक खाता, जीएसटी पंजीकरण और अन्य कानूनी दस्तावेज भी लाइसेंसधारी के नाम पर होने जरूरी होंगे। अनियमितता मिलने पर लाइसेंस निलंबित या निरस्त करने के साथ अभियोजन की कार्रवाई की जाएगी। लाइसेंसी दुकान से अलग बेसमेंट, मकान या किराए के कमरे में बिना लाइसेंस दवाओं का स्टॉक मिलने पर भी कार्रवाई होगी। यानी अब जांच सिर्फ दुकान तक सीमित नहीं रहेगी।

### न्यूनतम

गई थी। कोर्ट ने कहा कि राज्य सरकार के दोनों आदेश एक-दूसरे के विपरीत हैं। एक आदेश से तदर्थ शिक्षकों की सेवाएं समाप्त की गईं, जबकि दूसरे में उन्हीं में से ऐसे शिक्षकों को दोबारा मानदेय पर रखने की अनुमति दी गई। यह कार्रवाई अपरोबेट एंड रीप्रोबेट के सिद्धांत के विपरीत है। मामले में याचीगण ऐसे शिक्षक थे, जिन्हें यूपी माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड अधिनियम, 1982 की धारा 18 अथवा यूपी इंटरमीडिएट शिक्षा अधिनियम, 1921 की धारा 16-ई(11) के तहत स्वीकृत पदों पर तदर्थ रूप से नियुक्त किया गया था। वे लंबे समय तक संबंधित पदों पर काम करते रहे और नियमित पद का वेतनमान प्राप्त करते रहे। सुप्रीम कोर्ट के 26 अगस्त 2020 के निर्देश के तहत इन शिक्षकों को नियमित चयन परीक्षा में शामिल होने का अवसर दिया गया था। कुछ शिक्षक परीक्षा में सफल नहीं हो सके, जबकि कुछ परीक्षा में शामिल ही नहीं हुए। इसके बाद 30 दिसंबर 2000 के बाद नियुक्त तदर्थ शिक्षकों को नौ नवंबर 2023 के आदेश से हटा दिया गया।




# भारत ने श्रीलंका पर कसा शिकंजा

## जुरेल ने177 गेंद में नौ चौकों और दो छक्के की मदद से बनाये 115 रन, भारत ने नौ विकेट पर 503 रन पर अपनी पहली पारी घोषित की

एजेंसी



कोलंबो। ध्रुव जुरेल की धैर्य और संयम से खेली गयी नाबाद शतकीय पारी के बाद गेंदबाजों ने दो मैचों की टेस्ट श्रृखला के बारिश से प्रभावित दूसरे दिन सोमवार को यहां श्रीलंका के दो विकेट चटकाकर भारत की स्थिति मजबूत कर दी। जुरेल की 177 गेंद में नौ चौकों और दो छक्के की मदद से खेली गयी नाबाद 115 रन के बूते भारत ने नौ विकेट पर 503 रन र अपनी पहली पारी घोषित की। जवाब में श्रीलंका ने दिन का खेल खत्म होने तक महज आठ रन पर दो विकेट गंवा दिए। तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा और मानव सुथार ने क्रमशः लाहिरू उदारा और प्रभात जयसूर्या को पवेलियन भेजा। स्टंप्स के समय कामिल मिशारा पांच रन बनाकर क्रीज पर थे। श्रीलंका पहली पारी में भारत से 495 रन पीछे हैं। दिन का मुख्य आकर्षण जुरेल की शानदार बल्लेबाजी रही जिन्होंने मैच के दूसरे दिन दो अहम साझेदारियां की। उन्होंने सातवें विकेट के लिए ज षभ पंत (63) के साथ 112 रन जोड़े, जिससे भारत का स्कोर छह विकेट पर 307 रन से बढ़कर 419 रन हो गया।

इसके बाद मानव सुथार (18) के साथ आठवें विकेट के लिए 39 रन की साझेदारी की, जिससे भारत 500 रन के करीब पहुंच गया। दिन की शुरुआत में पदार्पण कर रहे सारांश जैन (06) के जल्दी आउट होने के बाद पंत बल्लेबाजी के लिए आए तो जुरेल ने उन्हें ज्यादा स्ट्राइक देने की रणनीति अपनाई। पंत ने अपनी चिर-परिचित आक्रामक पारी के दौरान कई शानदार शॉट खेले। श्रीलंकाई तेज गेंदबाजों फर्नांडो और लाहिरू कुमारा ने लगातार शॉर्ट गेंदों से उनके शरीर को निशाना बनाया। फर्नांडो की एक गेंद पंत के कंधे पर भी लगी, लेकिन विकेटकीपर बल्लेबाज ने धैर्य बनाए रखा। उन्होंने कई गेंदों से लाइन से हटकर या उन्हें हल्के हाथों से खेलकर अपना बचाव किया। पंत ने कुमारा की गेंद पर फाइन लेग के ऊपर शानदार हुक शॉट खेलकर छक्का भी जड़ा। उन्होंने ऑफ स्पिनर केशरा नुवांता की गेंद पर पुल से चौका लगाकर 81 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। इस अर्धशतक का जश्न उन्होंने बाएं हाथ के स्पिनर जयसूर्या की गेंद पर जोरदार छक्का लगाकर मनाया। जुरेल ने जयसूर्या को पुल कर चौका लगाते हुए 97 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। भारत के लिए दूसरे सत्र की शुरुआत अच्छी नहीं रही क्योंकि पंत ने नुवांता की गेंद पर सर्कल के बाहरी किनारे पर खड़े लाहिरू उदरा को कैच थमा दिया। जुरेल को इसके बाद सुथार के रूप में अच्छा साथी मिला। सुथार को बाएं हाथ के स्पिनर प्रभात जयसूर्या ने आउट किया, जिन्होंने विकेटकीपर निरोशन डिकवेला को कैच दिया।

भारत ने सुबह पांच विकेट पर 300 रन से अपनी पारी आगे बढ़ाई तथा पहले सत्र में 119 रन जोड़े। श्रीलंका को दूसरे दिन सुबह तुरंत ही सफलता मिली जब असिथा फर्नांडो ने जैन को दूसरी स्लिप में कैच आउट कराया। पंत रविवार को मैच के पहले दिन लाहिरु कुमारा की गेंद से हाथ में चोट लगने के कारण रिटायर्ड हर्ट हो गए थे। उन्होंने तीन रन से अपनी पारी आगे बढ़ाई। उन्होंने दो घंटे से भी अधिक समय तक क्रीज पर बिताकर चोट को लेकर चिंताओं को दूर कर दिया। बारिश ने निर्धारित चाय के समय से करीब 30 मिनट पहले खेल रोक दिया और उस समय जुरेल 95 रन पर नाबाद थे। करीब दो घंटे की रूकावट के बाद खेल शुरू हुआ तो जुरेल ने फर्नांडो की गेंद पर दौड़कर एक रन लेते हुए 171 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। शतक पूरा होते ही जुरेल ने हेलमेट उतारा और ड्रेसिंग रूम की ओर अपनी बांह पर बना टैटू दिखाया।

उस पर पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के प्रसिद्ध शब्द जय जवान, जय किसान लिखा था। शतक पूरा करने के बाद जुरेल ने फर्नांडो की गेंदों पर लगातार दो छक्के जड़े। एक लॉन्ग ऑफ के ऊपर से और दूसरा स्क्वायर लेग के ऊपर शानदार हुक के जरिए। भारत के 500 रन पार करते ही कप्तान शुभमन गिल ने पारी घोषित कर दी। भारतीय टीम दिन के अंतिम घंटे में श्रीलंकाई बल्लेबजों पर दबाव बनाना चाहती थी लेकिन बारिश और खराब मौसम के कारण तीन ओवर का ही खेल संभव हो पाया।

### जायसवाल व फर्नांडो पर मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना

दुबई। भारत के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और श्रीलंका के तेज गेंदबाज असिता फर्नांडो पर कोलंबो में दूसरे टेस्ट के पहले दिन मैदान पर हुई झड़प के लिए मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। दोनों खिलाड़ियों के खाते में एक-एक डिमेरिट अंक भी जोड़ा गया है। भारत की पहली पारी के 17वें ओवर में फर्नांडो ने जायसवाल को आउट किया जिसके बाद दोनों खिलाड़ियों के बीच कहासुनी हुई। जायसवाल फर्नांडो की ओर बढ़े और दोनों ने एक-दूसरे से कुछ कहा। इसके बाद फर्नांडो ने अपना सिर जायसवाल की ओर बढ़ाया। जवाब में जायसवाल भी आगे झुके जिससे दोनों के सिर आपस में टकरा गए। आईसीसी ने बयान में कहा, दोनों खिलाड़ियों ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया और आईसीसी के एलीट पैनल के मैच रेफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट द्वारा प्रस्तावित सजा को मान लिया इसलिए औपचारिक सुनवाई की जरूरत नहीं पड़ी। दोनों खिलाड़ियों को आईसीसी की आचार संहिता के नियम 2.12 का उल्लंघन करने का दोषी पाया गया।

यह नियम किसी खिलाड़ी, सहयोगी स्टाफ, अंपायर, मैच रेफरी या किसी अन्य व्यक्ति (अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान दर्शक सहित) के साथ अनुचित शारीरिक संपर्क से संबंधित है। आईसीसी ने कहा, फर्नांडो और जायसवाल के अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक-एक डिमेरिट अंक जोड़ा गया है जिनका पिछले 24 महीने में कोई पूर्व अपराध नहीं था। दूसरे दिन का खेल शुरू होने से पहले जायसवाल ने अपने व्यवहार का बचाव करते हुए कहा था कि अगर किसी को पता नहीं है कि सामने वाले ने क्या कहा तो उसे फैसला नहीं सुनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर कोई सीमा पार करता है तो उसे जवाब देना जरूरी है और भारत लड़ेगा और जवाब देगा।

## दबाव के बावजूद एशियाई खेलों के चयन मानदंड में ढील नहीं : मंत्रालय



नयी दिल्ली। खेल मंत्रालय ने स्पष्ट कर दिया है कि एक साल पहले घोषित चयन मानदंडों पर खरे नहीं उतरने वाले खिलाड़ियों को उनके समर्थकों की ओर से बनाए जा रहे दबाव के बावजूद एशियाई खेलों के लिए चुनी गयी भारतीय टीम में जगह नहीं दी जाएगी। खेल मंत्रालय ने 19 सितंबर से चार अक्टूबर तक जापान के आइची-नागोया में होने वाले एशियाई खेलों के लिए 492 खिलाड़ियों के दल को मंजूरी दी है। इनमें एथलेटिक्स के 73 खिलाड़ी शामिल हैं, जो दल का सबसे बड़ा हिस्सा हैं। दल में कुछ और खिलाड़ियों को शामिल किए जाने की संभावना है लेकिन ये ऐसे मामले हैं जिनके लिए एशिया ओलंपिक परिषद की मंजूरी का इंतजार है। मंत्रालय ने साफ कर दिया है कि इन अतिरिक्त खिलाड़ियों का चयन पिछले साल सितंबर में जारी किये गये मानदंडों की अनदेखी करके नहीं किया जाएगा। खेल मंत्रालय के एक सूत्र ने बताया, हम पर काफी दबाव था।

कुछ अभिभावक आए और उन्होंने कहा कि उनके बच्चे का चयन नहीं हुआ है। हमने उनसे कहा कि अगर आपका बच्चा चयन का हकदार है और तय मानदंड पूरा करता है, तो ऐसा कोई कारण नहीं है कि उसका चयन न हो। अधिकारी ने उदाहरण देते हुए कहा, मान लीजिए 100 मीटर दौड़ में पदक की दावेदारी के लिए 10 सेकंड का समय जरूरी है, तो क्या हम 15 सेकंड में दौड़ने वाले खिलाड़ी को भेजेंगे ? हमने मानदंड तय किए हैं कि अगर कोई खिलाड़ी एशिया में शीर्ष छह में है, तभी उसका चयन किया जाएगा। हमने इसी नियम का पालन किया है। मंत्रालय ने 2025 में जारी चयन मानदंडों में स्पष्ट किया था कि एशियाई खेलों समेत बहु-खेल प्रतियोगिताओं के लिए केवल उन्हीं खिलाड़ियों पर विचार किया जाएगा, जिनके पास पदक जीतने की वास्तविक संभावना हो। इसके अलावा महाद्वीपीय रैंकिंग में शीर्ष छह खिलाड़ियों को ही पात्र माना गया था। इसी कटऑफ के कारण खराब होती रैंकिंग के चलते भारतीय फुटबॉल टीम एशियाई खेलों से बाहर होने वाली शुरुआती टीमों में शामिल रही।

खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने भी कुछ सप्ताह पहले कहा था कि एशियाई खेल जैसी प्रतियोगिताओं को खिलाड़ियों के लिए महज अनुभव हासिल करने के अवसर के तौर पर नहीं देखा जाना चाहिए। जापान वही खिलाड़ी जाएं, जो पदक जीतने की मजबूत क्षमता रखते हों। बहु-खेल प्रतियोगिताओं के लिए भारतीय दल को अंतिम रूप देना हमेशा चुनौतीपूर्ण रहा है।

## संक्षेप

### शुभंकर नेक्सो चैंपियनशिप में 46वें पायदान पर रहे

एबेरडीन। भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा 2026 नेक्सो चैंपियनशिप के अंतिम दौर में इवन पार 72 का कार्ड खेलकर संयुक्त 46वें स्थान पर रहे। शर्मा ने इस दौरान तीन बर्डी और तीन बोगी लगाये। उन्होंने इससे पहले तीन दौर में 73, 72 और 75 के कार्ड खेले थे। उनका कुल स्कोर चार ओवर 292 का रहा। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले एक अन्य भारतीय गोल्फर युवराज संधू कट से चूक गए थे। स्कॉटलैंड के स्कॉट जैमीसन ने अंतिम दौर में 67 का शानदार कार्ड खेलकर डीपी वर्ल्ड टूर पर अपना दूसरा खिताब जीता। उन्होंने कुल 11 अंडर स्कोर बनाकर इंग्लैंड के मैथ्यू जॉर्डन को दो शॉट से पछाड़ा।

### गॉफ ने दूसरी बार सिनसिनाटी ओपन का खिताब जीता

मेसन (अमेरिका)। कोको गॉफ ने हमवतन अमेरिकी जेसिका पेगुला को सीधे सेटों में हराकर सिनसिनाटी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में दूसरी बार महिला एकल का खिताब जीता, जबकि पुरुष एकल में फ्रांस के आर्थर फिल्स चैंपियन बने। महिला वर्ग के फाइनल में गॉफ ने पेगुला को 6-2, 6-4 से हराया। पुरुषों के फाइनल में फ्रांस के फिल्स ने अमेरिका के फ्रांसिस टियाफो को 6-3, l-6, 6-0 से हराकर अपना पहला मास्टर्स 1000 खिताब जीता। पेगुला ने शनिवार को सेमीफाइनल में मौजूदा चैंपियन इगा स्वियातेक को जबकि गॉफ ने सारा बेजलेक को हराकर 56 वर्षों में सिनसिनाटी ओपन में पहली बार अमेरिकी महिला खिलाड़ियों के बीच फाइनल का मुकाबला तय किया था। इससे पहले सिनसिनाटी ओपन में अमेरिका की दो महिला खिलाड़ियों के बीच फाइनल मुकाबला 1970 में खेला गया था जब रोजी कैसल्स ने नैन्सी रिची को हराया था। गॉफ ने 2023 में कैरोलिना मुचोवा को हराकर यहां अपना पहला खिताब जीता था। उन्होंने रविवार को खेले गए फाइनल में पहले सेट में 5-0 की बढ़त हासिल की और फिर 6-2 से जीत दर्ज की। पेगुला ने दूसरे सेट में वापसी करते हुए स्कोर 5-4 तक पहुंचाया, लेकिन गॉफ ने अंत में जीत हासिल कर ली। गॉफ ने छह में से पांच ब्रेक प्वाइंट जीते। फिल्स और टियाफो का मैच पहली बार था जब दो अश्वेत खिलाड़ी एटीपी मास्टर्स 1000 फाइनल में आमने-सामने थे। 22 वर्षीय फिल्स मास्टर्स 1000 का खिताब जीतने वाले तीसरे अश्वेत पुरुष खिलाड़ी हैं। उनसे पहले बेन शेल्टन ने कनाडा में दो बार और जो-विल्फ्रेड सोंगा ने 2008 में पेरिस में और 2014 में कनाडा में मास्टर्स 1000 का खिताब जीता था।

## पूर्वोत्तर क्षेत्र के खिलाफ बड़ी जीत की ओर पूर्व क्षेत्र

एजेंसी

बेंगलुरु। भारतीय टीम से बाहर चल रहे हरफनमौला शाहबाज अहमद ने सोमवार को दलीप ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल के दूसरे दिन 167 रन बनाने के बाद तीन विकेट झटके जिससे पूर्व क्षेत्र ने कमजोर पूर्वोत्तर क्षेत्र को फॉलोऑन के लिए मजबूर कर दिया। पूर्व क्षेत्र ने पहली पारी में 467 रन बनाने के बाद पूर्वोत्तर क्षेत्र को महज 111 रन पर आउट कर दिया। त्रिपुरा के मध्यम गति के गेंदबाज अभिजीत सरकार ने 9.5 ओवर में 20 रन देकर पांच विकेट लिए, जबकि शाहबाज ने 20 रन देकर तीन विकेट चटकाए। फॉलोऑन के बाद पूर्वोत्तर क्षेत्र ने दिन का खेल खत्म होने तक बिना विकेट गंवाए सात रन बना लिए थे। उसे पारी की हार से बचने के लिए अभी 349 रन और बनाने हैं।

मौसम ने अगर खलल नहीं डाला तो पूर्व क्षेत्र के तीसरे दिन के भीतर ही मुकाबला खत्म करने की पूरी संभावना है। रविवार के नाबाद 100 रन के स्कोर से आगे खेलने उतरे शाहबाज ने आक्रामक अंदाज अपनाते हुए 244 गेंदों पर 167 रन के साथ प्रथम श्रेणी का अपना सर्वोच्च स्कोर बनाया। उनकी पारी में 17 चौके और चार गगनचुंबी छक्के शामिल रहे।

## प्रतीती को एकल बढ़त, मयंक शीर्ष पर

एजेंसी



मुंबई। शीर्ष वरीयता प्राप्त महिला फिडे मास्टर (डब्ल्यूएफएम) प्रतीति बोरदोलोई ने सोमवार को यहां सातवें दौर में महिला कैंडिडेट मास्टर (डब्ल्यूसीएम) आद्या गौड़ा पर महत्वपूर्ण जीत हासिल करते हुए एशियाई जूनियर क्लासिकल शतरंज चैंपियनशिप में महिला वर्ग में एकल बढ़त हासिल कर ली।

इस जीत के साथ प्रतीति के कुल सात में से छह अंक हो गए और वह अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वियों से आधा अंक आगे हो गईं। इससे पहले तुर्कमेनिस्तान की महिला चैंपियन शोहराडोवा लैला उनके साथ संयुक्त बढ़त पर थी लेकिन शिवमशिका जी के साथ ड्रॉ खेलने के कारण वह 5.5 अंक के साथ दूसरे स्थान पर खिसक गई। फिडे मास्टर (एफएम) एम प्रिशिता गुप्ता ने डब्ल्यूएफएम निवेदिता वी सी पर जीत हासिल करके खिताब के लिए अपनी दावेदारी मजबूत की। उनके 5.5 अंक हो गए हैं और वह संयुक्त दूसरे स्थान पर पहुंच गई हैं। कजाकिस्तान की डब्ल्यूएफएम मारिया खोल्यावको और डब्ल्यूसीएम दक्षिता कुमावत के बीच मुकाबला ड्रॉ रहा और दोनों के समान पांच अंक हो गए।

ओपन चैंपियनशिप में शीर्ष वरीयता प्राप्त और संभावित ग्रैंडमास्टर मयंक चक्रवर्ती ने सात राउंड पूरे होने के बाद अपनी एकमात्र बढ़त बरकरार रखी। मयंक का मुकाबला इंटरनेशनल मास्टर विग्नेश अद्वैत वेमुला से ड्रॉ पर समाप्त हुआ, लेकिन यह परिणाम उनके लिए सात में से छह अंक हासिल करने और बाकी खिलाड़ियों से आधा अंक आगे रहने के लिए पर्याप्त था। रूस के इंटरनेशनल मास्टर आर्टेम पिंगिन को दक्ष गोयल ने अप्रत्याशित रूप से ड्रॉ पर रोक दिया।

## भारत के खिलाफ श्रृंखला में अफगानिस्तान की अगुआई करेंगे इब्राहिम जादरान

एजेंसी

काबुल। अफगानिस्तान ने भारत के खिलाफ आगामी तीन मैच की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए सोमवार को इब्राहिम जादरान को कप्तान नियुक्त किया। पूर्णकालिक टी20 कप्तान के रूप में यह उनकी पहली श्रृंखला होगी। तीन मैच की यह श्रृंखला 13 से 17 सितंबर तक नयी दिल्ली के फिरोज शाह कोटला मैदान पर खेली जाएगी। यह अफगानिस्तान की घरेलू श्रृंखला है। अनुभवी तेज गेंदबाज नवीन उल हक की भी टीम में वापसी हुई है। वह दाएं कंधे में स्ट्रेस फ्रैक्चर से उबरने के बाद राष्ट्रीय टीम में लौटे हैं। इस चोट के कारण वह वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 श्रृंखला और टी20 विश्व कप 2026 में नहीं खेल पाए थे।

नवीन की वापसी से अफगानिस्तान का तेज गेंदबाजी आक्रमण मजबूत हुआ है जिसमें फजलहक फारूकी, अब्दुल्लाह अहमदजई और ऑलराउंडर अजमतुल्लाह उमरजई भी शामिल हैं। अफगानिस्तान ने मजबूत टीम चुनी है। अनुभवी ऑलराउंडर गुलबदीन नैब की भी वापसी हुई है जिससे मध्यक्रम को मजबूती मिलने के साथ एक और गेंदबाजी विकल्प उपलब्ध होगा।

### हॉकी वर्ल्डकप : भारत ऑस्ट्रेलिया का मैच ड्रॉ

एम्सटेलवीन। भारतीय महिला हॉकी टीम वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में नहीं पहुंच सकी है। उसे ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जीत की जरूरत थी, लेकिन मैच 0-0 से ड्रॉ रहा और ऑस्ट्रेलिया टॉप-4 में पहुंच गई। एम्स्टेलवीन के वैगनर हॉकी स्टेडियम में भारतीय कोच ने आखिरी 5 मिनट के लिए गोलकीपर को भी बाहर बुला लिया था। ताकि, गोल के मौके बनाए जा सके। लेकिन, गोल नहीं आया। भारत लगातार तीसरे मैच में गोल नहीं कर सका है। उसे पिछले मुकाबले में नीदरलैंड ने 0-2 से हराया। जबकि, इंग्लैंड के खिलाफ मुकाबला गोलरहित ड्रॉ रहा था। भारतीय टीम की ओर से पिछला गोल साउथ अफ्रीका के खिलाफ 18 अगस्त के मैच में हुआ था। उस में इंडिया 6-1 से जीत हासिल की थी।

## मुश्ताक और अर्शदीप ने उत्तर क्षेत्र को बढ़त दिलायी

एजेंसी

बेंगलुरु। यश धुल एक बार फिर बल्ले से नाकाम रहे जबकि बाएं हाथ के स्पिनर आबिद मुश्ताक और अनुभवी अर्शदीप सिंह की शानदार गेंदबाजी से उत्तर क्षेत्र ने सोमवार को यहां दलीप ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल के दूसरे दिन पश्चिम क्षेत्र के खिलाफ पहली पारी में 64 रन की महत्वपूर्ण बढ़त हासिल की।

उत्तर क्षेत्र की पहली पारी के 251 रन के जवाब में पश्चिम क्षेत्र ने दिन की शुरुआत दो विकेट पर 31 रन से की थी लेकिन उसके बल्लेबाज अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सके और पूरी टीम 181 रन पर सिमट गई। किफायती गेंदबाजी करने वाले मुश्ताक ने 25.5 ओवर में 39 रन देकर पांच विकेट लिए जबकि अर्शदीप ने 53 रन देकर तीन विकेट चटकाए। शम्स मुलानी ने 94 गेंद में सर्वाधिक 52 रन बनाए। उनके अलावा मुशीर खान (31) ही 30 रन के आंकड़े को पार कर पाए।

हालांकि उत्तर क्षेत्र अपनी बढ़त को मजबूत करने में पूरी तरह सफल नहीं रहा और दिन का खेल खत्म होने तक उसने चार विकेट पर 107 रन बनाए। मुंबई के स्पिन गेंदबाजों शम्स मुलानी और तनुश कोटियान ने दो-दो विकेट लिए। पिच से गेंदबाजों को टर्न मिल रहा है। उत्तर क्षेत्र की कुल बढ़त अब 171 रन की हो गई है और उसकी कोशिश इसे 250 रन तक पहुंचाने की होगी जो बचाव करने के लिए पर्याप्त स्कोर साबित हो सकता है।

### सेरेना व अल्काराज़ यूएस ओपन में क्वालीफायर से भिड़ेंगे

न्यूयॉर्क। सेरेना विलियम्स और कार्लोस अल्काराज़ यूएस ओपन मिश्रित युगल टेनिस चैंपियनशिप में अपने अभियान की शुरुआत क्वालीफायर के खिलाफ करेंगे। सेरेना और अल्काराज़ का मुकाबला आठ टीमों के क्वालीफाइंग टूर्नामेंट से आगे बढ़ने वाली किसी टीम से होगा। सेरेना 2022 के बाद पहली बार यूएस ओपन में वापसी कर रही हैं। उन्हें और अल्काराज को 16 टीमों के टूर्नामेंट में वाइल्ड कार्ड के जरिए प्रवेश मिला है। मिश्रित युगल का पहला राउंड और क्वार्टरफाइनल मंगलवार को होंगे, जबकि सेमीफाइनल और फाइनल बुधवार को खेले जाएंगे। विजेता टीम को 10 लाख डॉलर का पुरस्कार मिलेगा। दो बार की मौजूदा महिला चैंपियन एरिना सबालेंका और 23 बार के ग्रैंड स्लैम एकल चैंपियन नोवाक जोकोविच को शीर्ष वरीयता दी गई है।

## लखनऊ फाल्कन्स की जीत, अंक तालिका में दूसरे स्थान पर

खेल संवाददाता

**लखनऊ।** मोहम्मद सैफ (89 रन) की आक्रामक बल्लेबाजी की बदौलत लखनऊ फाल्कन्स ने यूपी टी-20 लीग सीजन-4 पावर्ड बाई बिमल इलायची और एनसीएस में काशी रुद्रास को डकवर्थ-लुईस-स्टर्न (डीएलएस) पद्धति से 14 रन से पराजित किया। लखनऊ फाल्कन्स इस तरह छह मैचों में तीन जीत के चलते 6 अंकों के साथ अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गया। हालांकि

❍ बारिश से बाधित मैच में काशी रुद्रास को डीएलएस से 14 रन से दी शिकस्त

पिछली विजेता काशी रुद्रास के भी 6 मैचों में तीन जीत के चलते 6 अंक है लेकिन लखनऊ को बेहतर नेट रन रेट का फायदा मिला।

मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार लखनऊ के तूफानी बल्लेबाज मोहम्मद सैफ को दिया गया। भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी इकाना क्रिकेट स्टेडियम में खेले जा रहे इस मैच की औपचारिक शुरूआत उत्तर प्रदेश सरकार के व्यावसायिक शिक्षा,



कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने टॉस कराकर और पारंपरिक ढंग से घंटा बजाने की रस्म के साथ की। इस अवसर पर मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि उत्तर प्रदेश में क्रिकेट प्रतिभाओं को मंच देने और युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा निखारने के अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में यूपी टी20 लीग एक महत्वपूर्ण पहल है। ऐसे आयोजन प्रदेश में खेल संस्कृति को मजबूत करने के साथ-साथ उभरती प्रतिभाओं को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करते हैं। इससे उनके खेल कौशल, आत्मविश्वास एवं

❍ यूपी टी-20 लीग सीजन-4 पावर्ड बाई बिमल इलायची और एनसीएस

प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता में वृद्धि होती है तथा राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ने की संभावनाएं मजबूत होती हैं। यूपी टी-20 लीग गवर्निंग काउंसिल के चेयरमैन डॉ. संजय कपूर ने कहा कि लीग में युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का शानदार तालमेल देखने को मिल रहा है। इससे प्रदेश के उभरते क्रिकेटरों को बड़े मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने का बेहतर अवसर मिल रहा है।



# बीजिंग पहुंचे एनएसए अजित डोभाल

## चीनी समकक्ष और विदेश मंत्री वांग यी के साथ भारत-चीन सीमा मुद्दे पर विशेष प्रतिनिधियों की वार्ता में हिस्सा लेंगे

एजेंसी

बीजिंग। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजित डोभाल सोमवार को दो दिवसीय दौरे पर बीजिंग पहुंचे, जहां वह अपने चीनी समकक्ष और विदेश मंत्री वांग यी के साथ भारत-चीन सीमा मुद्दे पर विशेष प्रतिनिधियों की वार्ता में हिस्सा लेंगे। मंगलवार को होने वाली यह वार्ता इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि 12-13 सितंबर को होने वाले ब्रिक्स सम्मेलन के लिए चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग की भारत की संभावित यात्रा को लेकर अभी अनिश्चितता बनी हुई है। यह वार्ता ऐसे समय हो रही है जब दोनों देशों के बीच सीमा और अरुणाचल प्रदेश को लेकर मतभेद प्रमुख मुद्दे बने हुए हैं। साल 2020 में गलवान घाटी में हुई झड़प और पूर्वी लद्दाख में लंबे समय तक चले सैन्य गतिरोध के बाद नयी दिल्ली और बीजिंग के संबंध काफी तनावपूर्ण हो गए थे। हालांकि, इसके बाद दोनों पक्षों ने संबंधों को स्थिर करने के लिए कदम उठाए हैं। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने सोमवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में विशेष प्रतिनिधियों की वार्ता की घोषणा करते हुए कहा कि डोभाल और वांग सीमा मुद्दे के साथ-साथ द्विपक्षीय, क्षेत्रीय व अंतरराष्ट्रीय संबंधों पर गहन चर्चा करेंगे। लिन ने कहा कि भारत-चीन विशेष प्रतिनिधियों की वार्ता सीमा मुद्दे पर दोनों देशों के बीच बातचीत का मुख्य जरिया है। उन्होंने कहा कि यह दोनों पक्षों के लिए आपसी हित के मुद्दों पर बातचीत का एक महत्वपूर्ण मंच भी है।

उन्होंने कहा कि पिछले साल अगस्त में चीन और भारत ने 24वें दौर की वार्ता सफलतापूर्वक की थी और दोनों पक्षों ने सीमा मुद्दे पर स्पष्ट व गहन विचार-विमर्श किया था तथा कई मुद्दों पर आपसी समझ कायम की थी। उन्होंने कहा कि इस बार 25वें दौर की वार्ता होगी, जिसमें दोनों पक्ष दोनों देशों के नेताओं के बीच बनी साझा समझ के आधार पर सीमा मुद्दे पर गहन बातचीत जारी रखेंगे, ताकि सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति व स्थिरता बनाए रखने के लिए मिलकर काम किया जा सके। लिन ने कहा कि दोनों पक्ष द्विपक्षीय संबंधों तथा अंतरराष्ट्रीय व क्षेत्रीय मुद्दों पर भी विचार-विमर्श करेंगे।

डोभाल और वांग दोनों ही सीमा वार्ता के लिए विशेष प्रतिनिधि हैं। यह व्यवस्था 2003 में भारत-चीन के बीच 3,488 किलोमीटर लंबी सीमा के विवाद को व्यापक रूप से हल करने के लिए बनाई गई थी। हालांकि इस व्यवस्था से सीमा विवाद को हल करने में सफलता नहीं मिली है, लेकिन दोनों देशों के अधिकारी इसे विभिन्न मुद्दों पर बार-बार होने वाले तनाव को दूर करने का एक उपयोगी माध्यम मानते हैं। सोमवार को लिन ने अगले महीने ब्रिक्स सम्मेलन के लिए शी चिनफिंग की बहुप्रतीक्षित नयी दिल्ली यात्रा से जुड़े सवालों का सीधा जवाब नहीं दिया। शी की भारत यात्रा की अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। हालांकि, दोनों देशों के अधिकारी सम्मेलन में चीनी नेता के शामिल होने को लेकर आशावादी हैं। विशेष प्रतिनिधियों की वार्ता में हिस्सा लेने के अलावा डोभाल चीन के उपराष्ट्रपति हान झेंग से भी मुलाकात करेंगे। विदेश मंत्रालय ने एनएसए की यात्रा को लेकर जारी एक बयान में यह जानकारी दी। विदेश मंत्रालय ने कहा चीनी कम्युनिस्ट पार्टी की केंद्रीय समिति के पोलित ब्यूरो के सदस्य और विदेश मंत्री वांग यी के निमंत्रण पर भारत-चीन सीमा मुद्दे पर भारत के विशेष प्रतिनिधि (एसआर) राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल आज दोपहर दो दिवसीय यात्रा पर बीजिंग पहुंचे। विदेश मंत्रालय के बयान में कहा गया है, एनएसए डोभाल और चीन के विशेष प्रतिनिधि विदेश मंत्री वांग 25 अगस्त को भारत-चीन सीमा मुद्दे पर विशेष प्रतिनिधियों की 25वें दौर की वार्ता करेंगे। शी की यात्रा से सम्मेलन से इतर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ मुलाकात का अवसर उपलब्ध हो सकता है, जिसमें दोनों देशों के संबंधों को आगे बढ़ाने की पहल पर चर्चा हो सकती है।

# ईरान ने अमेरिकी प्रतिबंधों का दायरा बढ़ाये जाने की घोषणा से पहले चेतावनी दी

दुबई। ईरान के विदेश मंत्रालय ने कहा है कि अगर अमेरिका ने प्रतिबंधों का दायरा बढ़ाया तो तेहरान करारा जवाब देगा और उन देशों के खिलाफ कार्वाई करेगा, जिन्हें वह अमेरिका के सहयोगियों के तौर पर देखता है। मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बकई ने कहा, इस तनाव को और बढ़ाने के निश्चित रूप से दुष्परिणाम होंगे। हमारे हाथ बंधे हुए नहीं हैं। ईरान की शीर्ष सुरक्षा संस्था के नए प्रमुख ने रविवार को चेतावनी दी कि अगर कोई देश प्रतिबंधों का समर्थन करेगा तो ईरान इसे युद्ध की कार्वाई मानेगा। अमेरिका ने कई सप्ताह से जारी गतिरोध के बाद ईरान के खिलाफ प्रतिबंधों का दायरा बढ़ाने की बात कही है। अमेरिका होर्मुज जलडमरूमध्य पर ईरान का नियंत्रण खत्म नहीं कर पाया है। युद्ध शुरू होने से करीब छह महीने पहले तक दुनिया में 20 प्रतिशत तेल की आपूर्ति इसी मार्ग से होती थी। ईरान की शर्त है कि इस जलडमरूमध्य को फिर से खोलने के लिए अमेरिका अपनी नौसैनिक नाकाबंदी हटाए।







आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी** (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com